


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 14 मई 2024 ■ बैसाख शुक्ल पक्ष-7 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-046 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 15 मई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### सुशील मोदी के निधन पर रमन सिंह ने जताया शोक

**रायपुर,14 मई.** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील मोदी के




निधन पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने शोक जताया है. उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है. पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर किए अपने पोस्ट में कहा कि बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ सदस्य सुशील कुमार मोदी के निधन समाचार से मन को अत्यंत पीड़ा पहुँची है. मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि पुण्यात्मा को शांति और परिवार व समर्थकों को इस कठिन समय में धैर्य संबल प्रदान करें.

### ब्लॉस्ट में दो बच्चों की मौत पर सीएम साय दुखी

**रायपुर,14 मई.** बीजापुर जिले के बड़े बोड़गा गांव के एक खेत में नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी के चपेट में आने से गांव के दो अबोध बच्चों के निधन पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दुःख प्रकट किया. उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा बीजापुर जिले के बड़े बोड़गा गांव के एक खेत में नक्सलियों द्वारा लगाये गए आईईडी की चपेट में आने से गांव के दो मासूम बच्चों के देहावसान की दुःखद सूचना प्राप्त हो रही है.

### सुप्रिया नई नेशनल मीडिया कोऑर्डिनेटर

**रायपुर,14 मई.** राधिका खेड़ा के इस्तीफे और दलबदल के बाद से नेशनल मीडिया कोऑर्डिनेटर का पद खाली था।अब सुप्रिया भारद्वाज को नेशनल मीडिया कोऑर्डिनेटर बनाया गया है.

### सुभाष चंद मंगलेट भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली ,14 मई** । हिमाचल प्रदेश के चौपाल से विधायक रहे एवं पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के हनुमान कहे जाने वाले सुभाष चंद मंगलेट ने भाजपा का दामन थाम लिया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलेट के भाजपा में शामिल होने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। शिमला के कद्दावर नेता मंगलेट 28 वर्ष की आयु में 2003 में पहली बार निर्दलीय विधायक बने थे। वह कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की टीम में भी कई बार काम कर चुके हैं। पिछली कांग्रेस सरकार में वह मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन रह चुके हैं। वह ऑल इंडिया एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष का पदभार भी संभाल चुके हैं।

### उत्तराखंड के मदरसों में गैर-मुस्लिम बच्चों को दी जा रही इस्लामी शिक्षा

**देहरादून** । उत्तराखंड में बच्चों के अधिकारों को लेकर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष ने 14 विभागों के साथ समीक्षा बैठक की। समीक्षा के साथ राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग की टीम ने देहरादून के कई मदरसों का भी औचक निरीक्षण किया, जहां कईअनियमितताएं पाई गईं।

आयोग अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने मीडिया सेंटर में पत्रकारों से वार्ता में कहा कि आयोग ने सभी अनियमितताओं पर साफ कर दिया है कि शिक्षा विभाग और अल्पसंख्यक आयोग की मिलीभगत के कारण उत्तराखंड में 400 से ज्यादा मदरसे अवैध रूप से चल रहे हैं। इन मदरसों पर आयोग की तरफ से कार्रवाई की जाएगी।साथ ही राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग उत्तराखंड के सभी जिलाधिकारियों को दिल्ली तलब करने की तैयारी में है। इसके अलावा, आयोग को देहरादून में कुछ ऐसे मदरसे भी मिले हैं, जहां दूसरे राज्यों से बच्चे लाकर मदरसों में रखे गए। राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग की टीम का दावा है कि औचक निरीक्षण के दौरान उन्हें ऐसे मदरसे भी मिले हैं



# बाबा की नगरी में नमो का तीसरी बार नामांकन

## शाह,राजनाथ,चंद्रबाबू नायडू,चिराग समेत एनडीए के दिग्गज नेता रहे मौजूद

**वाराणसी,14 मई.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश की वाराणसी सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। यह तीसरी बार है जब वह 2014 और 2019 में शानदार जीत हासिल करने के बाद निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। सीट पर मतदान 1 जून को आम चुनाव के अंतिम चरण में होगा। पीएम मोदी के नामांकन दाखिल करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, 10 से अधिक एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ शक्ति प्रदर्शन में मौजूद थे। नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले उन्होंने दशाश्वमेध घाट पर पूजा-अर्चना की।

प्रधानमंत्री काल भैरव के दर्शन करने के बाद नामांकन के लिए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे थे। उनके साथ अमित शाह, राजनाथ सिंह, चिराग पासवान, रामदास अठावले, एकनाथ शिंदे और योगी आदित्यनाथ सहित कई दिग्गज मौजूद रहे। मोदी के नामांकन के 4 प्रस्तावक रहे। इसमें अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्त निकालने वाले पंडित गणेश्वर शास्त्री पहले नंबर पर रहे। इसके अलावा ओबीसी समाज से आने वाले और संघ के पुराने और समर्पित कार्यकर्ता रहे बैजनाथ पटेल, ओबीसी बिरादरी से ही लालचंद कुशवाहा और दलित समाज से आने वाले संजय सोनकर भी रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने सुबह दशाश्वमेध घाट पर पुरोहितों के मंत्रोच्चार के बीच गंगा का पूजन किया और आरती की। यहां से प्रधानमंत्री क्रूज पर सवार होकर नमो घाट पहुंचे। प्रधानमंत्री नमो घाट से सड़क मार्ग से मैदागिन स्थित बाबा कालभैरव मंदिर में पहुंचे और उन्होंने मंदिर में दर्शन किया। उन्होंने एक्स पर लिखा, अपनी काशी से मेरा रिश्ता अद्भुत है, अभिन्न है और अप्रतिम है. बस यही कह सकता हूं कि इसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता! मोदी ने एक्स पर काशी का एक खूबसूरत वीडियो भी साझा किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री मोदी के वीडियो के साथ 'एक्स' पर पोस्ट किया, नमामि गंगे तव पाद पंकजम्। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद प्रधानमंत्री रुद्राक्ष कन्वेन्शन सेंटर में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। इससे पहले मोदी ने सोमवार को काशी विश्वनाथ मंदिर में विधि विधान से दर्शन पूजन किया। वह शाम को करीब छह किलोमीटर का रोड शो पूरा करने के बाद श्री काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे। वाराणसी में लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के तहत एक जून को मतदान होगा।

# आईएमए पर भड़का सुप्रीम कोर्ट

## माफी मांगने पर बाबा रामदेव व बालकृष्ण की सराहना

**नई दिल्ली,14 मई.**सुप्रीम कोर्ट ने कंपनी द्वारा बनाई गई दवाओं के भ्रामक विज्ञापनों से संबंधित एक मामले में पतंजलि आयुर्वेद के प्रमोटर योग गुरु रामदेव और प्रबंध निदेशक (एमडी) बालकृष्ण के खिलाफ फैसला सुरक्षित रख लिया। अदालत ने उन्हें उन दवाओं के विज्ञापनों को वापस लेने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में हलफनामा दायर करने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया। इसके साथ ही कोर्ट की तरफ से उन्हें फिलहाल व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट दी गई है।



सुप्रीम कोर्ट ने मामले में कोर्ट के आदेश पर प्रेस को इंटरव्यू देने के लिए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के अध्यक्ष डॉ. अशोकन को फटकार भी लगाई। अदालत ने कहा कि डॉ. अशोकन की हरकतें पतंजलि की तरह हैं और उन्होंने एसोसिएशन के 3.5 लाख डॉक्टरों के लिए स्थापित उदाहरण पर चिंता व्यक्त की। इससे पहले, पतंजलि के वकीलों ने अदालत को सूचित किया कि कंपनी ने अपने उत्पादों के बारे में झूठे दावे करने वाले विज्ञापनों पर अखबारों में 322 बार माफी मांगी है। अदालत ने प्रबंधन के रवैये में उल्लेखनीय सुधार को स्वीकार किया और रामदेव और बालकृष्ण के नाम वाली माफी की सराहना की। पिछली सुनवाई में अदालत ने कंपनी के विज्ञापनों की तुलना में सार्वजनिक माफी के आकार पर सवाल उठाया था और जानबूझकर अवज्ञा का हवाला देते हुए उनकी माफी को स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। अदालत ने 2018 से हरिद्वार के सभी जिला आयुर्वेदिक और यूनानी अधिकारियों को उनके द्वारा की गई कार्रवाई प्रस्तुत करने का आदेश दिया।

# वकीलों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत

## अब उपभोक्ता अदालत नहीं जा पाएंगे क्लाइंट

**नई दिल्ली,14 मई.** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बड़ा फैसला सुनाते हुए कहा कि वकीलों की खराब सेवा के लिए उपभोक्ता अदालत में केस नहीं चलाया जा सकता है। वकील उपभोक्ता संरक्षण कानून के दायरे में नहीं आते हैं। जस्टिस बेला एम त्रवेदी और जस्टिस पंकज मित्तल की बेंच ने कहा कि फीस देकर कोई भी काम करवाने को कंज्यूमर प्रोटेक्शन ऐक्ट की सेवा के दायरे में नहीं रखा जा सकता। अदालत ने कहा कि वकील जो भी सेवा देते हैं वह अपने आप में अलग तरह की है। ऐसे में इस कानून से उन्हें बाहर रखा जाना चाहिए। बेंच ने कहा कि लीगल प्रोफेशन की तुलना बाकी किसी काम के साथ नहीं की जा सकती। किसी वकील और क्लाइंट के बीच सामंजस्य एक तरह की निजी अनुबंधित सेवा होती है। ऐसे में अगर कोई कमी होती है तो वकील को उपभोक्ता अदालत में नहीं खींचा जा सकता है। हालांकि अगर वकील गड़बड़ करते हैं तो उनके खिलाफ समान्य अदालतों में मुकदमा चलाया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने 2007 के कंज्यूमर कमीशन का फैसला रद्द कर दिया। इस फैसले में कहा गया था कि उपभोक्ता के अधिकारों का ध्यान रखते हुए अगर वकील ठीक से सेवा नहीं देते तो उन्हें उपभोक्ता अदालत में लाया जा सकता है।

# कांग्रेस सरकार ने नक्सलवाद को पाला-पोसा : साव

**रायपुर,14मई**

बीजापुर जिले में नक्सली हमले पर कांग्रेस के जांच कमेटी गठन को लेकर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि इसी कांग्रेस पार्टी ने सर्जिकल स्ट्राइक पर प्रश्न चिन्ह लगाया था. बस्तर में सुरक्षा बल शांति बहाल करने का काम कर रही है. बस्तर को विकास की और ले जा रहे हैं, तब भी सवाल उठाना दुर्भाग्यजनक है. उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मीडिया से चर्चा में कहा कि 5 साल कांग्रेस की सरकार ने बस्तर की जनता के साथ अन्याय किया. नक्सलवाद को पाला-पोसा. हमारे जवान पूरी बहादुरी के साथ नक्सलवाद से लड़ रहे हैं. कांग्रेस पार्टी को जो करना है करे, बस्तर की जनता सब देख रही है. बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी के निधन पर अरुण साव ने श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए कहा कि सुशील मोदी भाजपा के आधार स्तंभ रहे हैं. पूरा जीवन बिहार व देश की जनता के लिए लगाया है. उनका निधन भाजपा के लिए अपूर्णीय क्षति है. इस तरीके से राजनीतिक पुरोधा का जाना हुआ है. मैं उनको श्रद्धांजलि



अर्पित करता हूं.

बीजेपी टारगेट किलिंग का आरोप लगती है, लेकिन कांग्रेसी नेता की हत्या पर चुप्पी साध लेती है. इस सवाल पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस नेता की हत्या पर बीजेपी चुप्पी नहीं साधे है. घटना की कड़ाई और गंभीरता से जांच होगी. जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव की प्रणाली से जुड़े पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि शासन स्तर पर अभी इस विषय में चर्चा नहीं की गई है. लोकसभा चुनाव के बाद निकाय चुनाव पर चर्चा होगी. सभी एंगल पर विचार होगा, उसके आधार पर निर्णय लेंगे. भाजपा नगरीय निकाय चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है.

महतारी वंदन योजना के तर्ज पर ओडिशा में सुभद्रा योजना लाए जाने पर डिप्टी सीएम साव ने कहा कि पिछले 10 सालों में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के अलावा अनेक योजनाओं के माध्यम से मोदी जी ने महिलाओं को सशक्त बनाने का काम किया है. इससे माता-बहनों में जागृति आई है. सशक्त बनकर न ही सिर्फ़ परिवार बल्कि देश में योगदान के लिए आगे बढ़ रही हैं. ओडिशा में छत्तीसगढ़ के महतारी वंदन योजना की चर्चा है. बीजेपी ओडिशा की जनता के लिए सुभद्रा योजना लेकर आई है,

# एनडीए ने कहा-जीत हमारी ही होगी

**लखनऊ,14 मई.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव के लिए वाराणसी से अपना नामांकन दाखिल किया। प्रधानमंत्री के नामांकन पत्र पर हस्ताक्षर करते समय कई केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के नेता मौजूद थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, एलजेपी-रामविलास प्रमुख चिराग पासवान, जन सेना पार्टी प्रमुख पवन कल्याण, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रमुख इस अवसर पर उपेन्द्र कुशवाहा भी उपस्थित थे।



सभी नेताओं ने जीत का दम भरा है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि एनडीए 400 से ज्यादा सीटें जीतेगी और बिहार में भी हम सभी 40 सीटें जीतेंगे। महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि आज एक ऐतिहासिक दिन है। पीएम मोदी ने आज अपना नामांकन दाखिल किया। लोग पीएम मोदी को वोट देने के लिए उत्साहित हैं। 2014, 2019 के सारे रिकॉर्ड इस बार टूटेंगे और पीएम तीसरी बार पीएम बनेंगे...महाराष्ट्र में हमारा मिशन (45 सीटें जीतने का) सफल होगा। जन सेना पार्टी प्रमुख पवन कल्याण ने कहा कि मैं एनडीए भागीदार बनने के लिए भाग्यशाली रहा हूं। मैं व्यक्तिगत रूप से मोदी जी की पूजा और सम्मान करता हूं... आंध्र प्रदेश में एनडीए का सूपड़ा साफहो गया है। एलजेपी-रामविलास प्रमुख चिराग पासवान ने कहा कि हमारी ताकत हमारी एकता है. आज पीएम मोदी के नामांकन प्रक्रिया में पूरा एनडीए शामिल हुआ. यह एकता हमें 400 से अधिक सीटें जीतने के अपने लक्ष्य को हासिल करने में मदद करेगी।' केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं। हम लोकतंत्र की जननी भी हैं। हमारा तीसरा कार्यकाल 4 जून को शुरू होगा। आने वाले 2-3 वर्षों में हमारी अर्थव्यवस्था तीसरे नंबर पर होगी। एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि राहुल गांधी या विपक्षी नेता कुछ भी कहें, लेकिन जिस खुशी से लोग वोट कर रहे हैं, वह पीएम मोदी और एनडीए की जीत का प्रतीक है। हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा नेता जीतन राम मांझी ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नामांकन के शुभ अवसर पर यहां आये हैं।

# दिल्ली के अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली,14 मई.** राजधानी दिल्ली के अस्पतालों दूसरी बार मेल के जरिये बम से उड़ाने की धमकी मिली है. पहली बार मेल रविवार को दोपहर 3 बजकर चार मिनट पर मिली थी. दूसरी बार मेल सोमवार देर रात 12 बजकर 19 मिनट पर मिली है. दिल्ली में जीटीबी अस्पताल, दीप चंद बंधु अस्पताल, हेडगेवार अस्पताल दादा देव अस्पताल और अन्य सहित कई अस्पतालों को बम की धमकी वाला ईमेल मिला है. दिल्ली दमकल विभाग ने बताया कि तलाशी अभियान जारी है. 12 अप्रैल को भी 3 बड़े अस्पतालों को धमकी भरे ईमेल भेजे गए थे. ईमेल की भाषा बेहद नफरती थी. उसी दिन दिल्ली एयरपोर्ट को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी. ऐसे में इस घटना के ठीक एक दिन बाद एक और अस्पताल को उड़ाने की धमकी दी गई है. जानकारी के मुताबिक, दीप चंद बन्धु अस्पताल के पास ईमेल आया है. धमकी भरे ईमेल के बारे में जानकारी मिलते ही दिल्ली पुलिस ऐक्शन मोड में है. सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है. दरअसल, 12 अप्रैल को अस्पतालों को उड़ाने की धमकी के बाद पुलिस को जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला था. तब भी ईमेल के जरिए ही धमकी भेजे गए थे. बुराड़ी के सरकारी अस्पताल, मंगोलपुरी के संजय गांधी अस्पताल और डाबरी के दादा देव अस्पताल के पास ईमेल आए थे.

# पेयजल समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**राजनादगांव,14 मई.** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के गांव मोतीपुर में ग्रामीणों को भीषण गर्मी में पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस परेशानी के चलते मोतीपुर निवासियों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि यदि दो दिनों में पेयजल समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो ग्रामीण 15 मई को कुमर्दा मुख्य सड़क पर चक्काजाम करेंगें। बता दें, ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन के माध्यम से कलेक्टर को बताया कि, पिछले कुछ महीनो से उनके गांव में लोगों को पेयजल नहीं मिल पा रहा है। यहां नलजल योजना ठप पड़ी हुई है। गांव में दो बोर और एक हैंडपंप है, लेकिन उससे पानी नहीं आ रहा है। स्कूल के एक हैंडपंप से गुजारा चल रहा है।ग्राम मोतीपुर के निवासी दिलीप निर्मलकर और शत्रुघ्न निर्मलकर ने कहा- बीते 22 अप्रैल को भी इस समस्या को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया था, जिसके बाद पीएचई विभाग के लोग आए लेकिन समस्या का हल नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि गांव में दो बोर और एक हैंडपंप है जिसमें से दोनों बोर के मोटर पंप खराब हो चुके हैं। वहीं एक हैंड पंप से पानी नहीं आ रहा है। जिसके चलते लोगों को पेयजल



के लिए समस्या हो रही है। अब एक बार फिर ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर, भीषण गर्मी का हवाला देते हुए कलेक्टर को दो दिवस के भीतर गांव में पेयजल सुचारू रूप से उपलब्ध कराने की मांग की है। वहीं समस्या का समाधान नहीं होने पर अपने ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने कुमर्दा मुख्य सड़क पर 15 मई को चक्का जाम करने की चेतावनी भी दी है।

# पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी के निधन पर अश्विनी चौबे हुए भावुक

**पटना ,14 मई।** बीजेपी के वरिष्ठ नेता अश्विनी चौबे ने बिहार के पूर्व उप-मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए अपना भावुक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया है।

वीडियो में अश्विनी चौबे यह कहते हुए सुने और देखे जा सकते हैं कि वो (दिवंगत सुशील कुमार मोदी) एक अध्ययनशील व्यक्ति थे। वो हमेशा ही पुस्तकें पढ़ा करते थे। उन्हें अध्ययन करना बहुत अच्छा लगता था। उन्होंने कहा, सुशील जी मेरे मित्र ही नहीं, बल्कि मेरे भाई के समान थे। मैंने आज अपने एक ऐसे भाई को खोया है, जिसकी शब्दों में व्याख्या नहीं की जा सकती। सुशील मोदी जी मुझे हर विषम परिस्थितियों में सलाह देते थे। मैं कभी सोच भी नहीं सकता था कि मुझे ऐसा दिन देखना पड़ेगा। सुशील मोदी जी में विनम्रता कूट-कूट कर भरी थी। अगर कभी गुस्सा भी करते, तो कहते कि मुझे लगता है कि मैंने उस आदमी को डांट दिया। वो कहते थे कि मैंने उनकी आदत ठीक करने के लिए उन्हें डांटा है। उन्होंने आगे कहा, उनके मन में पार्टी के लिए एक समर्पण भाव था। आप कह सकते हैं कि वो एक तरह से कंप्यूटर थे।

मुझे अच्छे से याद है कि जब एक दफा उन्होंने कंप्यूटर संस्थान शुरू किया था, तो उन्होंने उन सभी तकनीकी विधियों को सीखा भी था। उन्हें सब कुछ अच्छे से याद हो चुका था। कंप्यूटर का एक-एक डाटा उन्हें याद रहता था।



## कंगना रणौत ने दाखिल किया नामांकन

**मंडी,14 मई.** कंगना रणौत ने हिमाचल प्रदेश के मंडी संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने अपने नामांकन से पहले एक रोड शो भी किया, जिसमें भाजपा के नेता जयराम ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल और अन्य भाजपा नेता भी शामिल रहे। नामांकन के बाद, कंगना ने एक ऐतिहासिक सेरी मंच पर जनसभा को संबोधित किया, जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह भी विशेष रूप से मौजूद रहे। इस रैली में मंडी संसदीय क्षेत्र के भाजपा विधायक भी शामिल हैं।


### सड़क हादसे का शिकार हुए 7 लोग, एक की मौत

**जांजगीर,14 मई.** आमगांव से सुखदा जा रहे कार सवार सात दोस्त दुर्घटना के शिकार हो गए। घटना में कार में सवार सभी लोग घायल हो गए। घायलों में से एक युवक गंभीर चोट आई। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी कार ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जैजैपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मलनी निवासी रामप्रसाद चंद्रा और उसके दोस्त नवादाऊ केंवट, प्रेमकुमार चन्द्रा, अरुण कुमार चन्द्रा, कार्तिकराम चन्द्रा सहित सात लोग कार क्रमांक सीजी 10 के 6080 में बैठकर ग्राम आमगांव से सुखदा जा रहे थे। कार को मनोज कुमार चन्द्रा चला रहा था। रास्ते में कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इससे रामप्रसाद चंद्रा के सिर और दोनों पैर में चोट आई।

# मेरी तस्वीर, आवाज और 'भिडू' का इस्तेमाल बिना इजाजत ना करें

## जैकी श्रॉफ ने दायर की हाईकोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली,14 मई.**बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता जैकी श्रॉफ का एक डायलॉग काफी मशहूर है। वो डायलॉग है 'भिडू'। जैकी श्रॉफ अक्सर इस शब्द का इस्तेमाल करते हैं। कई बार सार्वजनिक जगहों पर भी इस शब्द का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन अब जैकी श्रॉफ इसके खिलाफ अदालत पहुंच गए हैं। अभिनेता ने दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। जैकी श्रॉफ ने अपनी याचिका में अदालत से गुहार लगाई है कि उनके निजी और पब्लिसिटी अधिकारों की रक्षा की जाए। याचिका में कहा गया है कि अदालत इस बात का निर्देश दे कि बिना उनकी इजाजत उनके नाम, तस्वीर, आवाज और उनके चर्चित शब्द 'भिडू' का इस्तेमाल ना किया जाए। जैकी श्रॉफ ने अपनी याचिका में गुहार लगाई है कि अदालत इस बात का निर्देश दे कि सोशल मीडिया चैनल, आर्टिफिशियल इंजेलिजेंस एप समेत अन्य प्लेटफॉर्म उनकी इजाजत के बिना उनके



नाम, आवाज, तस्वीर और उनसे जुड़ी अन्य चीजों का इस्तेमाल ना करें। अदालत में जस्टिस संजीव नरूला ने इस याचिका पर सुनवाई की है और इसके साथ ही उन्होंने बचाव पक्ष को नोटिस भी जारी किया है। इसी के साथ अदालत ने यह भी कहा कि पूरे मामले में 15 मई को सुनवाई की जाएगी। अदालत में जैकी श्रॉफ की तरफ से मौजूद एडवोकेट प्रवीण आनंद ने अदालत से कहा कि कुछ मामलों में अप्रिय मीम्स में उनकी तस्वीर या आवाज का इस्तेमाल किया जा रहा है। अदालत को बताया गया कि कुछ मामलों में जैकी श्रॉफ के पात्र का इस्तेमाल पोर्नोग्राफी में भी किया जा रहा है। अपनी याचिका में जैकी श्रॉफ ने अदालत से गुहार लगाई है कि उनके नाम जैकी श्रॉफ के अलावा उन्हें जैकी, जग्गू दादा और भिडू भी कहा जाता है। लिहाजा इन सभी नामों का इस्तेमाल बिना उनकी इजाजत के किसी भी प्लेटफॉर्म पर ना किया जाए।

एक नजर

## मतगणना के लिए अति. सहायक रिटर्निंग अफसरों की नियुक्ति का संशोधित आदेश जारी

**भिलाई, 14 मई।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतगणना कार्य के सुचारू संपादन हेतु अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी (मतगणना) तथा अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी पोस्टल बैलेट/इटीपीबी नियुक्त किये है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त संशोधित आदेशानुसार विधानसभा क्षेत्र 62 पाटन के लिए अभियंता पीडब्लूडी (इ एण्ड एम) रमन लाल गायकवाड़ के स्थान पर क्रीडा अधिकारी शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्व. महाविद्यालय दुर्ग लक्ष्मेन्द्र कुमार कुलदीप अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। विधानसभा 66 वैशालीनगर के लिए कार्यपालन अभियंता अधीक्षण अभियंता कार्यालय शिवनाथ मंडल दुर्ग ए.के. हजारी के स्थान पर कार्यपालन अभियंता अधीक्षण अभियंता कार्यालय शिवनाथ मंडल हेमलाल कुरेतिया अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। रिजर्व के लिए कार्यपालन अभियंता नगर निगम भिलाई श्री अखिलेश चन्द्राकर तथा सहायक मिट्टी परीक्षण अधिकारी पुष्पा राजेन्द्रन अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार पोस्टल बैलेट/इटीपीबी मतगणना कार्य में रिजर्व हेतु उप अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दुर्ग श्री प्रतीक मसीह तथा सहायक अभियंता छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल संभाग दुर्ग श्री पुष्पराज राठौर अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग आफिसर बनाये गये है। उक्त अधिकारियों को 16 मई 2024 को बीआईटी दुर्ग में आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा गया है।

## बीएसपी कर्मी के घर चोरी

**भिलाई, 14 मई।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र किराए के मकान में रहने वाले बीएसपी कर्मी के घर से अज्ञात ने तीन लैपटॉप और मोबाइल समेत हजार रुपए का इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 380,457 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है जामुल पुलिस ने बताया कि आम्रपाली, डी ब्लाक निवासी दिवाशीष महंती (31 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह आम्रपाली में अपने स्टॉफ श्रुति शेखर महोता, अनुराग राय, सुबोध यादव, राजेश्वर राव एवं तुषार के साथ किराए पर रहा है बीती रात करीब 2 बजे तक अपने कमरे में बैठ कर काम कर रहा था। उसके बाद सो गया। कमरे में तीन लैपटॉप के अलावा मोबाइल, ब्लूटूथ, 2 पैनड्राइव, एक हजार रुपए कैश रखा था सुबह करीब 6 बजे उठ कर देखा तो सभी सामान घर में नहीं था ऊपर जाकर देखा तो बालकनी का सिटकनी खुली थी कोई अज्ञात व्यक्ति ने बालकनी से घर अंदर प्रवेश कर लैपटॉप और मोबाइल समेत अन्य सामान चोरी कर ले गया।

## नानी,पोती हत्या, सुराग मिला

**भिलाई, 14 मई।** भिलाई पुलगांव थाना क्षेत्र में हुए नानी और पोती के हत्याकांड को लेकर पुलिस के पास अहम सुराग हाथ नहीं लग पाया है। एसीसीयू की टीम भी आरोपियों तक नहीं पहुंच पा रही है घटना को दो माह से अधिक समय बीत गया लेकिन पुलिस के पास कोई खास जानकारी नहीं मिल पाई है। हत्या करने वाले अब भी फरार है पुलिस ने आरोपियों के बारे में कुछ हासिल नहीं कर पाई है घटना के दौरान फोरेसिंक की टीम भी मौके पर पहुंची थी यहां भी पुलिस को सफलता हाथ नहीं लग पाई है।





## कांग्रेस सतर्कता टीम स्ट्रांग रूम की कर रही सतत निगरानी

**भिलाई, 14 मई।** लोकसभा चुनाव मतदान संपन्न होने के बाद श्री शंकराचार्य कॉलेज स्ट्रांग रूम पर मॉनिटरिंग हेतू शहर जिला कांग्रेस द्वारा स्ट्रांग रूम की निगरानी किया जा रहा है। स्ट्रांग रूम पर लगे सीसीटीवी फुटेज की लगातार निगरानी की जा रही है। विदित है लोकसभा के चुनाव 7 चरणों में सम्पन्न होने है और तीसरे चरण के चुनाव सम्पन्न हो गया है और अन्तिम चरण 1 जून को सम्पन्न होगा इस बीच कोई भी गड़बड़ी से बचने के लिए कांग्रेस ने अपनी निगरानी टीम स्टॉन्ग रूम के पास कर दी है।

## आत्मानन्द अंग्रेजी स्कूल में कक्षा 1 में प्रवेश के लिए लॉटरी प्रक्रिया 15 मई को

**दुर्ग, 14 मार्च।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दीपक नगर दुर्ग में शिक्षा सत्र 2024-25 हेतु विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु लॉटरी की प्रक्रिया शासन के नियमानुसार समय सीमा में पूर्ण किया गया है।विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती शेफाली सोनी ने बताया कि कक्षावार एडमिशन हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 10 अप्रैल से 10 मई 2024 तक निर्धारित किया गया था।विद्यालय में कक्षा पहली के 50 सीटों के लिए 246 आवेदन फॉर्म आ चुके हैं। जिसमें प्रवेश के लिए 15 मई 2024 को प्रातः 10 बजे से विद्यालय के कक्ष क्रमांक 4 में लॉटरी की प्रक्रिया पूर्ण किया जाना निर्धारित है।सेजेस में प्रवेश हेतु लॉटरी की प्रक्रिया को पारदर्शिता पूर्वक संपन्न करने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वाले आवेदको, पालकों एवं सहयोगी शिक्षकों की उपस्थिति में लॉटरी की प्रक्रिया पूर्ण किया जाएगा।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए परीक्षा 18 मई को

**धमतरी 14 मई ।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षा सत्र 2024-25 में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए आगामी 18 मई को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि जिले में 3 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें सर्वोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मेनानाईट हिन्दी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और सेंट मेरी इंग्लिश स्कूल धमतरी शामिल है। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थी विभागीय वेबसाईट https://eklavya.cg.nic.in/Admit-card-Login में जाकर आवेदन क्रमांक एवं पिता का मोबाईल नंबर प्रविष्ट कर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

# सीबीएसई बोर्ड में बीएसपी स्कूलों के 94 प्रतिशत छात्रों को मिली सफलता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता


**भिलाई, 14 मई ।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 13 मई 2024 को ऑल इंडिया सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट एक्ज़ाम 2023-24 बारहवीं तथा दसवीं कक्षा का परिणाम घोषित किया है। कक्षा बारहवीं की परीक्षा में, सीबीएसई से संबद्ध 02 बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूलों से 561 छात्र शामिल हुए थे। इस परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों में कुल 94.12 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-10 से 12 तथा सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-07 से 02 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। सत्र 2023-24 के लिए स्कूलवार परिणाम इस प्रकार हैं:- अंग्रेजी माध्यम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-07 से 240 छात्र परीक्षा में शामिल हुए, जिनका परिणाम 91.25 प्रतिशत रहा। अंग्रेजी माध्यम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-10 से 321 छात्र परीक्षा में शामिल हुए जिनका परिणाम 96.26 प्रतिशत रहा। परीक्षा में सीबीएसई से संबद्ध 02 बीएसपी स्कूलों से 561 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें से 340 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। बीएसपी स्कूलों के बारहवीं कक्षा के 14 छात्रों ने 90 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। इन छात्रों की सूची इस प्रकार है एसएसएस-10 से अक्षत द्विवेदी, अक्षत मिश्रा, जी यशस्वी, आदिया जॉर्ज, पीयूष वर्मा, देबंजन मजूमदार, सुमित कुमार सिंह, साहिल देवांगन, रोहित कुमार, श्रेया मधु, भावना बारले तथा सौरभ सिन्हा। एसएसएस-7 से अन्नू यादव तथा सृष्टि अहीर ने 90 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 13 मई 2024 को ऑल इंडिया सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट एक्ज़ाम 2023-24 (कक्षा-दसवीं) का परिणाम घोषित किया है। इस परीक्षा में दो सीबीएसई संबद्ध बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूलों से 536 विद्यार्थी शामिल हुए थे। इस परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों में कुल 93.66 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-10 से 12 विद्यार्थियों तथा सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-07 से 01 छात्र ने 90 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। अंग्रेजी माध्यम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-07 से 219 छात्र परीक्षा में शामिल हुए, जिनका परिणाम 85.39 प्रतिशत रहा। अंग्रेजी माध्यम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-10 से 317 छात्र परीक्षा में शामिल हुए जिनका परिणाम 99.37 प्रतिशत रहा। परीक्षा में सीबीएसई से संबद्ध 02 बीएसपी स्कूलों से 536 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें से 231 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। बीएसपी स्कूलों के दसवी कक्षा में 13 छात्रों ने 90 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के नाम इस प्रकार हैं एसएसएस-10 से वर्निका यादव, एस ज्योत्सना, आयुष कुमार यादव, शुभम चौधरी, अनामिका कुमारी, डैनिका मरियम जैकब, अरहम कोठारी, सत्यम कुम्भकार, वेदिका राव, भाविक शर्मा, हर्ष कुमार ठाकुर तथा सजल कुमार हिरवानी। एसएसएस-7 से नील भोंसले ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये।

### मेरा सपना सीए बनना :सम्यक जैन



**साजा, 14 मई।** संजय जैन और ज्योति जैन के सुपुत्र सम्यक जैन ने क्लास दसवीं में 83 प्रतिशत पाकर उत्तीर्ण हुए । सम्यक जैन ने बताया की सीए बनना उनका सपना है ।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 15 मई से 4 जून तक



**भिलाई, 14 मई।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन मे खेल एवं युवा कल्याण विभाग के माध्यम से 15 मई से 4 जून तक 21 दिवसीय खेल प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। जिसमे ग्रामीण व शहर से सब जूनियर, जूनियर वर्ग के बालक एवं बालिकाएं भाग ले सकते है। प्रशिक्षण के लिए विभाग के माध्यम से निःशुल्क खेल सामग्री उपलब्ध कराई जायेगी। शिविर प्रतिदिन प्रातः 5.30 बजे से 7.30 बजे तक विभिन्न प्रशिक्षण स्थलों मे प्रशिक्षण का आयोजन किया जायेगा। मौसम को देखते हुए बच्चों की सुविधा अनुसार प्रशिक्षण का समय निर्धारित किया गया है। जिले मे विभिन्न खेल एवं मैदानों मे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जायेगा। सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग से मिली जानकारी अनुसार हॉस्पिटल सेक्टर भिलाई, हुडको मे बी.एन.सोनी तथा बजरंग पारा कोहका में परिवेश ठाकुर, पी.टी.आई. अनुराग तारम तथा पाहन्दा मे योगेश ठाकुर के द्वारा व्हालीबॉल का प्रशिक्षण दिया जायेगा। समृद्धि बाजार के पास दुर्ग में अंसारी अली तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कुरूद में अल्ताफ, पीटीआई के माध्यम से हॉकी का प्रशिक्षण दिया जायेगा। नेशनल स्कूल मैदान दुर्ग में दिलीप इंग्ले, लाडली/खिलाडी के प्रशिक्षक दीपक निर्मलकर तथा राजेन्द्र कुमार साहू , शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पुरई के मोती लाल साहू पीटीआई, उमेश निर्मलकर तथा सनत साहू व मिनी स्टेडियम पुरई मे भुनेश्वर साहू व गजेन्द्र साहू, झीट पाटन में भूपेश तथा पाहंदा पाटन मे सुश्री दिव्यानी यादव के माध्यम से खो-खो का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसी प्रकार शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मर्रा पाटन में संतोष यादव पीटीआई तथा बैगापारा स्टेडियम दुर्ग व जोन क्रमांक 2 सेक्टर 11 खुर्सीपार भिलाई में रामदास यादव तथा श्रीमती छाया प्रकाश राव और कॉलेज मैदान सिरना भाटा धमधा मे शिव कुमार रजक, दुष्यंत महोविया के माध्यम से कबड्डी, एथलेटिक्स व व्हॉलीबॉल का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसी प्रकार रविशंकर स्टेडियम, साइंस कॉलेज व सेक्टर 9 में मुकेश श्रीवास्तव, विजय भारत विष्ट तथा रमेश के माध्यम से फुटबॉल का प्रशिक्षण दिया जायेगा। महात्मा गांधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला की श्रीमती आरती शुक्ला व ललित साहू के द्वारा वेटलिफ्टिंग तथा कुश्ती का प्रशिक्षण दिया जायेगा। एन सी आर टी स्कूल सेक्टर 6 भिलाई मे जावेद खा तथा कसरीडी प्राथमिक शाला दुर्ग में श्रीमती नीलिमा सोनी के माध्यम से क्रमशः नेटबॉल तथा कुड़ों का प्रशिक्षण दिया जायेगा।इच्छुक खिलार्डी संबंधित प्रशिक्षण मैदान उपस्थित होकर पंजीयन करा सकते है।

# पुलिस ने 35 लाख के 170 मोबाइल लोगों को लौटाए



**भिलाई, 14 मई।** भिलाई जब भी हमारी कोई अहम चीज खो जाती है तो बड़ी तकलीफ होती है। खासकर अगर मोबाइल हो, ऐसे में अगर कोई आपको खोया हुआ मोबाइल वापस दिला दे तो खुशी का ठिकाना नहीं रहता पुलिस ने 170 खोए हुए मोबाइल लौटाए इन मोबाइल की कीमत 35 लाख के करीब है खोए हुए मोबाइल फोन दोबारा से मिलने पर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे।मोबाइल मिलने पर लोगों ने दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला का आभार प्रकट किया दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि विगत वर्ष 2023 2024 से मोबाइल गुमने की शिकायतें आवेदकों के द्वारा की गई थी इन कीमती मोबाइलो की खोजबीन के लिए एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट टीम को निर्देशित किया गया था एसीसीयू के अथक प्रयासों से 170 लोगों को उनके खोए हुए मोबाइल आज प्राप्त हुए। एसीसीयू के द्वारा सराहनीय कार्य कर 35 लाख रुपए के कीमती मोबाइल बरामद किए गए हैं शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि आज मोबाइल केवल बातचीत का माध्यम नहीं रह गया है बहुत से लोग अपने जरूरत के महत्वपूर्ण कागजात, रिकार्ड, फोटो-वीडियो आदि अपने मोबाइल पर स्टोर कर रखते हैं मोबाइल गुम या चोरी हो जाने पर वे परेशान होते हैं इसलिए इनके खोए मोबाइल को खोजकर आज उन्हें लौटाया गया

### एसीसीयू टीम ने किया अथक प्रयास

शहर एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की ऋचा मिश्रा व क्राइम डीएसपी हेमप्रकाश नायक व उनकी टीम ने सबिर्लास के माध्यम से हुई तलाश के दौरान ये फोन दुर्ग- भिलाई, राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा एवं रायपुर क्षेत्रों से बरामद किए गए है दुर्ग पुलिस के सोशल एकाउंट (फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्वीटर) पर बरामद मोबाइल के आईएमईआई नंबरों की लिस्ट अपलोड की जाएगी। जिससे मिलान कर संबंधित मोबाइल स्वामी एंटी क्राइम एंड यूनिट कार्यालय सेक्टर-3 से अपना मोबाइल प्राप्त कर सकते हैं

ये हमारे लिए सप्राइज जैसा है, उम्मीद छोड़ दी थी सेक्टर-10 निवासी पूर्व पार्षद उपासना साहू ने बताया कि मेरे बेटे ने मोबाइल खरीद कर दिया था रिसाली में 17 जनवरी 2014 को मोबाइल गुम गया था ।मुझे उम्मीद नहीं थी कि मोबाइल मिल जाएगा दुर्ग निवासी टेकनदास फुलवानी ने बताया कि 10 माह पहले दुर्ग से मोबाइल गुम गया था आज दोबारा मोबाइल पाकर चेहरे में खुशी लौट आई है। एक बार दोबारा पुलिस ने जनता के बीच अपने विश्वास को मजबूत कर दिखाया है

# डांस विवाद में युवक को मारा चाकू



भिलाई, 14 मई। बीती रात्रि बारात में डांस करने को लेकर ऐसा विवाद हुआ कि एक युवक ने दूसरे युवक के पेट में चाकू से मार दिया। दो बार चाकू मारने से युवक लहूलुहान हालत में गिर गया। पेट दबाकर युवक को पहले शास्त्री अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल से उसे रायपुर रेफर किया। परिजनों ने रायपुर ले जाने के बजाय दुर्ग के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। इस मामले में जामुल पुलिस ने शिकायत मिलने पर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के संबंध में जामुल पुलिस ने बताया कि मौर्या किराना स्टोर्स के पास रहने वाला पप्पू साव रविवार रात को सतनाम भवन घासीदास नगर में एक शादी कार्यक्रम में सम्मिलित होने गया। पप्पू के साथ उसका भाई सोनू साव, हीरा साव भी थे। समारोह में घासीदास नगर में रहने वाले पोटटा और सचिन भी आये हुए थे। रात लगभग 09.30 बजे मोहल्ले के डीजे बज रहा था जिसमें नाचने की बात को लेकर बाराती और घराती पक्ष के मध्य वाद विवाद हो रहा था। इस दौरान पोटटा और सचिन पप्पू साव के भाई सोनू साव को नाचने से मना करने लगा। वह नहीं माना तो इसी बात को लेकर पोटटा और सचिन ने उसे अश्लील गालियां देते हुए, जान से मारने की धमकी दी। इस बीच विवाद इतना बढ़ गया कि पोटटा ने अपनी जेब से चाकू निकाल कर सोनू साव के पेट में घुसा दिया। सोनू वहीं लहू लुहान होकर गिर गया। इससे सोनू साव के पेट से खून निकलने लगा। जिसे वह दबाकर रखा हुआ था। जिसे उपचार के लिए शासकीय अस्पताल दुर्ग लेकर पहुंचे। यहां रेफर करवा कर गंगोत्री अस्पताल दुर्ग में भर्ती किये हैं जहां सोनू साव का उपचार हो रहा है।

# डीएम ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**भिलाई, 14 मई।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने सोमवार को श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय जुनवानी में स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। लोकसभा निवार्चन 2024 मतदान पश्चात ईव्हीएम/वीवीपैट मशीनों को सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से स्ट्रांग रूम में रखा गया है। कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम के विधानसभा वार कक्षों का अवलोकन कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने परिसर में लगे एलईडी टीवी स्क्रीन में प्रदर्शित दृष्यों का भी अवलोकन किया। जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री चौधरी ने परिसर के बाहरी व्यवस्था के संबंध में नोडल अधिकारी श्री ध्रुव को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विधानसभा वार ए.आर.ओ. नियमित निरीक्षण करेंगे और वस्तु स्थिति से जिला निर्वाचन अधिकारी को अवगत कराएंगे। कलेक्टर ने परिसर में स्ट्रांग रूम के निगरीनी के लिए तैनात राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से व्यवस्था आदि के संबंध में चर्चा भी की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बी.के.दुबे, अपर कलेक्टर श्रीमती योगिता देवांगन, भिलाई नगर निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव, दुर्ग नगर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, एसडीएम दुर्ग मुकेश रावटे, संयुक्त कलेक्टर एच.एस.मीरी, डिप्टी कलेक्टर लवकेश ध्रुव एवं उत्तम ध्रुव सहित लोक निर्माण, पीएचई विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



# युवक की हत्या मामले में 5 गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 14 मई।** भिलाई दुर्ग सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत देर रात ग्राम-मोहलाई पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई घटना के बाद गांव के लोगों ने युवक को लहू लुहान हालत में दुर्ग जिला अस्पताल पहुंचाया, वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने रातभर में पांचों आरोपियों पकड़ लिया पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 302, 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि ग्राम-मोहलाई निवासी ओम प्रकाश उर्फ निखिल पटेल (22 वर्ष) दोस्त की शादी समारोह में शामिल होने गया था। वहां पर पांच नाबालिग भी पहुंचे थे। दोनों के बीच पुरानी रंजिश थी तो आरोपियों ने शराब के नशे में ओम प्रकाश को पुराना झगड़ा खत्म करने के मुद्दे पर किनारे बुलाया। रात 12.15 बजे ओम प्रकाश और पांचो आरोपी शादी स्थल से 100 मीटर की दूर स्थित चौक पर पहुंचे। वहां उनके बीच बात होने लगी जब ओम प्रकाश नहीं माना तो उनके बीच विवाद बढ़ गया इससे पहले की ओम प्रकाश अपने गांव के लोगों और दोस्तों को बुलाता इससे पहले एक नाबालिग लड़के ने चाकू निकाला और उसके गले में भोंक दिया चाकू लगने के बाद ओम प्रकाश लहूलुहान हो गया। यह देख पांच आरोपी वहां से भाग गए ओम प्रकाश गले को दबाए हुए 100 मीटर तक दौड़ा और शादी स्थल के बाहर ही गिर गया। इससे वहां हड़कंप मच गया। उसके दोस्तों ने गाड़ी की और उसे जिला अस्पताल दुर्ग पहुंचा। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दुर्ग सीएसपी चिराग जैन खुद रात में आए। इसके बाद एसीसीयू की टीम को बुलाया गया सिटी कोतवाली, पुलगांव, अंजोरा पुलिस को अलर्ट किया गया पता चला कि सभी पंचशील नगर में छिपे है पुलिस ने घेराबंदी कर लखन ढीमर व हत्या में शामिल सभी आरोपियों को पकड़ लिया पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 2 नग बटन चाकू, मोबाइल व घटना के समय पहने हुए कपड़े बरामद की है दुर्ग सीएसपी चिराग जैन ने बताया कि पकड़े गए एक नाबालिग से पूछताछ करने पर बताया कि ग्राम-मोहलाई में एक लड़की से प्रेम संबंध था इसके चलते वह बार-बार ग्राम-मोहलाई आता था मृतक ओमप्रकाश पटेलउर्फ निखिल ने उक्त नाबालिग को समझाया था कि उनके गांव में मत आना इसके चलते दो सप्ताह पूर्व उन लोगों के मध्य विवाद हुआ था इसी विवाद के चलते पूरी प्लानिंग कर ओमप्रकाश की हत्या की है





# सीईओ जिला पंचायत ने बैठक में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की

**धमतरी 14 मई ।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर आज सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत निर्माण कार्य किये जा रहे है। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि इन सभी कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। इसके साथ ही इन कार्यों को तय समय सीमा में पूर्ण करावें। सीईओ सुश्री श्रीवास्तव ने कहा कि गर्मी के मौसम के चलते जिन गांवों के भू-जल स्तर में गिरावट आ रही है, उन गांवों में पेयजल की उपलब्धता हेतु विकल्प तलाश। इसके साथ ही ऐसे गांवों की सूची विकासखंड वार तैयार कर प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने जिले में पेयजल संबंधी समस्या के निराकरण हेतु स्थापित कंट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों की भी जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन समस्याओं का शीघ्र निराकरण करें। उन्होंने गावों में पेयजल की बेहतर व्यवस्था हेतु खराब हेण्डपम्पों की मरम्मत और कुंओं की आवश्यक साफ-सफाई करने कहा।बैठक के दौरान सीईओ ने वृक्षारोपण के लिए विभागों द्वारा प्रस्तुत किये गये मांग की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन विभागों में वृक्षारोपण हेतु मांग पत्र प्रस्तुत नहीं किया है वे शीघ्र ही मांग पत्र प्रस्तुत कर दें। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि, भवनों आदि को ध्यान में रखते हुए स्थल का चयन करें। साथ ही वृक्षारोपण हेतु पौधों की सिंचाई, सुरक्षा आदि का भी ध्यान रखें। बैठक में जल संरक्षण हेतु विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों की भी जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकारी भवनों, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केन्द्र सहित निर्मित किये जा रहे आवासों में भी रैन वाटर हार्वेस्टिंग बनाये जाने के निर्देश दिये। बैठक जल संसाधन, लोक निर्माण, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, आदिवासी विकास विभाग, खाद्य, खनिज, महिला एवं बाल विकास, पंचायत और ग्रामीण विकास, कृषि, उद्यानिकी, स्वास्थ्य, विद्युत, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना सहित विभिन्न विभागों के समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जी.आर.मरकाम, संयुक्त कलेक्टर श्री रामकुमार कृपाल, श्री विनय पोयाम सहित जिला स्तरीय अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## एक नजर

### अवैध मदिरा परिवहन करने वाले के विरुद्ध की गई कार्रवाई



**राजनांदगांव 14 मई।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा विक्रेताओं एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी श्री यदुनंदन राठौर ने बताया कि जिले में अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान के तहत ग्राम धोबाटोला से टिपानगढ़ रोड में ग्राम चोरहा बंजारी थाना गेंदाटोला निवासी कमलेश चन्द्रवंशी के कब्जे से 9 बल्क लीटर देशी मदिरा संतरा अवैध रूप से दो पहिया वाहन स्कूटी हीरो डेस्टिनी बिना नंबर प्लेट पर परिवहन करते हुए जप्त किया गया। आरोपी को धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत दण्डनीय अजमांनतीय अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया है। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक श्रीमती नेहा सिंह एवं हमराह स्टाफ श्री निजाम शाह ठाकुर, श्री नागेश निषाद, श्री अनिल सिन्हा शामिल थे। कलेक्टर ने सभी वृत्त प्रभारियों को वृत्त क्षेत्र में लगातार गश्त करने तथा अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। सहायक आयुक्त आबकारी ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा विक्रेताओं एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

### कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्रों का किया निरीक्षण



**राजनांदगांव 14 मई।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने वजन त्यौहार के पहले दिन आज राजनांदगांव शहर के शंकरपुर वार्ड, कन्हारपुरी वार्ड के आंगनबाड़ी केन्द्र तथा ग्राम सुंदरा के आंगनबड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में बच्चों के पोषण स्तर में सुधार और उसके आंकलन के लिए आज 13 मई से आगामी 22 मई 2024 तक सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 6 वर्ष तक आयु के सभी बच्चों का वजन लिया जाएगा और उनके वास्तविक वजन आंकलन तथा पोषण स्तर का आंकलन किया जाएगा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने स्वयं बच्चों का वजन और ऊंचाई ली। उन्होंने बच्चों के पोषण स्तर की नियमित निगरानी करने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी बच्चे का वजन अचानक कम होता है तो उस पर विशेष ध्यान दें। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए गरम भोजन प्रदाय की भी स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों के सभी बच्चों की पोषण स्थिति का अवलोकन करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से बच्चों की स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों में समय-समय पर पालको का काउंसलिंग करें और घर में भी बच्चों के पोषण का विशेष ध्यान देने कहा। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरूप्रीत कौर, परियोजना अधिकारी रीना ठाकुर, श्री प्रीत राम खुटेल, पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानीन उपस्थित थी।

### डॉ प्रकाश अनंत राष्ट्रीय महासचिव के पद पर नियुक्त किए गए

**डोंगरगांव 14 मई।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के पाली नगर पंचायत में निवासरत डॉ प्रकाश अनंत को भारतीय जनता पार्टी के समर्थक संगठन राष्ट्रीय



एकता मंच रजिस्ट्रेशन नंबर 283/2023,दह्ल्ड्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक आदरणीय अनवार मुहम्मद फारुकी द्वारा राष्ट्रीय महासचिव के पद पर नियुक्त किया गया है।डॉ प्रकाश अनंत पिछले 23 वर्षों से लगातार सामाजिक कार्यों में अपना उल्लेखनीय योगदान प्रदान कर रहे हैं। डॉ अनंत ने पिछले कुछ विशेष जन समुदाय को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा दी जाने वाली योजनाओं की जानकारी देने एवं दी जाने वालों सुविधाओं को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने में अति विशिष्ट भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं।। वर्तमान में डॉ अनंत भारतीय जनता मजदूर संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष के पद पर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। जिसमें उनके द्वारा छत्तीसगढ़ के कुल 33 जिलों में महिला एवं पुरूष जिला अध्यक्षों तथा प्रदेश, जिला एवं मंडल कार्यकारिणी का गठन कर रहे हैं।। जहां उन्होंने मजदूरों पर होने वाले अत्याचार, शोषण एवं ज्यादती के खिलाफ लगातार बढ़ते क्रम में सहयोग करने वाली बैनर को पूरे छत्तीसगढ़ में बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।। छोटे से छोटे ग्राम स्तर पर भी मजदूरों पर होने वाली घटनाओं से राहत का एक बड़ा नाम डॉ प्रकाश अनंत के काम से भारतीय जनता मजदूर संघ अपनी सक्रियता बड़ा रहा है। डॉ प्रकाश अनंत ने अपने वक्तव्य में बताया कि वर्तमान में मिली जिम्मेदारी का मतलब ही भारत के निवासियों को हरेक मनुष्य को संघ अथवा मंच से जोड़ना ही मेरा परम् कर्तव्य है।। पिछले 2 वर्षों से राजस्थान प्रभारी के पद पर नियुक्ति होने से भारत के विभिन्न प्रांतों में लाखों लोग संपर्क में है, जिन्हें राष्ट्रीय एकता मंच के माध्यम से जोड़ा जाएगा। एवं दिन, दुखी एवं कमजोर लोगों की मदद के लिए हमारा मंच पुरजोर कोशिश करेगा, साथ ही उन्होंने विश्वास दिलाया है कि जिस देश के प्रतिनिधि महामानव नरेंद्र मोदी जी हैं।

# मन ही हमारे बंधन,पतन,विकास और मुक्ति का कारण है: मुनि सुधाकर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 14 मई।**युग प्रधान गुरुदेव आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनि श्री सुधाकर जी ने आज यहां कहा कि एक आदमी पाप करता हुआ भी पाप नहीं करता और एक आदमी पुण्य करता हुआ भी पाप कर जाता है। इसका सबसे बड़ा कारण है मन। पुण्य काटने का सबसे बड़ा स्त्रोत है आपका कर्म और आपका विचार। हम अपने मन को प्रशिक्षित कर लें तो हम सभी बंधनों से मुक्त हो जाएंगे, पाप कर्मों से मुक्त हो जाएंगे और मुक्ति पा लेंगे।

मुनि श्री सुधाकर जी ने तेरापंथ भवन में अपने नियमित प्रवचन के दौरान कहा कि मन ही हमारे बंधन,पतन,विकास और मुक्ति का कारण है। हम जैसा सोचते हैं, वैसे हमारे कर्म बंधन होते जाते हैं। उन्होंने कहा कि जो कर्म बंधन के कारण है वह कर्म काटने के साधन बन सकते हैं । उन्होंने कहा कि सुंदरता यदि प्राप्त करनी है तो ऐसी सुंदरता प्राप्त करो जो एक बार आने के बाद फिर ना जाए। जीवन में चाहे कैसी भी परिस्थिति आए, हिम्मत नहीं हारना चाहिए।समय कैसा भी हो वह निकल ही जाता है।

मुनिश्री ने कहा कि विद्युत से भी ज्यादा तेज गति से चलता है हमारा मन। मन को साधने के लिए अभ्यास की जरूरत होती है। इसके लिए हमें आवश्यक है अपने स्वांस की गति को



संतुलित करने का। आप देखेंगे कि आपका मन में आवेग आता है और कुछ देर बाद वह चले भी जाता है। जब आवेग आता है तो आप पाएंगे कि आप नाक के दाहिने तरफ के छेद से तेज गति से स्वांस ले रहे हैं किंतु जब आवेग ठंडा हो जाता है तो आप पाएंगे कि आपके नाक के बाएं तरफ की छेद से स्वांस लेने का क्रम शुरू हो गया है। जब आवेग आता है तो सूर्य स्वांस होता है और जब आवेग ठंडा हो जाता है तो चंद्र स्वांस होता है। हमारे शरीर में जितनी भी बीमारियां हैं उसका कारण है स्वांस का संतुलित नहीं होना। संपूर्ण शक्ति को अपने शरीर में निहित करने के लिए स्वांस का संतुलित करना आवश्यक है।

मुनि श्री सुधाकर जी ने कहा कि जब भी आप गहरी स्वांस लेते हैं तो स्वांस लेते समय आप संकल्प करो कि मैं स्वस्थ हूं और जब छोड़ो तो संकल्प करो कि मेरी बीमारी दूर हो। स्वांस लेते समय सकारात्मक के भाव हो और स्वांस छोड़ते समय नकारात्मक भाव को साथ छोड़ दो। स्वांस दुनिया की सबसे बड़ी साधना है, सबसे बड़ी शक्ति है। स्वांस की गति जब बिगड़ी तो शरीर बिगड़ जाता है। बच्चों की नाड़ियां शुद्ध होती है और वह तिथियों के हिसाब से चलती है। इसलिए वह इतनी संतुलित होती है, जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, वैसे-वैसे इच्छाओं और लालसाओं के कारण नाड़ियां असंतुलित होती जाती है। मन को संतुलित करना है तो सबसे पहले है जरूरी है अभ्यास। यह अभ्यास अनुलोम विलोम के द्वारा या साधना के द्वारा स्वांस को संतुलित कर किया जा सकता है।स्वांस के अलावा हमारा संपूर्ण साथी कोई नहीं है। हम 24 घंटे में कितने घंटे इस साथी की ओर देखते हैं!

मुनि श्री ने कहा कि मन को साधने का दूसरा रास्ता है वैराग्य का। वैराग्य में चार भावनाएं होती है-पहली भावना है अनित्य भावना, दूसरी भावना है अशरण भावना, तीसरी भावना है संसार भावना और चौथी भावना है एकत्व भावना। मन में यह बसा लो कि मैं अकेला आया हूं और अकेला ही जाऊंगा।

# शांति और सद्भाव के साथ मनेगा सालाना उर्स



- कार्यक्रम मेला स्थल, पार्किंग, संदल रूट, वनवे रूट के संबंध में ली गई बैठक
- आपसी भाईचारा, साम्प्रदायिक सौहार्द व शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जायेगा सालाना उर्स

**राजनांदगांव 14 मई।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा द्वारा पुलिस कन्ट्रोल रूम स्थित जनसंवाद कक्ष में हजरत बाबा सैय्यद जलालुद्दीन शाह रहमतुल्लाह अलैह दरगाह जलालबाग पार्रीनाला में 47 वां उर्स पाक 15 मई 2024 से 18 मई 2024 तक शांतिपूर्वक मनाये जाने के संबंध में बुलाया गया था बैठक। बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक, तहसीलदार श्री मनीष वर्मा की उपस्थिति में मुस्लिम समाज/उर्स कमेटी के प्रतिनिधीगण उपस्थित हुए। हजरत बाबा सैय्यद जलालुद्दीन शाह रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स 04 दिन तक बड़ी शानो शौकत से मनाया जायेगा उर्स के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन के लिये विस्तार से चर्चा कर सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था हेतु कार्यक्रम मेला स्थल, पार्किंग स्थल, वनवे रूट एवं संदल रूट व्यवस्था के साथ कई निर्णय लिये गये। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा ने कहा की सालाना उर्स मुबारक आपसी भाईचारा, साम्प्रदायिक सौहार्द व शांतिपूर्ण आयोजन हो तथा इस कार्यक्रम को बेहतर बनाने के लिये पुलिस प्रशासन पूरी जिम्मेदारी का निर्वहन करेगी। उक्त बैठक में हाजी मंसूर अंसारी (सदर पार्रीनाला), अफताब अहमद, मो. इरफान शेख, तहीम बड़गुजर, मिर्जा हबीब बेग (लीगल कमेटी), मोहम्मद फारूख, मु वसीम झाडुदिया, ए.आर.खान, मो. इब्राहिम (मुन्ना), शकीब रिजवी एवं मुस्लिम समाज के गणमान्यगण उपस्थित थे।

# उच्चा अधिकारियों की फटकार के बाद वन परिक्षेत्र अधिकारी बागनदी ने माना हुई है चूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया 14 मई।** वनविभाग के दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारियों द्वारा काम से निकाले जाने पर लिखित शिकायत दर्ज कराने के बावजूद गैदाटोला सर्किल में फारेस्ट गार्ड हरेंद्र ठाकुर द्वारा शासन के आदेश एवं दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ के निवेदन को दरकिनार करते हुए मनमानी पूर्वक शंकर नामक व्यक्ति को अवैध तरीके से काम पर रखा है। वहीं बागनदी सर्किल में शासकीय कर्मचारी राजेन्द्र यादव एवं सुश्री गीता सुखदेवे द्वारा अपने अपने रिश्तेदारों को कार्य पर रखकर शासन के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए कार्य पर रखकर कार्य पर रखा गया है। जिसकी लिखित शिकायत छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ द्वारा वन परिक्षेत्र अधिकारी बागनदी श्री चंद्रशेखर भंडारी जी दो महीने पहले दिया गया था। जिसके बाद भी वन परिक्षेत्र अधिकारी बागनदी द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होने से कार्य से वंचित किए गए दैनिक वेतन भोगियों ने रविवार को बैठक आयोजित कर वन परिक्षेत्र कार्यलय बागनदी का घेराव करने का निर्णय सर्व सम्मति से पारित कर सोमवार को तिथि तय किया गया था। जिसका समाचार मिडिया में प्रकाशित होने पर वनविभाग एवं पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों ने मोर्चा संभाला और वन परिक्षेत्र अधिकारी बागनदी को कड़ी फटकार लगाई और कोई अप्रीय घटना ना हो इसकी रोकथाम के लिए सुबह से ही भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। खुद बागनदी थाना प्रभारी श्री धुर्वे जी पुरे दल-बल के मौके पर पहुंचकर हर गतिविधि पर नजर डाले रहे। इधर वनमंडलाधिकारी राजनांदगांव,उप वन मंडल अधिकारी राजनांदगांव द्वारा मामले को गंभीरता से लिया और वन परिक्षेत्र अधिकारी बागनदी को कड़ी फटकार लगाई। जिस पर वन परिक्षेत्र अधिकारी बागनदी श्री चंद्रशेखर भंडारी जी ने चूक मानते हुए। सभी अवैध तरीके से रखे हुए अधिकारी कर्मचारीयों के रिश्तेदारों को शिकायत के आधार पर काम से बाहर करने का लिखित आश्वासन छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ को दिया। तब जाकर कार्यलय घेराव का आयोजन का समाधान किया गया इसके लिए छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ ने पुलिस प्रशासन एवं वनविभाग के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यलय घेराव करने वालों में मुख्य रूप से संभाग उपाध्यक्ष दुर्ग हारुन मानिकपुरी, जिला उपाध्यक्ष जनक चौधरी, परिक्षेत्र अध्यक्ष एवन पडोटी, सचिव परिक्षेत्र बागनदी विनोद कुमार साहू, आलोक कुमार, रेवाराम सिंहा,उमन, परदेश, रमेश, डोमन, रवी कुमार, नकुल, प्यारेलाल, राजेश, पूरन, मूलसिंह, केवल, कैलाश, तीजू आदि उपस्थित थे।

### एयरटेल और गूगल क्लाउड ने क्लाउड सॉल्यूशन प्रदान करने के लिए दीर्घकालिक सहयोग करार किया

**रायपुर 14 मई।** भारती एयरटेल और गूगल क्लाउड ने आज भारतीय कारोबारियों को क्लाउड सॉल्यूशन प्रदान करने के लिए दीर्घकालिक सहयोग करार किया है। इस करार के तहत एयरटेल के ग्राहकों के लिए फास्ट-ट्रैक क्लाउड अपनाने और आधुनिकीकरण के लिए गूगल क्लाउड के अत्याधुनिक क्लाउड सॉल्यूशंस का एक सूट पेश किया जाएगा। इसके अलावा, एयरटेल अपने ग्राहकों को क्लाउड मैनेज्ड सेवाओं का एक सेट प्रदान कर सकेगा। एयरटेल के ग्राहकों में 2,000 से ज्यादा बड़े उद्यम और दस लाख उभरते व्यवसायी शामिल हैं। इस करार के तहत दोनों कंपनियां बड़े और विकासित होते भारतीय पब्लिक क्लाउड सर्विस बाजार को टारगेट कर रही हैं। आई डी सी के मुताबित 2027 तक इस बाजार का आकार 17.8 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। दोनों कंपनियां इंडस्ट्री लीडिंग ए आई/यम एल सॉल्यूशंस डेवलप करने के लिए कनेक्टिविटी और ए आई टेक?नोलॉजी की अपनी विशेज्ञता का इस्तेमाल करेंगी।

## समाचार संक्षेप

### 12वीं के टॉपर ओगेश साहू का कायस्था कम्युनिटी ने किया सम्मान



**राजनांदगांव 14 मई ।** 12वीं की वार्षिक परीक्षा में प्रवीण सूची में स्थान बनाएं ओगेश साहू पिता नरेंद्र साहू निवासी भाटा गांव का कायस्था कम्युनिटी द्वारा सम्मान किया गया। कम्युनिटी के रमेश श्रीवास्तव, राजू श्रीवास्तव, मधुबाला श्रीवास्तव, प्रतिमा श्रीवास्तव, दिवाकर श्रीवास्तव और अभिषेक श्रीवास्तव ने उन्हें संयुक्त रूप से भगवान चित्रगुप्त की तस्वीर एवं कलम प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर समस्त कायस्थ जनों ने श्री साहू का मुंह मीठा कराकर उज्जवल भविष्य की कामना की। इस सम्मान समारोह के दौरान मेधावी विद्यार्थी श्री साहू के साथ उनके परिजन भी उपस्थित थे।

### महाभिषेक, महाआरती के साथ मनाएंगे भगवान श्रीचित्रगुप्त का प्राकट्योत्सव

**राजनांदगांव 14 मई।** कायस्थ समाज के आराध्यदेव भगवान श्रीचित्रगुप्त महाराज का प्राकट्योत्सव 14 मई को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। कायस्थ समाज के सचिव राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की गंगा सप्तमी तिथि पर कायस्थ कुल के आराध्य देव धर्मराज श्रीचित्रगुप्त भगवान का अवतरण हुआ था। इस वर्ष भी तिथि अनुसार 14 मई को जमातपारा स्थित भगवान श्रीचित्रगुप्त मंदिर परिसर में कायस्थ समाज के द्वारा प्राकट्योत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर पूरे दिन विविध आयोजन होंगे। इसके अंतर्गत सर्वप्रथम पंडितों के द्वारा सुबह आठ बजे भगवान श्रीचित्रगुप्त का महाभिषेक, अनुष्ठान तथा हवन, आरती कराई जाएगी। इसके बाद दोपहर 12.30 बजे से सुंदरकांड का पाठ, कायस्थ महिला मंडल के द्वारा भजन कीर्तन किया जाएगा। दोपहर तीन से छह बजे तक श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का प्रवचन होगा। इसके बाद संध्याकाल में महाआरती होगी, जिसके बाद सभी चित्रांशजनों सहित उपस्थित श्रद्धालुओं को महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। कायस्थ समाज के अध्यक्ष ओमप्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में कायस्थ महिला विंग, युवा चित्रांश विंग के द्वारा कार्यक्रम की पूरी तैयारियां कर ली गई है। विशेष दिन के लिए श्रीचित्रगुप्त भगवान व सभी स्थापित प्रतिमाओं का नया श्रृंगार कर आकर्षक पोषाक धारण कराया गया है। मंदिर को आकर्षक रंगीन लाइटों से सजाया गया है। अध्यक्ष ओमप्रकाश श्रीवास्तव सहित सभी पदाधिकारियों ने समस्त चित्रांशजनों सहित शहर के सभी लोगों को अधिक से अधिक संख्या में भगवान के प्राकट्योत्सव पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### नगर निगम एवं यातायात विभाग ने नो पार्किंग एवं अतिक्रमण पर कार्रवाई की



**राजनांदगांव 14 मई।** 13 मई को पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात निरीक्षक श्री अजय खेस, श्री नवरतन कश्यप, सउनि श्री येनलाल चन्द्राकर, कुंजलाल साहू, कमल किशोर श्रीवास्तव, थानेश्वर प्रसाद बांधव एवं नगर निगम के सब इंजीनियर श्री अनुप पांडे, श्री डागेश्वर एवं दिलीप गोस्वामी की उपस्थिति में शहर के जय स्तंभ चौक, जूनी हटरी, गुड़ाखू लाईन, आजाद चौक, भारत माता चौक, कामठी लाइन, सिनेमा लाईन, मानव मंदिर, फौव्वारा चौक में रोड पर अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वाले व्यवसायी पर कार्यवाही कर रोड पर रखे फ्लैक्स को हटाने एवं जप्ती की कार्यवाही की गयी। साथ ही शहर के भीतर अव्यवस्थित नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर यातायात विभाग द्वारा चालानी कार्यवाही किया गया। यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगा। शहर के सभी व्यवसायी से अपील है कि रोड के बाहर सामान न लगाये एवं सभी वाहन चालक अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही पार्किंग करें। यातायात व्यवस्था बनाये रखने यातायात नियमों का पालन करे एवं असुविधा से बचे।

# राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 14 मई।** 38वीं छत्तीसगढ़ बटालियन राष्ट्रीय कैडेट कोर इकाई राजनांदगांव के तत्वाधान में जेएलएम गायत्री विद्यापीठ राजनांदगांव में दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। कैम्प कमांडेट लेफ्टिनेंट कर्नल श्री विवेक कुमार के मार्गदर्शन में शिविर में राजनांदगांव, मानपुर-मोहला-चौकी एवं कवर्धा जिलों के 7 महाविद्यालय एवं 9 विद्यालय से कैडेटों ने शिविर के अंतिम दिन आयोजित विभिन्न खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ी एवं देश की संस्कृति की झलक अपनी प्रस्तुति के माध्यम से दिखाई। पीजी कॉलेज कवर्धा की छात्राओं ने देशभक्ति गीत में नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया एवं पहले पायदान पर रहीं। वहीं कमला देवी राठी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव की छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी गीत बारहमासी द्वारा छत्तीसगढ़ की भुंईया को नमन किया एवं दूसरे पायदान पर रहीं।



तीसरे स्थान पर पंडित शिवकुमार शास्त्री कृष्ण महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सुरगी राजनांदगांव के छात्रों ने देशभक्ति गाने पर प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरी। इसके साथ ही दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव, डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर पीजी कॉलेज डोंगरगांव, संत कबीर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कवर्धा, स्वामी आत्मानंद स्कूल सुकुलदैहान, स्वामी आत्मानंद स्कूल डोंगरगढ़, सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम विद्यालय राजनांदगांव, स्वामी आत्मानंद स्कूल मोहला, होली किंगडम स्कूल कवर्धा सहित अन्य विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

कैम्प कमांडेट लेफ्टिनेंट कर्नल श्री विवेक कुमार ने शिविर में शामिल सभी छात्र-छात्रओं को संबोधित किया और विजेता प्रतिभागियों को मेडल एवं कैम्प प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पूर्व एनसीसी कैडेट पीजी कॉलेज कवर्धा के श्री अरूण कुमार मरकाम एवं दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव की विद्या साहू को आरडीसी परेड में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सूबेदार मेजर श्री सतवर्ग सिंह सेना मेडल, सेकंड ऑफिसर श्री चंद्रभान साहू, कैम्प एडजुटेंट लेफ्टिनेंट श्री डिकेश्वर निषाद, श्री लेख प्रसाद उर्वसा, श्री भानु प्रताप ठाकुर, श्रीमती युगेश्वरी साहू, श्री भूपेन्द्र जोगी, पायल दिल्लीवार, श्री छत्रपाल साहू , कुमारी मेनका यादव, एनसीसी अधिकारी एवं समस्त पीआई स्टाफ 38 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी राजनांदगांव उपस्थित रहे।

# आयुक्त ने लिया शहर के आंतरिक क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का जायजा

- सागर पारा एसएलआरएम सेन्टर में समय पर हाजिरी नहीं भरने पर सेन्टर प्रभारी को नोटिस
- हाजिरी में अनियमितता पर वार्ड नं. 39 के सफाई ठेकेदार को नोटिस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 14 मई।** निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता अधिकारियो के साथ वार्डो में मूलभूत सुविधा सफाई पानी का प्रतिदिन निरीक्षण कर चल रहे निर्माण कार्यो का जायजा ले रहे है। इसी कडी में आज सुबह उनके द्वारा शहर के आंतरिक क्षेत्र वार्ड नं. 39 व 40 में साफ सफाई व्यवस्था देख एक ओर जहॉ सागर पारा एसएलआरएम सेन्टर में समय पर हाजरी नही भरने पर वही दूसरी ओर वार्ड नं. 39 में सफाई मे लापरवाही बरत हाजरी में अनियमितता पर नराजगी व्यक्त करते हुये संबंधितों को नोटिस जारी करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल को दिये।

सबसे पहले आज आयुक्त श्री गुप्ता सागर पारा एसएलआरएम सेन्टर पहॅुच कचरा पृथककरण की जानकारी लिये, कचरे का ढेर देख प्रतिदिन पृथक पृथक करने सुखा कचरा का बंडल बनाने के निर्देश सेन्टर प्रभारी को दिये। उन्होने हाजरी रजिस्टर की जॉच किये, जॉच उपरांत समय पर हाजरी भरना नहीं पाया गया, न ही लाल पेन से अनुपस्थिति लगाना पाया गया, जिसपर नराजगी व्यक्त करते हुये सेन्टर प्रभारी को नोटिस जारी कर कार्यवाही करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी श्री अग्रवाल को दिये।

आयुक्त श्री गुप्ता शहर के आंतरिक क्षेत्र सागर पारा, बासपाई पारा, चौखडिया पारा, हीरामोती लाईन, पठानपारा में साफ सफाई का निरीक्षण किये। उन्होंने सडक के साथ साथ गलियों में भी नियमित रूप से झाडू लगाकर कचरा उठाने के निर्देश दिये, इंदिरा नगर रोड नंदई चौक में कचरा डालने पर उसे प्रतिदिन उठाकर सफाई करने के निर्देश दिये। नंदई नाला में नालियों का पानी आने के कारण झिल्ली पन्नी, कचरा फसने पर चौखडिया पारा वैष्णव देवी मंदिर के पीछे नाला में जाली लगाने उप अभियंता श्री तिलक राज ध्रुव से कहा, जिससे झिल्ली पन्नी व कचरा रूक जाये और उसे असानी से निकाला जा सके। वार्ड नं. 39 में सफाई में लापरवाही देख हाजरी रजिस्टर की जॉच करने पर हाजरी में अनियमितता पायी गयी, जिसपर नराजगी व्यक्त करते हुये संबंधित सफाई ठेकेदार को नोटिस जारी कर कार्यवाही करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिये। आयुक्त श्री गुप्ता द्वारा निर्माण कार्य निरीक्षण की कडी में गंज पारा स्कूल में आहता निर्माण कार्य का जायजा लेकर कार्य की स्वीकृति की जानकारी लिये, उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में तेजी लावे और विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये स्कूल खुलने के पूर्व कार्य पूर्ण करावे। उन्होंने दोनो वार्डो में स्वीकृत सीमेंट कांक्रिटिंग रोड व नाली निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा नही करने पर सम्पर्क कर कार्य जल्द कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण में वरिष्ट स्वच्छता निरीक्षक श्री राजेश मिश्रा, जिला समन्वयक एसबीएम श्री देवेश साहू, प्र.पटवारी श्री मिलिन्द रेड्डी उपस्थित थे।

संपादकीय

# नेतृत्व के लिए जोर-आजमाइश तो होगी ही

देश के विपक्ष में जब सारे नेता अपने को बड़ा नेता समझते हैं, राष्ट्रीय नेता समझते हैं तो चुनाव के पहले हो या चुनाव के बाद हो नेतृत्व के लिए तो जोर आजमाईश होती ही है। इस बार चुनाव के पहले विपक्ष में नेतृत्व के लिए जोर आजमाइश का एक दौर पूरा हो चुका है। हमेशा की तरह विपक्ष ने एकजुट होकर भाजपा को हराने के लिए इंडी गठबंधन तो बना लिया लेकिन चुनाव के पहले उसका संयोजक या पीएम चेहरा पर कोई फैसला न हो सका। कुल मिलाकर चार बैठके हुईं लेकिन किसी बैठक में कोई बड़ा फैसला न हो सका। चार बार विपक्ष के नेताओं ने हाथ ऊपर कर फोटो जरूर खिंचाई। अंत में कांग्रेस व लालू प्रसाद की नीतीश कुमार की उपेक्षा के कारण नीतीश कुमार वापस भाजपा के पाले में जाने का फैसला किया। विपक्ष के पास ऐसा कोई चेहरा नहीं बचा जो नीतीश कुमार जैसा हो। नीतीश कुमार ओबीसी के बड़ नेता हैं, उन पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं है, सबसे बड़ी बात उन पर परिवारवाद को बढ़ावा देने का भी कोई आरोप नहीं लगा सकता। नीतीश कुमार सही मायने में विपक्ष व पीएम का चेहरा होते तो वह सही मायने में राहुल गांधी से ज्यादा प्रभवी होते। वह चुनाव में पीएम मोदी को जो टक्कर देते वह राहुल गांधी नहीं दे सकते। नीतीश कुमार की ओबीसी में अपनी पहचान है,वह देश के बड़े ओबीसी नेता माने जाते हैं। नीतीश कुमार, लालू यादव व मुलायम सिंह ऐसे ओबीसी नेता हैं, जिनमें ओबीसी वर्ग के लोग अपना चेहरा देख सकते हैं, उन्हें लगता भी है कि हां यह हमारे वर्ग के नेता है, इन्होंने हमारा भला किया है तथा आगे भी हमारा भला कर सकते हैं। राहुल गांधी लाख ओबीसी की बात करें, ओबीसी वर्ग को राहुल गांधी में अपना चेहरा नहीं दिखाई देता है। राहुल गांधी कहीं से भी ओबीसी वर्ग को अपना नेता नहीं लगता है। इसलिए राहुल गांधी को ओबीसी अपना नेता तो नहीं मान सकते। फिर कांग्रेस का इतिहास भी तो ओबीसी विरोधी रहा है, कांग्रेस के कारण ही ओबीसी वर्ग को बरसों आरक्षण नहीं मिला। नीतीश के न होने के कारण राहुल गांधी को पीएम मोदी के मुकाबले में खड़ा होना पड़ा।नीतीश कुमार के न होने के कारण न चाहकर भी राहुल गांधी को विपक्ष का स्वघोषित नेता बनना पड़ा। दो चुनाव में तो राहुल गांधी पीएम मोदी को हरा नहीं सके हैं। भाजपा ने नीतीशि कुमार को वापस अपने खेमे में ले आई थी तो वह जानती थी कि अब कांग्रेस राहुल गांधी को विपक्ष का नेता बनाने का मौका देखकर चुनाव उन्हीं को सामने रखकर लड़ेगी। ऐसा ही हुआ है। कांग्रेस के रणनीतिकारों ने वही किया जो भाजपा व मोदी चाहते थे, राहुल गांधी को नेता के रूप में पेश करना। पीएम मोदी की भाजपी की जीत के प्रति आश्वस्त होने के पीछे भी एक वजह तो यही है कि वह जानते थे कि कांग्रेस राहुल गांधी को फिर चुनाव में नेता बनाने का लोभ छोड़ नहीं सकती और मोदी के सामने राहुल गांधी रहेंगे तो भाजपा की जीत की संभावना सबसे ज्यादा होगी। यदि राहुलगांधी की अभी विपक्ष का चेहरा नीतीश कुमार होते तो भाजपा की जीत की संभावना सौ में पचपन प्रतिशत ही रहती। राहुल गांधी से कड़ी टक्कर नीतीश कुमार भाजपा को देते। वह भाजपा की बारे में जितना जानते हैं, राहुल गांधी नहीं जानते हैं। राहुल गांधी केजरीवाल के जेल में होने के कारण जोर शोर से चुनाव प्रचार में अकेले विपक्षा की आवाज व चेहरा बने हुए थे। अंतरिम जमानेत पर बाहर आने के बाद केजरीवाल भी राहुल गांधी के सामने एक चुनौती बन कर ख़ड़े हो गए है। वह खुद को आप पार्टी को भाजपा के विकल्प के रूप में पेश करने का मौका नहीं छोड़ रहे हैं। उनका यह कहना कि भारत का भविष्य तो आप ही सुधार सकती है। जनता ने सबको देश में सुधार का मौका दिया है। कोई देश की हालत नहीं सुधार सका है। अब जनता की सारी उम्मीदें आप से है। अगली सरकार केंद्र में बनेगी तो वह आप के सहयोग के बिना नहीं बन सकेंगी। केजरीवाल को जेल से बाहर रहने के जो कुछ दिन मिले हैं, वह उसका उपयोग आप को एकजुट रखने के लिए करने के साथ ही आप को दूसरे दलों की तुलना में बेहतर बताने का पूरा प्रयास करेंगे। खुद को भी वह विपक्ष के ऐसे नेता के रूप में पेश करेंगे जिससे भाजपा व पीएम मोदी डरते हैं।

चर्चित मुद्दा

ललित गर्ग

# पीओके के हाथ से निकल जाने के डर से सहमा पाकिस्तान



पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में पाकिस्तान सरकार की तानाशाही, उदासीनता, उपेक्षा एवं दोगली नीतियों के कारण हालात बेकाबू, अराजक एवं हिंसक हो गये हैं। जीवन निर्वाह की जरूरतों को पूरा न कर पाने से जनता में भारी आक्रोश एवं सरकार के खिलाफ नाराजगी चरम सीमा पर पहुंच गयी है। गेहूं के आटे और बिजली की ऊंची कीमतों के खिलाफ जबरदस्त आंदोलन चल रहा है। प्रदर्शनकारियों एवं सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़पों में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गयी जबकि 100 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में अधिकतर पुलिसकर्मी हैं। पीओके के लोग पाकिस्तान सरकार की नाकामी के खिलाफ सड़कों पर हैं। पाकिस्तान को पीओके के हाथ से निकल जाने का डर सताने लगा था। पीओके की आवाज दबाने के लिए पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार ने चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल को तैनात किया है एवं आन्दोलनकारियों को दबाने की दमनकारी कोशिशें की जा रही है। पीओके के बगावती तेवर देख पाकिस्तान के हाथ-पांव फूल गये हैं। दरअसल, अक्टूबर 1947 में पाकिस्तान के कब्जे के बाद से ही पीओके लगातार सरकार की उपेक्षा, उत्पीडन एवं उदासीनता झेल रहा है। उसकी समस्याओं और विकास पर ध्यान देने की बजाय पाकिस्तान का जोर वहां आतंकियों के ट्रेनिंग कैंप खोलने पर ज्यादा रहा। पाकिस्तान की सरकार ने पीओके का इस्तेमाल भारत में अशांति, आतंक एवं हिंसा फैलाने के लिये किया है, वह पीओके के माध्यम से कश्मीर को हडपने की हर संभव कोशिश करता रहा है, लेकिन वहां के निवासियों की जरूरतों पर कभी ध्यान नहीं किया। यूं तो अभी समूचे पाकिस्तान के हालात बद से बदतर हैं, गरीबी, महंगाई एवं आर्थिक दिवालियापन से घिरा है, दुनियाभर से आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिये झोली लिये घूम रहा पाकिस्तान भारत में अशांति एवं आतंक फैलाने से बाज नहीं आ रहा है। दरअसल, पाकिस्तानी कमरतोड़ महंगाई एवं जनसुविधाओं से जूझ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 3 अरब डॉलर के कर्ज की मंजूरी देते समय कड़ी शर्तों लगाई थीं, जिसके कारण स्थिति और खराब हो गई है। बिजली दरों में बढ़ोतरी से दिक्कतें बढ़ गई हैं और पाकिस्तान में लोग सड़कों पर उतरने को मजबूर हो गए हैं। इन्हीं जर्जर एवं जटिल हालातों के बीच पीओके के हालात पाकिस्तान के लिये नया सिर दर्द बन गया है। पाकिस्तान के सुरक्षा बल प्रदर्शनकारियों के मुजफराबाद मार्च को दबाने की जितनी कोशिश कर रहे हैं, विरोध प्रदर्शन उतना ही उग्र हो रहा है। पीओके की अवामी एक्शन कमेटी के मार्च और धरने के आह्वान के बाद बेकाबू होते हालात 1955 के अवज्ञा आंदोलन की यादें ताजा कर रहे हैं, जब पीओके के लोगों और पाकिस्तानी फौज में सीधा टकराव हुआ था। अब फिर पीओके के लोगों के उबलते गुस्से ने पाकिस्तानी हुकूमत के माथे पर बल बढ़ा दिए हैं, समस्या को अनियंत्रित एवं अनिश्चित हालात में पहुंचा दिया है।




पीओके के सबसे उत्तरी इलाके गिलगित बाल्टिस्तान के लोग पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के साथ मिलाए जाने की मांग कर रहे हैं। पीओके में आजादी के नारे लगने एवं उसे लद्दाख के साथ मिलाए जाने की मांग के बाद शहबाज शरीफ सरकार और पाकिस्तानी सेना दोनों सकते में है। पाकिस्तान के अत्याचार के खिलाफ पीओकी की जनता जिस तरह खड़ी हो गई, उसने पाकिस्तानी नीति निर्माताओं को तनाव में ला दिया है। हजारों की संख्या में कश्मीरी लोग पीओके में जगह-जगह सड़कों पर उतर आए तो पाकिस्तान को पीओके के हाथ से निकल जाने का डर सताने लगा है। पीओके में विरोध को दबाने के लिए पाकिस्तानी दमन चक्र शुरू हो गया है। इसमें पाकिस्तान रेंजर्स और फ्रंटियर कोर को भी लगाया गया है। पीओके के सभी 10 जिलों में इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बंद कर दी गई हैं। भाजपा की मोदी सरकार के मुख्य एजेंडे में पीओके को पाकिस्तान से मुक्त कराकर भारत में शामिल करना पहले से निश्चित है। पीओके का ताजा संघर्ष एवं आन्दोलन भाजपा की राह को निश्चित ही आसान करेंगी।

भारत के विभाजन के तुरंत बाद पाकिस्तान द्वारा जम्मू और कश्मीर की रियासत पर आक्रमण करने के बाद पीओके बनाया गया था। पाकिस्तानी सेना और आदिवासी हमलावरों के हमले के तहत, महाराजा हरिसिंह ने भारत से सैन्य मदद मांगी, जिसके बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना को पूरी रियासत पर कब्जा करने से रोक दिया। अब, लगभग सात-आठ दशक से अधिक समय के बाद, जबकि पाकिस्तान भारी वित्तीय, राजनीतिक और मानवीय संकट में फंस गया है, जबकि भारत अपने आर्थिक, राजनैतिक और वैज्ञानिक मापदंडों में तेजी से आगे बढ़ रहा है और अपनी सैन्य शक्ति को सशक्त कर रहा है। जम्मू-कश्मीर में विकास की गंगा बह रही है, वहां के लोग शांति, शिक्षा, व्यापार एवं विकास की दृष्टि से नये कीर्तिमान गढ़ रहे हैं जबकि पीओके कम मानव विकास के साथ आर्थिक प्रगति से वंचित जनजीवन से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहा है। स्वयं को ठगा महसूस करते हुए पीओके की आम जनता अब शांति चाहती है, अमन चाहती है, विकास चाहती है, जोकि पाकिस्तान में रहते हुए असंभव है। दोगली नीतियों के चलते पीओके के प्राकृतिक संसाधनों का पाकिस्तान खुलकर दोहन करता रहा, जबकि वहां के लोग ईंधन, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा और जरूरी बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझते रहे। पीओके के लोगों ने मई 2023 में बिजली की ऊंची दरों के खिलाफ आंदोलन शुरू किया था, जो एक साल बाद अब उग्र रूप ले चुका है। आंदोलन से काफी पहले पीओके के लोगों का भारत के प्रति झुकाव समय-समय पर मुखर होता रहा है। पाकिस्तान की राजनीति की दूषित हवाओं ने पीओके की चेतना एवं सोच को आन्दोलनकारी बना दिया है। सत्ता के गलियारों में स्वार्थों की धमाचौकड़ी देखकर वहां के लोग समझ गये कि उनका शोषण एवं उत्पीडन ही हो रहा है। यही कारण है कि पिछले साल पीओके और गिलगित के लोगों ने पाकिस्तान की भेदभाव वाली नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान अपने इलाकों को भारत के साथ मिलाने को ही अपने हित एवं शांतिपूर्ण जीवन के अनुरूप मानने लगे हैं। इसके लिये किये गये तब के प्रदर्शन के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में वहां के लोग 'आर-पार जोड़ दो, करगिल को खोल दो' जैसे नारे लगाते नजर आए थे। वहीं, देश भर में गेहूं के आटे की कमी, बलूचिस्तान में उग्रवाद, अफगानिस्तान के साथ सीमा संघर्ष, पाकिस्तानी तालिबान द्वारा हमलों और एक गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के साथ, पीओके में लोगों ने काफी कड़वे अनुभव किये हैं। निर्वासित पीओके नेता, शौकत अली कश्मीरी भी पीओके में लोगों के सामने आने वाली कठिनाइयों को उजागर करने के लिए दिसंबर से विभिन्न देशों में बैठकें कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में जिनेवा में समाचार एजेंसी एएनआई से कहा कि पाकिस्तान ने 1948 से प्राकृतिक संसाधनों का दोहन किया है लेकिन बदले में पीओके में लोगों को बेरोजगारी और निर्वासन मिला। अधिकांश लोगों को चिकित्सा सुविधा नहीं होने के कारण बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। पीओके के लोग चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) का भी विरोध कर रहे हैं। उनका मानना है कि गलियारे की आड़ में उनकी जमीन का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों के लिए किया जाएगा और भारत के जवाबी हमले उन्हें झेलने पड़ेंगे। चूकि भारत अब पहले वाला भारत नहीं रहा, उसकी सैन्य ताकत का मुकाबला करना पाकिस्तान के लिये संभव नहीं रहा है, इसलिये बिना मतलब भारत के आक्रमण को झेलने से स्वयं को बचाने के लिये पीओके के लोग भारत में विलय को ही उचित मानते हैं। पीओके में विरोध प्रदर्शन के दौरान जिस तरह भारतीय तिरंगा लहराया जा रहा है और भारत में विलय के स्वर उठ रहे हैं, उससे भविष्य में इस विवादित क्षेत्र पर निर्णायक पटकथा लिखे जाने के आसार नजर आ रहे हैं। भारत को पीओके के घटनाक्रम पर नजर बनाए रखने की जरूरत है, ताकि इससे हमारे सुरक्षा हितों पर प्रतिकूल असर न पड़े एवं भविष्य की नीतियों का निर्धारण करने में सुविधा रहे।

## आज का राशिफल

मेष राशि-आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज कुछ महत्वपूर्ण मामलों में फैसला ले सकते हैं। धर्म और सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि हो सकती है। आज किसी भी योजना को सोच-विचार करके कार्य रूप देने से लक्ष्य हासिल होगा और मन प्रसन्न रहेगा। आज आपको अपनी प्रतिभा जाहिर करने का मौका मिलेगा। इस राशि की जो महिलाएं बिजनेस कर रही हैं उनका दिन व्यस्तता से भरा होगा, लेकिन शाम का समय अपनी फैमिली के साथ बिताएंगी।

वृष राशि-आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज कुछ समय अपने पारिवारिक तथा व्यक्तिगत जीवन के लिए निकालना अच्छा रहेगा। आज व्यवसाय संबंधी कोई भी डील मिले तो उसे हासिल करने में ज्यादा सोच-विचार ना करें। आज सही समय पर किए कामों के नतीजे अनुकूल रहेंगे। घर में सुख-शांति का माहौल रहेगा। लवमेट की पुरानी गलतफहमियां दूर होंगी, रिश्ते में और मधुरता बढ़ेगी। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

मिथुन राशि-आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। पारिवारिक अनबन आज समाप्त होगी, घर में सुकून और शांतिपूर्ण माहौल रहेगा। आज दूसरों के मामले में बिना मांगे सलाह नही दें। आप अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें। आज अपने व्यस्त दिनचर्या से कुछ समय बच्चों के साथ बिताएं। आज अपना धैर्य बनाये रखें और समय के साथ चलें। अपने जज़्बात काबू में रखें, फायदा होगा। दिक्कतों का तेज़ी से मुक़ाबला करने की क्षमता आपको खास पहचान दिलाएगी।

कर्क राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप कार्यों में व्यस्त रहें और बेवजह की गतिविधियों में रुचि नहीं लेंगे। आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आज आपके मन में सकारात्मक विचार आएंगे। इससे आप कोई भी फैसला लेने में सहज महसूस करेंगे। पारिवारिक सुख सुविधाओं से संबंधी चीजों की शॉपिंग करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट अपने करियर को लेकर किसी अनुभवी से सलाह लेंगे। परिवार के वरिष्ठ सदस्यों का अनुभव तथा सहयोग आपको बहुत अधिक लाभदायक रहेगा। संतान पक्ष से कोई खास खुशखबरी मिलेगी, घर में सभी लोग खुश होंगे। विरोधी पक्ष आपके सामने नतमस्तक होगा.

सिंह राशि-आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपका काफी दिनों से रुका काम पूरा हो जायेगा, जिससे मन प्रसन्न होगा। जो काम पिछले काफी समय से रुके हुए थे, आज वह कम मेहनत से ही सफल हो सकते है। विद्यार्थी अपने अध्ययन के प्रति सजग रहेंगे। किसी सम्मानित व्यक्ति के सानिध्य में कुछ समय बिताना आपके व्यक्तित्व में निखार लाएगा। आप काम के नए टारगेट बनायेंगे। आप किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्लान अपने परिवार वालों के साथ करेंगे।

कन्या राशि-आज का दिन आपके लिए उत्तम है। भाई-बहनों से यदि किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी, तो आज दूर होगी। आज आपकी कोई योजना समय से पूरी हो जायेंगी। परिवार को समय देने से घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आफिस के काम को आज आप जल्द पूरा कर लेंगें। आज किसी समारोह में जाने का प्लान बना सकते हैं। जहां किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात हो सकती है। आज बच्चों की जरूरतों को पूरा करने की आप कोशिश करेंगे, बच्चे आपसे प्रसन्न रहेंगे।

तुला राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज कार्यस्थल पर अधिक मेहनत करनी होगी, अपनी कार्य क्षमता में कमी न आने दें। आज रुका हुआ पैसा मिलने से आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। आज स्टाफ और सहयोगियों के साथ किसी विशेष कार्य पर विचार विमर्श होगा, जो कि सकारात्मक रहेगा। विस्तार संबंधी योजनाओं को गंभीरता से लें। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जायेगा, कन्फ्यूजन की स्थिति खत्म होगी। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी परिस्थितियां पहले से अनुकूल रहेंगी। व्यापारिक क्षेत्र में आपको मेहनत से आज अधिक लाभ होगा। आज आपको धन लाभ के अनेक अवसर प्राप्त होंगे। आज दोस्तों के साथ ट्रिप का प्लान कर सकते हैं। ऑफिस का कोई महत्वपूर्ण कार्य करने में आज बिजी रहेंगे। ट्रान्सफर के लिए प्रयासरत लोगों को पसंदीदा जगह ट्रांसफर मिलने की संभावना है। कार्य क्षेत्र में आपका मन लगेगा। किसी अनजान की हेल्प करके अपने आप को बेहतर फील महसूस करेंगे।

धनु राशि-आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। विद्यार्थियों को अपनी मेहनत के बेहतर परिणाम हासिल होंगे। दांपत्य जीवन में खुशी का माहौल बनेगा। आज बच्चे घर के काम में माता की मदद करेंगें, जिससे माता उनसे प्रसन्न रहेगी। धार्मिक कार्यों में कुछ पैसे खर्च कर सकते है। साथ ही किसी धार्मिक अनुष्ठान में जाने का मौका मिल सकता है। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। विद्यार्थी अपने प्रोजेक्ट को पूरा करने में समय लगाएंगे। स्वास्थ्य के लिहाज से आज आप फिट रहेंगे।

मकर राशि-आज आर्थिक तौर पर आपकी स्थिति मजबूत रहेगी। आज आपके व्यापार में लाभ के योग हैं। साथ में कोई साइड बिजनेस कर सकते हैं, जिससे लाभ होने की संभावना बनेगी। जिन लोगों को पॉलिटिक्स में रूचि है, उन्हें बड़ा पद प्राप्त होने के योग हैं। पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आएगी। नए कार्य की शुरूआत करें सफलता मिलेगी। जीवनसाथी को आप कोई नया कार्य शुरू करा सकते हैं। आप जीवनसाथी के साथ परिवार की भलाई के लिए कार्य करते हुए नजर आएंगे। लवमेट से आज आपको उपहार मिलेगा।

कुंभ राशि-आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। अगर आज आप इंटरव्यू देने जा रहे है तो आपको सेलेक्ट कर लिया जायेगा। कोई नया बिजनेस स्टार्ट करने से पहले किसी अनुभवी से सलाह लेंगे। पुस्तकालय के कारोबारी नई ब्रांच खोलने का मन बना सकते हैं। दांपत्य जीवन में एक दूसरे को अच्छे से समझेंगे। आज अपने निर्णय में परिवार वालों की सलाह लेंगे। आज अपनी सेहत पर थोड़ा ध्यान जरूर देना होगा।

मीन राशि-आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको किसी के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं तो पहले किसी समझदार व्यक्ति से सलाह जरूर ले, अन्यथा आपका पैसा फंस सकता है। आज आप किसी धार्मिक स्थान की यात्रा करेंगे। इस दौरान आप अपनी सेहत का ध्यान रखें। आपकी पदोन्नति या जॉब चेंज करने के लिए अवसर प्राप्त होंगे। आज आप नौकरी के मामले में सोच-समझकर ही कोई निर्णय लें।

व्यंग्य

# मैं निष्पक्ष हूँ

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'



एक बार की बात है, एक छोटे से गाँव में जहां शांति और सामाजिक उतार-चढ़ाव का खाता जोर-शोर से चल रहा था, वहां रहने वाले लोगों के जीवन में एक नया चमत्कारिक तत्व आया। यह चमत्कारिक तत्व था - सांप। हां, आपने सही सुना। गाँव में एक सांप ने अपना आवास बनाया और उसके आने से गाँव का माहौल ही बदल गया। इस सांप की खबर सुनकर, गाँव के लोगों में अनेक सवाल उठे। इतनी भीड़-भाड़ वाली जगह में साँप क्यों आया? क्या यह सांप वाकई यहाँ रहना चाहता है या कुछ और करने आया है? यहाँ कैसे आया? और बहुत कुछ। लेकिन जवाब कहीं नहीं मिला एक दिन, एक नया शहरी आया जिसका नाम था श्रीकांत। वह गाँव में अपने खाली समय के लिए आया था, और उसने सांप के बारे में सुना था। उसने सोचा, यह कैसा अजीब महौल है जहां लोग सांप के साथ रहने में आनंद ले रहे हैं। उसने तुरंत जानने की इच्छा व्यक्त की और सांप के पास पहुँचा।

सांप को देखकर श्रीकांत ने हंसते हुए पूछा, तुम यहाँ कैसे?

सांप ने आराम से उत्तर दिया, क्या, सांप को कभी कभार यहाँ आने का हक़ नहीं है?

श्रीकांत को थोड़ी हैरानी हुई, तुम्हें यहाँ रहना कैसे पसंद आया? सांप ने मुस्कुराते हुए बताया, हाँ, यहाँ का मौसम तो बिलकुल बढ़िया है।

श्रीकांत ने आश्चर्य से पूछा, क्या तुम सांप ही हो या फिर कोई और?

सांप ने खुशी से कहा, मैं सांप लिमिटेड कंपनी का मालिक हूँ, और मैं राजनेताओं की सहायता के लिए यहाँ आया हूँ।

श्रीकांत को हंसी आई, क्या, राजनेताओं की सहायता?

सांप ने मुस्कुराते हुए कहा, हाँ, हम उनकी रैलियों में विष उगलते हैं।

श्रीकांत ने हंसते हुए कहा, तो किस पार्टी के लिए?

सांप ने अदाकारी से जवाब दिया, हम निष्पक्ष हैं। हमारा विष सभी के लिए है, चाहे वह किसी भी पार्टी का हो। श्रीकांत की हँसी रुकने का नाम नहीं ले रही थी। उसने कहा, यहाँ का माहौल ही कुछ अलग है।

सांप ने बड़ी समर्पण भावना से कहा, हाँ, यहाँ का माहौल अलग है, लेकिन हमें अपने काम पर विश्वास है।

श्रीकांत ने समझा कि यह सांप भले ही छोटा हो, लेकिन उसके दिल में बड़े ख्वाब हैं। और उसकी यह कहानी उसके मन में एक नयी आशा का उद्घाटन कर गई।

गाँव के लोगों ने भी सांप की सच्चाई को समझ लिया और उसे एक मित्र के रूप में स्वागत किया। इससे गाँव में बहुत सारी बातें आसानी से समझ आने लगी और लोगों के बीच एक नया बंधन सा बन गया। इस तरह लोग साँप के साथ में रहने के आदी हो गए।

## डाइट में जरूर शामिल करें लीची, मिलेगें स्वास्थ्य से जुड़े कई लाभ

लीची गर्मियों में आने वाला फल है, जिसे दक्षिण पूर्व एशिया में सबसे ज्यादा उगाया जाता है।खट्टे-मीठे स्वाद से भरपूर लीची विभिन्न विटामिन्स, खनिज और एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरपूर होती हैं।इसे आप ऐसे ही खा सकते हैं या फिर जूस, स्मूदी, आइसक्रीम और कई तरह के व्यंजनों के तौर पर लीची को अपनी डाइट का हिस्सा बना सकते हैं।आइए जानते हैं कि लीची के सेवन से क्या-क्या स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं।

**विटामिन-C का हैं बेहतरीन स्त्रोत** विटामिन-ष्ट यानी एस्कॉर्बिक एसिड एक शक्तिशाली एंटी-ऑक्सीडेंट है, जो शरीर के परिसंचरण तंत्र के लिए जरूरी होता है।विशेषज्ञों के मुताबिक, लीची में विटामिन-C की भरपूर मात्रा मौजूद होती है। बता दें कि 100 ग्राम लीची में लगभग 70 मिलीग्राम विटामिन-ष्ट होता है।अमेरिकन जर्नल ऑफ क्लिनिकल न्यूट्रिशन में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, विटामिन-ष्ट के सेवन से स्ट्रोक का खतरा 42 प्रतिशत तक कम हो सकता है।

**पॉलीफेनोल्स से होती हैं भरपूर** –लीची में कई अन्य फलों की तुलना में अधिक मात्रा में पॉलीफेनोल्स होते हैं, जो हृदय के स्वास्थ्य को सुधारने, कैंसर का जोखिम कम करने और ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं।इसके अतिरिक्त लीची में रुटिन की मात्रा भी अधिक होती है।फूड केमिस्ट्री जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन के मुताबिक, रुटिन आर्थराइटिस और सूजन जैसी बीमारियों से बचाने में सहायता प्रदान कर सकता है।

विश्व परिवार दिवस

डॉ.सूर्यकांत मिश्रा

# नए स्वरूप में दिख रही संयुक्त-परिवार की अवधारणा



एक बड़े और एकजुट परिवार का विचार आज नहीं सदियों से भारतीय सामाजिक संरचना का हिस्सा रहा है । अतीत में झांके तो संयुक्त परिवार एक सामान्य परिवार था । इस परिवार में माता-पिता ,चाचा - चाची ,ताऊ - ताई और यहां तक की बुआ - मौसी के बच्चे भी साथ में रहा करते थे । जैसे - जैसे समय ने अंगड़ाई ली वैसे - वैसे परिवार की मूल अवधारणा भी तेजी के साथ परिवर्तित हुई । यहीं से एकल परिवार की धारणा को बल मिला ! परिवार बढ़ने और स्थान कम पड़ने के कारण एक - दूसरे पर मर- मिटने वाले भाइयों के परिवार अलग - अलग रहने लगे ! मैं इसे संयुक्त परिवार की टूटन नहीं मानता हूं । दूर रहकर भी सभी भाई - बहन एक - दूसरे के सुख - दुःख के सहभागी हों तो इसे हम आधुनिक युग के नए संयुक्त परिवार की संज्ञा दे सकते हैं । आज से पांच दशक पूर्व तक संयुक्त परिवार बेहद आम थे । इसका कारण यह था कि परिवार के सदस्यों की जरूरतें सीमित थीं । तेजी से करवट लेने वाले अत्याधुनिक समय में अब हर सदस्य को उसके कमरे में रंगीन टी वी , फ्रीज , कंप्यूटर जैसी सुविधाएं चाहिए ! पहले इन विलासिताप्रिय वस्तुओं का आविष्कार या तो नहीं हुआ था या फिर यह केवल पूंजीपतियों तक सीमित था । आज के समय में आय के संसाधनों में वृद्धि हुई है ! इसी के साथ लोगों की इच्छाएं भी बलवती हुई हैं । अब वह बात दिखाई नहीं पड़ती जब परिवार में एक ही छत के नीचे रहने वाले एक कमरे में संयुक्त रूप से टी वी कार्यक्रमों का आनंद लिया करते थे । एक - दूसरे की तकलीफऔर खुशियों का आदान - प्रदान हुआ करता था । इस सच्चाई से मुंह नहीं फेरा जा सकता है कि संयुक्त परिवार किफायती हुआ करते थे । कारण यह कि सामूहिक जीवन से घरेलू खर्चों में नियंत्रण रखा जा सकता था । साथ ही कुल बजट , आय के कई स्त्रोतों से पूरा हो जाता था । इसी के चलते मजबूत आंतरिक संबंधों और अपनेपन की भावना को भी ताकत मिली । परिवार के वृद्धजनों को यह विश्वास था कि उनके असहाय होने पर परिजनों का सहयोग प्राप्त होगा और आपातकालीन स्थिति में उनकी बेहतर देख - भाल की जायेगी । फिल्म और साहित्य जैसे मीडिया ने संयुक्त परिवार को उच्च सम्मान दिया । इस परिप्रेक्ष्य में हम साथ साथ हैं तथा विवाह जैसी फिल्मों के निर्माता - निर्देशकों ने संयुक्त परिवार की खुशियों को बेहतरी के साथ परोसा । आज भी इन फिल्मों को देखा जाए तो वे पुरानी नहीं लगती । देखा जाए तो अत्याधुनिक शहरीकरण , पारंपरिक संयुक्त परिवार संरचना को भेदने में खतरनाक भूमिका निभाते रहे हैं ! सुमधुर सायरन की आवाज बनकर शहरों ने लोगों को अपनी स्थापित




पारिवारिक संरचनाओं से दूर तथा अधिक व्यक्तिवादी जीवनशैली की ओर खींचा है ! शहरीकरण ही वह विकास की धारा है जिसने लोगों के जीवन में अमूर्त परिवर्तन लाया है !पारिवारिक मूल्यों में बदलाव वाली परंपरा ने आधुनिकीकरण और कुछ हद तक आत्मनिर्भरता की भावना को जन्म दिया , जो संयुक्त परिवार के अनेक मूल पहलुओं के खिलाफहै ! एक बदलाव जो छोटे एकल परिवारों के संदर्भ में समझ में आता है , वह है परिवार के फैलाव के लिए जगह की कमी ! हम अभी भी कह सकते हैं कि इस तरह की समस्या ने पूरी तरह से संयुक्त परिवारों को खत्म नहीं किया है आज हम जिस परिवर्तनशील युग में जी रहे हैं वहां संयुक्त परिवारों ने नवीनता को अंगीकार करते हुए नया अवतार लिया है । ऐसे बड़े परिवार जिनमें सदस्यों की संख्या इतनी अधिक हो चुकी है कि उनका एक ही छत के नीचे रह पाना संभव नहीं हो पा रहा है । ऐसे परिवारों में आपसी स्नेह और संयुक्त परिवार की छाया को बनाए रखने के लिए अपार्टमेंट का सहारा लिया जा रहा है । देखने में आ रहा है कि बढ़ते परिवार के सदस्यों ने एक संस्था के रूप में संगठित रहते हुए घरेलू सदस्यों से पड़ोसी के रूप में नए आवरण को पा लिया है। एक ही अपार्टमेंट में अलग - अलग घरों में रहते हुए संयुक्त परिवार की नई परिभाषा गढ़ी जा रही है । जहां तक मैं समझता हूं स्थानाभाव के कारण उक्त सोच अथवा व्यवस्था को गलत नहीं कहा जाना चाहिए। यह एक ऐसी विचारधारा कही जा सकती है जो एकल परिवारों की संरचना में व्यक्ति को संयुक्त परिवार के सामुदायिक पहलू के साथ जोड़ती है । हम कह सकते हैं कि नए तरीके का एकल परिवार संयुक्त परिवार का ही संग्रह है । यह परिवार के सदस्यों को अपनेपन और सुरक्षा की भावना से भी जोड़ता हैं। इस नई संरचना वाले बड़े और अलग - अलग रहने वाले लोगो में एक ही अपार्टमेंट में निवास के चलते आनंद पूर्वक रात्रि भोज से लेकर हर प्रकार के आयोजन में आदर्श संयुक्त परिवार का परिदृश्य नजर आता है । अधिक स्पष्ट रूप से कहूं तो आजकल संयुक्त परिवार एक विशाल बंगले के बजाए परिवार की प्रत्येक शाखा के लिए एक मंजिल वाली एक आकर्षक अपार्टमेंट इमारत के रूप में सजने लगे हैं । हालांकि संपत्तियों के दस्तावेज अलग - अलग नामों पर हो सकते हैं किंतु सभी शाखाओं में सामुदायिक जीवन की भावना कायम हैं।

संयुक्त परिवार के नए परिदृश्य में घरेलू काम - काज साझा रूप में नहीं होते हैं या यह भी कहा जा सकता है कि सभी के रोजगार , व्यवसाय अलग होते हैं । इस नए तरह के संयुक्त परिवार में टीम भावना और सहयोग की इच्छा शक्ति प्रबल रूप में देखी और समझी जा सकती है । इसे ज्यादा साफगोई के साथ समझना हो तो सुबह - सुबह सभी परिवारों के बच्चों का एक साथ और एक ही वाहन में स्कूल जाने और लौटने वाला दृश्य हमें देखना होगा । इसी तरह रात के भोजन में मदद करने के लिए सप्ताह में एक दिन दादी की रसोई में सामूहिक रूप से इकठ्ठा होना नए संयुक्त परिवार का अच्छा उदाहरण माना जा सकता है । पारिवारिक जिम्मेदारी का यह नया रोस्टर व्यक्तिगत जरूरतों , शौक और नौकरियों को ध्यान में रखकर ही संयोजित किया जाना समझ में आता है । आज शहरों में पारंपरिक मूल्यों के साथ आधुनिक जीवनशैली का संयोजन करते हुए नई पृष्ठभूमि के संयुक्त परिवार खुशहाल परिस्थिति के साथ फल - फूल रहे हैं ।

## एक नजर

### गौण खनिजों का अवैध परिवहन कर रहे 16 वाहनों पर प्रकरण दर्ज

**जगदलपुर, 14 मई।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. के निर्देशानुसार जिला खनिज जांच दल द्वारा 10 मई तक बस्तर जिले के अंतर्गत रायकोट, सरगीपाल, परपा, कोड़ेनार, भानपुरी और बडांजी क्षेत्र का औचक निरीक्षण कर गौण खनिजों के अवैध परिवहन कर रहे 16 वाहनों पर प्रकरण दर्ज किया गया। खनि अधिकारी शिखर चेरपा ने बताया कि खनिज जांच दल निरीक्षण के दौरान खनिजों के अवैध परिवहन और उत्खनन कर रहे 16 वाहनों पर प्रकरण दर्ज कर पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। जाँच दल ने 04 वाहन टिप्पर रेत के, 01 ट्रेक्टर मिट्टी और ईट, 05 टिप्पर और 06 हाईवा वाहनों द्वारा चूनापत्थर का अवैध परिवहन प्रकरण दर्ज किया गया है। अवैध परिवहन करने वाले वाहन मालिकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही किया जा रहा है। कार्यवाही जिला खनिज जांच उडनदस्ता दल के खनि निरीक्षक श्री मिदुल गुहा, खनि सिपाही श्री डिकेश्वर खरे, श्री सीताराम नेताम द्वारा किया गया।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 18 मई को

**जगदलपुर, 14 मई ।** शैक्षणिक सत्र 2023-24 में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा 6वीं में सीधे प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। बस्तर जिले के 06 विकासखण्डों के 08 परीक्षा केन्द्रों पर 18 मई 2024 को प्रातः 10 बजे से 12 बजे (02 घण्टे) तक होगा। इस परीक्षा हेतु विकासखण्ड जगदलपुर के निर्मल हायर सेकेण्डरी स्कूल जगदलपुर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर 2125 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। पात्र विद्यार्थी एकलव्य विद्यालय की वेबसाईट के माध्यम से आवेदन क्रमांक एवं मोबाईल नंबर की सहायता से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। डाउनलोड करने में किसी तरह की कठिनाई होने पर पात्र विद्यार्थी अपना प्रवेश पत्र हेतु अपने विकासखण्ड के मण्डल संयोजक एवं एकलव्य विद्यालय के प्राचार्य से सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते हैं।

### सीबीएसई 10वीं बोर्ड में समृद्धि को मिले 86 प्रतिशत अंक

**राजनांदगांव, 14 मई।** सीबीएसई 10वीं बोर्ड के नतीजों में स्थानीय वाइडनर की छात्रा समृद्धि



मेश्राम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 86 प्रतिशत अंक हासिल किए। इस सफलता के जरिये छात्रा ने स्कूल का मान बढ़ाया। सभी विषयों में समृद्धि ने बेहतर अंक अर्जित किए। जिसमें हिन्दी में 94, अंग्रेजी में 88, मैथेमैटिक्स स्टेंडर्ड में 83, विज्ञान में 74 और सोशल साइंस में 80 अंक प्राप्त किए। समृद्धि प्रारंभ से ही होनहार छात्रा रही है। इस सफलता पर समृद्धि को बधाई और शुभकामनाएं मिल रही है। छात्रा ने इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य, शिक्षक और पालकों और परिजनों को श्रेय दिया है। स्थानीय बसंतपुर निवासी प्रवीण मेश्राम और माधवी मेश्राम की सुपुत्री है। समृद्धि के अच्छे अंक प्राप्त करने से उन्हें शिक्षकों और शुभचिंतकों से बधाईयां मिल रही है।

### बंधक 18 मजदूरों को छुड़ाने के लिए जिला प्रशासन की स्पेशल टीम रवाना



**जगदलपुर 14 मई।** जिले के नक्सल प्रभावित कोलेंग और मुंडागढ़ के बंधक 18 मजदूरों को छुड़ाने के लिए जिला प्रशासन ने स्पेशल टीम जिसमें तहसीलदार, लेबर इंस्पेक्टर, पुलिस के साथ दो महिलाएं भी शामिल है, का गठन कर रवाना कर दिया गया है। टीम में शामिल सदस्यों में तहसीलदार बास्तानार आशीष साहू, लेबर इंस्पेक्टर नमिता जॉन, दरभा थाना से धनुष जारी सिंह (एएसआई) और रेखा सिंह (आरक्षक) हैं, जिन्हे अन्य राज्यों में फंसे लोगों के रेस्क्यू करने की विशेषज्ञ है। टीम कर्नाटक के सिनदुर्गा जिले में फंसे 13 और तेलंगाना के हैदराबाद में फंसे 05 मजदूरों को ठेकेदारों के चुंगल से छुड़ाकर वापस बस्तर लेकर आएगी। डिप्टी कलेक्टर सुनील शर्मा ने बताया कि बस्तर के कोलेंग और मुंडागढ के मजदूर कर्नाटक के सिनदुर्गा और तेलंगाना के हैराबाद में अलग-अलग जगह फंसे हुए हैं। इसकी जानकारी के बाद एक टीम तैयार कर रवाना कर दी गई है। गठित टीम के सदस्य मजदूरों को उनके अधिकार के साथ छुड़ाकर लाएगी।

# महिला बाल विकास व पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयास से रोका गया बाल विवाह

**जगदलपुर 14 मई।** बाल विवाह की सूचना प्राप्त होते ही कलेक्टर विजय दयाराम के निर्देशानुसार जिला बाल संरक्षण अधिकारी विजय शंकर शर्मा के नेतृत्व में एक टीम रविवार रात नानगुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत छोटे कवाली में बालिका के घर पहुंची जहां पर हर पहलू से जानकारी देते हुए महिला व बाल विकास विभाग और पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयास से बाल विवाह रोका गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी विजय शंकर शर्मा ने बताया कि कुछ दिनों पहले ग्राम पंचायत छोटे कवाली में एक परिवार



की 16 वर्ष की बालिका का विवाह निर्धारित था। टीम द्वारा लड़की की आयु सत्यापन संबंधी दस्तावेज की जांच की गई जिसमें लड़की की उम्र का कम होने पर बालिका के अन्य दस्तावेज की भी जांच की गई, जिसमें बालिका की उम्र 16 वर्ष पाई गई। अधिकारी कर्मचारी द्वारा बालिका व उसके माता-पिता व स्थानीय लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में बताया। इसके साथ ही 18 वर्ष पूर्ण होने के बाद विवाह करने की समझाईश के बाद सभी की सहमति से विवाह रोका गया।

## आयाम-ऊंची उड़ान का आयोजन जून माह के तृतीय सप्ताह में

- कार्यशाला में देश के ख्यातिलब्ध संस्थाओं के प्रमुख भी देंगे गाइडेंस

**रायपुर 14 मई।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी जून माह में आयोजित हो रहे यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा को देखते हुए 18 मई को प्रस्तावित मार्गदर्शी कार्यक्रम आयाम - ऊंची उड़ान का के आयोजन की तिथि आगे बढ़ा दी गई है। परीक्षा में सम्मिलित हो रहे युवाओं व उनके पालकों ने आज रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह से मुलाकात कर प्रारंभिक परीक्षा उपरांत ही कार्यशाला आयोजित करने का अनुरोध किया था। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा है कि अब यह कार्यशाला यूपीएससी प्रीलिम्स परीक्षा के बाद जून के तृतीय सप्ताह में संभावित है। कलेक्टर के निर्देश पर इस कार्यशाला में देश के प्रतिष्ठित विषय विशेषज्ञों को भी आमंत्रित करने की योजना तैयार की जा रही है। कार्यशाला में सम्मिलित होने के इच्छुक प्रतिभागियों व पालकों से कहा गया है कि कार्यशाला में प्रवेश हेतु



निःशुल्क पंजीयन की प्रक्रिया जारी है। रायपुर जिला प्रशासन द्वारा युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान करने आयोजित होने वाली इस कार्यशाला में 2011 से 2024 बैच के आईएएस, आईपीएस, आईएफएस व अन्य संवर्ग के अधिकारियों से संवाद का अवसर मिलेगा। कलेक्टर डॉ. सिंह से मुलाकात में युवाओं ने देश के प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रमुखों, उनके विषय विशेषज्ञों, मार्गदर्शकों को भी इस कार्यशाला में आमंत्रित कर उनके भी व्याख्यान का अनुरोध किया, जिससे कि रायपुर में ऐसे विषय विशेषज्ञों को सुनने व विद्यार्थियों को अपनी तैयारियों को दिशा देने का अवसर मिल सकें। कलेक्टर डॉ. सिंह ने विद्यार्थियों को यह भी आश्वस्त किया है कि कार्यशाला में उनके सुझाएं विषय विशेषज्ञों को भी उनकी उपलब्धता के आधार पर आमंत्रित कर उनके सत्र आयोजित किए जाएंगे। इस कार्यशाला में मेधा सम्मान का भी आयोजन होगा, जिसमें हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी में प्रावीण्यता प्राप्त विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। मार्गदर्शी कार्यक्रम आयाम - ऊंची उड़ान का÷आयोजन अब 18 मई को नहीं होगा, किन्तु आगामी तिथि को होने वाले आयोजन हेतु युवाओं व पालकों के निःशुल्क रजिस्ट्रेशन जारी रहेंगे।

### चलती कार में लगी आग, शिक्षक की मौत

**कोरबा 14 मई।** चलती कार में अचानक आग लग जाने से कार सवार शिक्षक की जलने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वैधानिक कार्रवाई की। यह मामला करतला थाना अंतर्गत चचिया गांव के लुढुखेता मोहल्ला के पास हुआ। बताया जा रहा है कि कार क्रमांक सीजी-13-एपी-8177 जा रही थी तभी अचानक कार में आग लग गई। कार रायगढ़ जिले के छाल थाना क्षेत्र निवासी शिक्षक जगत राम बहेरा 39 वर्ष चला रहे थे। कार में आग लगने की वजह से वह चपेट में आ गया, आग से बचने के प्रयास में बाहर निकलने की कोशिश की, पर बुरी तरह झुलस गया और कार के समीप गिरने से उसकी मौत हो गई। करतला थाना प्रभारी निरीक्षक आशीष सिंह ने संभावना व्यक्त करते हुए कहा कि शार्ट सर्किट की वजह से कार में आग लगी और शिक्षक को बाहर निकल भागने का मौका नहीं मिल सका।

## मोदी सरकार के खिलाफ पूरे देश में है माहौल: दीपक बैज

**रायपुर 14 मई।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि चार चरणों के मतदान के बाद तस्वीर बहुत हद तक साफ हो गयी। चार चरणों के 379 सीटों में भाजपा बुरी तरह हार रही है। 400 पार का नारा देने वाली भाजपा 150 नहीं पहुंच रही है। दो तिहाई सीटों पर चुनाव हो गया है। भाजपा इन सीटों पर बुरी तरह पिछड़ चुकी है। देश में कांग्रेस इंडिया गठबंधन की सरकार बन रही है। चार चरणों के मतदान के बाद मोदी और भाजपा घबरा गये उनके भाषणों का रुख बदल गया। वे अपनी 10 साल की कोई भी उपलब्धि नहीं बता पा रहे है। चुनाव को हिन्दू, मुस्लिम, मंगलसूत्र, मछली, मटन, मीट तक ले जाने की तमाम कोशिशे मोदी और उनके साथियों ने किया। लेकिन चौथे चरण के मतदान के बाद साफ हो गया भाजपा के बहकावे में जनता नहीं आयी। इस चुनाव में भाजपा का हिडन एजेंडा संविधान को बदलने और आरक्षण को समाप्त करने का बेनकाब हुआ। जनता यह समझ गयी कि संविधान बदलने के लिये भाजपा 400 पार का नारा दे रही है। लोग यह भी जान गये कि यह संविधान इसलिये बदलना चाह रहे कि बाबा साहब ने वंचित वर्गों के लिये जो प्रावधान संविधान में किया है वह संविधान बदलकर समाप्त किया जा सके। लेकिन भाजपा की यह बदनीयती खुलकर जनता के सामने आ गयी। भाजपा पर कड़ा प्रहार करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मोदी सरकार के खिलाफ देश में वातावरण दिखने लगा है जो मतदान केंद्रों में भाजपा के खिलाफ वोटों में तब्दील हो रहा है।

## वैश्विक परिदृश्य में आदिवासी महिलाओं की स्थिति पर होगा मंथन

- छत्तीसगढ़ समाजशास्त्रीय एसोसिएशन का पहला वार्षिक सम्मेलन, तैयारियां शुरू

**रायपुर 14 मई।** छत्तीसगढ़ समाजशास्त्रीय एसोसिएशन द्वारा अपने पहले वार्षिक सम्मेलन की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। यह प्रथम वार्षिक सम्मेलन वैश्विक परिदृश्य में आदिवासी महिलाओं की स्थिति विषय पर आयोजित किया जा रहा है जिसमें मेजबान छत्तीसगढ़ सहित देशभर के विद्वान, शोधार्थी, प्राध्यापकगण शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। यह जानकारी छत्तीसगढ़ समाजशास्त्रीय एसोसिएशन (सीजीएसए) की अध्यक्ष प्रो. प्रीति शर्मा और सचिव प्रो. एल.एस. गजपाल ने दी। उन्होंने बताया कि आदिवासी महिलाओं का सशक्तिकरण पूरी दुनिया के देशों के विकास की प्रक्रिया में केंद्रीय मुद्दा है। आदिवासी महिलाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य से 28 और 29 जून 2024 को सीजीएसए अपना पहला वार्षिक सम्मेलन उक्त विषय पर आयोजित कर रहा है। इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ राज्य की जनजातियाँ, वैश्विक समाज में महिलाओं की बदलती स्थिति, आदिवासी महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक स्थिति, आदिवासी महिलाओं पर वैश्वीकरण का प्रभाव, आदिवासी महिलाओं के मुददे और चुनौतियाँ, बहुसांस्कृतिकवाद और आदिवासी महिलाएँ, आदिवासी महिलाओं के लिए कल्याणकारी कार्यक्रम जैसे विषयों पर भी शोध पत्र प्रस्तुत किये जाएंगे तथा विषय विशेषज्ञ अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। इस आयोजन की सफलता के लिए आयोजन समिति का भी गठन किया गया है जिसके संरक्षक प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल (कुलपति पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय), संयोजक प्रो. प्रीति शर्मा (अध्यक्ष सीजीएसए), सह संयोजक प्रो. सुचित्रा शर्मा (उपाध्यक्ष सीजीएसए), आयोजन सचिव प्रो. एल.एस. गजपाल (सचिव सीजीएसए), सह आयोजन सचिव प्रो. सोनिता सत्संगी (कोषाध्यक्ष सीजीएसए), संयुक्त सचिव हर्ष पाण्डे, सुशील गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य प्रो. श्रद्धा गिरोलकर, डॉ. पुष्पा तिवारी, प्रो. आभा त्रिपाठी, प्रो. मनीषा महापात्र, प्रो. प्रीति मिश्रा, प्रो. तारा शर्मा, प्रो. मंजू झा, प्रो. साधना खरे, डॉ. अमरनाथ शर्मा, डॉ.. हेमलता बोरकर, डॉ.. नीता बाजपेयी शामिल हैं।

## 3 महीने बाद भी किसानों को फसल खराब होने का मुआवजा नहीं मिलना दुर्भाग्यजनक

**रायपुर 14 मई।** प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि बे-मौसम बारिश से फसल खराब होने से प्रभावित किसानों को 3 महीने बाद भी मुआवजा नहीं मिलना दुर्भाग्यजनक है। इन्हीं समस्याओं से किसानों को निजात दिलाने के लिए कांग्रेस ने किसानों को गारंटी दी है कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर बे मौसम फसल खराब होने पर किसानों को मुआवजा की राशि 30 दिन के भीतर देना अनिवार्य किया जाएगा। जनवरी माह में हुई बारिश के चलते दुर्ग धमधा, बालोद गुंडरदेही, गुरुर सहित अन्य जिलों के लाखों किसानों को मुआवजा की राशि नही मिला है। किसान 3 महीने से मुआवजा के लिए चक्कर काट रहे हैं अभी अप्रैल माह में हुई बारिश से भी किसानों को भारी नुकसान हुआ है उसका मुआवजा कब मिलेगा इसका पता नहीं। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा चुनाव को देखते हुए किसानों की हितैषी बनती है और चुनाव खत्म होने के बाद किसानों की ओर पलट का नहीं देखती है विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा के नेताओं ने किसानों के बेहतरी के लिए बड़े-बड़े मंचों से भाषण दिए थे जो सरकार बनने के बाद नहीं दिख रहा। आने वाले खरीफ सीजन में किसानों से कम धान खरीदना पड़े इसलिए अभी से भाजपा की सरकार किसानों को सहकारी समिति से मिलने वाली सहायता राशि में कटौती कर दिया कई जिलों में किसानों ने जो 21 कुंटल धान बेचा है उसकी भी जांच करवाई जा रही है किसानों को फसल लगाने के वक्त खाद बीज की संकट से जूझना पड़ रहा है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार जिन किसानों के फसल खराब हुई है उन्हें तत्काल मुआवजा की राशि जारी करें और फसल लगाते समय सहकारी समिति की सहायता राशि को पूर्व की तरह 26000 रु प्रति एकड़ दे।

## छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रारंभ

**रायपुर 14 मई।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर में 13 मई 2024 (सोमवार) को ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रारंभ हो गया है। ग्रीष्मकालीन अवकाश के प्रथम दिन मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा द्वारा अपने न्यायालय में लिस्टेड प्रकरणों में सुनवाई करने के पश्चात् ज्यूडिशियल शाखाओं में चल रहे प्रकरणों के सत्यापन कार्य का निरीक्षण किया गया। उल्लेखनीय है कि उच्चतम् न्यायालय के निर्देशानुसार औचित्यहीन लंबित प्रकरणों को चिन्हांकित करने की प्रणाली विकसित किया जाना है जिससे ऐसे उपरोक्त चिन्हांकित लंबित प्रकरणों को सुनवाई पश्चात् निराकृत किया जा सके। इस तारतम्य में मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा के निर्देशानुसार रिट, क्रिमिनल अपील, क्रिमिनल रिवीजन, अवमानना प्रकरणों एवं अन्य प्रकरणों में औचित्यहीन लंबित प्रकरणों की लिस्ट बनाने का कार्य चल रहा है जिसे ज्यूडिशियल ऑफिसर एवं उच्च न्यायालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। उपरोक्त कार्य का निरीक्षण करने हेतु मुख्य न्यायाधीश प्रत्येक शाखा में गये तथा सत्यापित किये गये प्रकरणों की जांच की। उन्होंने रजिस्ट्रार जनरल एवं रजिस्ट्रार ज्यूडिशियल को निर्देशित किया कि प्रतिदिन शाखाओं में चल रहे सत्यापन कार्य की जांच करें एवं उसकी रिपोर्ट उनके समक्ष प्रस्तुत की जाए। उन्होंने यह भी अवगत् कराया कि वे उपरोक्त सत्यापन कार्य का समय-समय पर औचक निरीक्षण करते रहेगें।

## समाचार संक्षेप

### भूमि में अवैध निर्माण रोक, अतिक्रमण हटाने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**सुकमा 14 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । सर्व-आदिवासी समाज के द्वारा तोंगपाल में सार्वजनिक उपयोग एवं बस-स्टैंड निर्माण हेतु आरक्षित भूमि में अवैध निर्माण रोक, अतिक्रमण हटाने तहसीलदार महोदय को ज्ञापन सौंपा। सर्व-आदिवासी समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने आमजनों की मिल रही समस्या को देखते हुए 20 पंचायत के पदाधिकारियों की बैठक में लिया गया निर्णय। तोंगपाल में बस स्टैंड का अभाव, मुसाफिरों के लिए एक शौचालय भी उपयोग में नहीं। बस-स्टैंड परिसर आस-पास कई लोग जगह-जगह पर अपना कब्जा किये हुए हैं। बैठक में उपस्थित रहे सर्व-आदिवासी समाज मदन नाग(तोंगपाल सरपंच), हड़मा मंडावी(सगुनघाट सरपंच), अर्जुन मरकाम(सौतनार सरपंच), जितेंद्र मंडावी(कनकापाल सरपंच), सुकुलधर नाग(मारेंगा सरपंच), महादेव वेट्टी(ताहकवाड़ा सरपंच), लच्छु कश्यप(उपाध्यक्ष कोया समाज), दिलीप मरकाम(जोन अध्यक्ष), चंदन कवासी(ब्लॉक सचिव), सुखमन नाग, देवा मरकाम, लक्ष्मण कोर्राम, एवं सदस्यगण साथ मिलकर बैठक में निर्णय किया गया साथ ही निराकरण नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने बताया।

### 2 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा 14 मई।** भैरमगढ़ एरिया कमेटी में प्रतिबंधित संगठन के



2 माओवादियों बेचापाल पंचायत डीएकेएमएस सदस्य मोतीराम कुंजाम पिता स्व बोदा कुंजाम व बेचापाल पंचायत सीएनएम सदस्य राजेश ओयाम पिता सुक्कू ओयाम ने सोमवार को डीआरजी कार्यालय दन्तेवाड़ा में आत्मसमर्पण किया। उपरोक्त माओवादियों को आत्मसमर्पण कराने में 231वीं वाहिनी सीआरपीएफ का विशेष योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा द्वारा आत्मसमर्पित माओवादियों को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पुनर्वास योजना के तहत् 25-25 हजार रूपये प्रोत्साहन राषि एवं पुनर्वास योजना के तहत मिलने वाले सभी प्रकार के लाभ प्रदाय कराया जायेगा। लोन वर्राटू अभियान के तहत् अब तक 180 इनामी माओवादी सहित कुल 801 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर समाज के मुख्यधारा में जुड़ चुके हैं।

### न्यायालयों में भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा स्थापित करने का प्रस्ताव किया जाएगा पारितः श्रीवास्तव




**जगदलपुर 14 मई।** कायस्थ समाज के पदाधिकारी समाज के सदस्यों से भगवान चित्रगुप्त के प्राकट्य उत्सव में सपरिवार शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। वहीं जगदलपुर के अलग-अलग सनातनी हिंदू समाज को भी विशेष रूप से इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। कायस्थ समाज जगदलपुर के अध्यक्ष अर्जुन श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतिवर्ष वैशाख शुक्ल, गंगा सप्तमी के दिन भगवान चित्रगुप्त के प्राकट्य उत्सव का कार्यक्रम समाज के द्वारा हर्षो उल्लास के साथ मनाया जाता है। चूंकि भगवान चित्रगुप्त सृष्टि के प्रथम न्यायाधीश हैं। अतः अंग्रेजी हुकूमत के समय से भारत के समस्त न्याय के मंदिर (न्यायालय) में स्थापित विदेशी (यूनानी) न्याय की देवी की प्रतिमा के स्थान पर भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा स्थापित करने का प्रस्ताव इस कार्यक्रम में पारित किया जाएगा। कायस्थ समाज जगदलपुर के सचिव गजेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि 18 मई, शनिवार को भगवान चित्रगुप्त प्राकट्य उत्सव स्थानीय चित्रगुप्त मंदिर चित्रांश भवन, सिविल लाइन, लालबाग में संपन्न होगा जिसमें जगदलपुर तथा आस-पास के गांव में रहने वाले सभी कायस्थ समाज के सदस्य इसमें शामिल होंगे। जिसमें तय कार्यक्रम के अनुसार 18 मई की सुबह 8 बजे भगवान का अभिषेक, आरती के साथ शुरू होगा, इसके पश्चात दोपहर 2 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी दीपक श्रीवास्तव एवं राजीव निगम के नेतृत्व में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न होंगे जिसमें बच्चों की रंगोली ,चित्रकला, नृत्य प्रतियोगिता होगी और महिलाओं की कुर्सी दौड़ और गायन प्रतियोगिता भी होगी। संध्या 4 बजे पूजन, हवन संपन्न किया जायेगा। संध्या 5 बजे समाज के सभी सदस्य भगवान चित्रगुप्त की शोभा यात्रा चित्रांश भवन से निकालेंगे, जिसमें अन्य समाज के सनातनी हिंदू भाई-बहन भी सम्मिलित रहेंगे। यह शोभा यात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस चित्रगुप्त मंदिर में पहुंचेगी जहां समस्त कायस्थ जन एक साथ मिलकर भगवान चित्रगुप्त की सामूहिक महाआरती करेंगे। सामूहिक महाआरती के बाद समाज के वयोवृद्ध सदस्यों को तथा विशेष उपलब्धि हासिल किए समाज के सदस्यों को कायस्थ रत्न व भगवत गीता की पुस्तक देकर सम्मानित किया जाएगा और विजेता प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

### समुद्र से आ रही नमीयुक्त हवा के कारण आगामी 5 दिनों तक अंधड़-बारिश की चेतावनी

# अंधड़ व बारिश से बस्तर संभाग में तेन्दूपत्ता की खरीदी प्रभावित

- तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 14 मई।** बस्तर संभाग के सभी जिलों बस्तर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, सुकमा, कांकेर, बीजापुर और नारायणपुर में मौसम विभाग ने आज भी बारिश की संभावना के साथ आगामी 05 दिनों तक अंधड़ और बारिश की चेतावनी जारी करते हुए बताया कि समुद्र से आ रही नमी युक्त हवाओं के कारण मौसम में बदलाव हो रहा है। इस अंधड़ व बारिश के कारण बस्तर संभाग में तेन्दूपत्ता की खरीदी प्रभावित हो रही है। जगदलपुर वन वृत्त के चारों वनमंडल बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर में इस सीजन में पौने तीन लाख मानक बोरा तेन्दूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें अब तक तीन वनमंडल सुकमा, दंतेवाड़ा और बस्तर में 77 हजार 475 मानक बोरा तेन्दूपत्ता की खरीदी हो पायी है। बीजापुर वनमंडल के कई फड़ में खराब मौसम को देखते हुए तेन्दूपत्ता की खरीदी शुरू नहीं हो पायी है। बस्तर संभाग



में पिछले दिनों तेज अंधड़ के साथ बारिश हुई थी। कुछ जगहों पर ओलावृष्टि भी हुई थी, इसके कारण तेन्दूपत्ता की गुणवत्ता खराब हुई है। यही कारण है कि ठेकेदारों द्वारा रोक-रोककर तेन्दूपत्ता की खरीदी की जा रही है

उल्लेखनीय है कि हरा सोना के नाम से प्रसिद्ध तेन्दूपत्ता का संग्रहण कर महिलाएं प्रति वर्ष सीजन में आर्थिक आय अर्जित करती है। तेन्दूपत्ता का पारिश्रमिक पूर्व में कम था, क्योंकि पहले पारिश्रमिक दर में कम वृद्धि की जा रही थी। भाजपा ने प्रति मानक बोरा 5500 रूपए करने का वादा किया था और वादा निभाते हुए इस सीजन में 55 सौ रूपए भुगतान करने की घोषणा की गई है। यही कारण है कि संग्राहक अधिक से अधिक मात्रा में तेन्दूपत्ता की संग्रहण करने तैयारी में थे, लेकिन बेमौसम बारिश के कारण खरीदी प्रभावित हो रही है। । बीजापुर वनमंडल में सबसे बेहतर क्वालिटी के तेन्दूपत्ता पायी जाती है, लेकिन यहां अब तक खरीदी शुरू नहीं - हो पायी है। वहीं बारिश के कारण फड़ में सूख रही तेन्दूपत्ता भी खराब हो रही है।

एक नजर

## बच्चों को नैतिक मूल्य, राजयोग और अच्छे संस्कारों की दी गई शिक्षा



**महासमुंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र उपकार भवन नयापारा में आयोजित शिखर समर कैंप लर्न विद फन कार्यक्रम छोटे-छोटे बच्चों के देशभक्ति गीत संगीत डांस, राजयोग, मेडिटेशन के साथ समापन हुआ। मदर्स डे पर बच्चों के माता पिता भी शिरकत किए। 5 से 12 मई तक चले इस कैंप में ब्रम्हा कुमारी सुषमा ने बच्चों को निबंध और भाषण लिखने की कला सिखाई। साथ ही नैतिक मूल्यों की शिक्षा, राजयोग की शिक्षा से बच्चों में अच्छे संस्कारों का समावेश, आर्ट एंड क्राफ्ट की शिक्षा, सोशल मीडिया और मोबाइल से दूर रहने की सलाह बच्चों को दी गई। कोमाखान सेवा केंद्र से पधारी ब्रम्हा कुमारी डोमेश्वरी ने बच्चों को अपने से बड़ों का आदर कैसे करने का तरीका सिखाया। मुख्य अतिथि स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ एन सचदेवा, डॉ स्वाति सचदेवा, डॉ भूपेंद्र लोधी, डॉ चंद्रजीत साहू इस कार्यक्रम में शामिल होकर बच्चों को पुरस्कार वितरित कर उनका मान बढ़ाया। ब्रम्हा कुमारी सुमन ने पाज़िटिव थिंकिंग को और मजबूत रखने का सुझाव दिया, ब्रम्हा कुमारी लता ने बच्चों को आत्मज्ञान और आत्मा के साथ मूल गुणों को धारण करने की सलाह दी। अन्त में सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति ने कहा कि बच्चों के उज्वल भविष्य में माता-पिता का सहयोग बहुत जरूरी है। सभी अतिथियों एवं बच्चों को इस ईश्वरीय विश्वविद्यालय में राजयोग की शिक्षा ग्रहण करने का ईश्वरीय निमंत्रण दिया।

## सनातन धर्म ही सत्य है :आचार्य शास्त्री



**महासमुंद।** अब हिन्दू धर्म शाश्वत नहीं रह गया है, यह कुछ लोगों के लिए आर्थिक लाभ का जरिया बन गया है। धर्म एक है, लक्षण अलग-अलग हो सकता है। हम न कोई दक्षिणा लेते हैं और न ही कोई उपहार जो भी भागवत कथा में चढ़ावा आता है उसका उपयोग हम गरीब और जरूरतमंद बेटियों के विवाह में खर्च करते है। उक्त बातें चाय वाले बाबा के नाम से प्रख्यात सिलयारीधाम के आचार्य नरेन्द्र नयन शास्त्री ने बीटीआई रोड स्थित आलोक चंद्राकर के निवास में पत्रकारों से कही। शास्त्री ने कहा कि यह कोशल प्रदेश है। महासमुंद की पावनधरा पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ अनुष्ठान का रविवार को श्री गणेश पूजन, पितश्वर पूजन, गौकरण कथा, कलश यात्रा और श्रीमद् भागवत की स्थापना के साथ शुरू हुआ। आज से श्रीमद् भागवत कथा का आरंभ परीक्षित जन्म से होगा। आचार्य ने कहा कि सनानत धर्म ही सत्य है और साश्वत है और वहीं भगवान का वास होता है। सनातन धर्म का प्रचार करते हुए गरीब बेटियों के लिए कुछ करने की इच्छा है। अब धर्म शास्वत नहीं रह गया कुछ लोगों ने धर्म को आर्थिक लाभ का जरिया बना लिया है। धर्म एक है इसे जातियों में बांटना बंद कर दें।

# गोस्वामी समाज शंकराचार्य का आध्यात्मिक उत्तराधिकारीः विजय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम 13 मई।** भारतीय संस्कृति के विकास में आदि शंकराचार्य का विशेष योगदान रहा है।आदि गुरू शंकराचार्य ने सम्पूर्ण भारत में भ्रमण कर चारों दिशाओं में चार मठों की स्थापना की। उक्त उद्गार व्यक्त करते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा। श्री शर्मा प्रांतीय सनातन दशनाम गोस्वामी समाज द्वारा राजधानी के पाल भवन में आयोजित शंकराचार्य प्रकाट्य समारोह के मुख्य अतिथि थे।श्री शर्मा ने सामाजिक बंधुओं की अपार उपस्थिति को संबोधित करते हुए आगे कहा कि उन मठों से दशनाम गोस्वामियों को संबद्ध कर सनातन धर्म के रक्षार्थ कार्य सौंपा। इस प्रकार दशनाम गोस्वामी समाज आदिगुरू शंकराचार्य के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी हैं। उन्होंने आगे कहा कि गोस्वामी समाज संपूर्ण समाज का पथ प्रदर्शक है, जिस प्रकार आदिगुरु शंकराचार्य जी ने तात्कालीन समय में समाज में प्रचलित जाति प्रथा, छुआछूत, पशु बलि जैसे कुरीतियों का प्रबल विरोध किया, उसी प्रकार गोस्वामी समाज संपूर्ण समाज को पथ प्रदर्शित करते हुए सनातन संस्कृति की ध्वजा फैलाने का कार्य कर रहा है।÷ कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्थापक एवं नीति निर्धारण समिति के सदस्य रमन गिरि ने कहा ÷शंकराचार्य अद्वैत वेदम के प्रणेता माने जाते हैं। उनके विचारों प्रदेश आत्मा और परमात्मा की एकरूपता पर आधारित है। जिनके अनुसार परमात्मा एक ही समय में शगुन और निर्गुण दोनों ही स्वरुप में विद्यमान रहता है।÷ विशिष्ट अतिथि की आसंदी से संस्थापक सदस्य ओंकार पुरी ने कहा कि बालक शंकर में अद्भुत गुण विद्यमान था, 3 वर्ष की आयु में हुए वेदों का ज्ञान प्राप्त करना प्रारंभ कर लिया, 8 वर्ष की आयु में चारों वेदों में निष्णात हो गए, 12 वर्ष की आयु में सभी शास्त्रों में पारंगत हो गए। और 16 वर्ष की आयु में 100 से भी अधिक ग्रंथों की रचना कर चुके थे। देश के चारों कोनों में चार पीठों की स्थापना कर धर्म, संस्कृति, समाज व राष्ट्र के उत्थान की दिशा में कार्य कर 32 वर्ष की अवस्था में केदारनाथ में समाधिष्ट हो गए। अल्पायु में ही उन्होंने संपूर्ण भारत वर्ष को एकता के



सूत्र में पिरोने का कार्य किया।÷ विशिष्ट अतिथि नारायण दास त्यागी जी महाराज ने शंकराचार्य के जीवन दर्शन से संबंधित प्रेरक प्रसंग सुनाएं। संरक्षक उमेश भारती गोस्वामी ने शंकराचार्य दर्शन का सार प्रस्तुत करते हुये कहा कि ÷ब्रह्म और जीव मूलतः और तत्वत~ एक है, जो अंतर हमें नजर आता है। उसका कारण अज्ञान है। जीव की मुक्ति के लिए ज्ञान आवश्यक है, और जीव की मुक्ति ब्रह्म में लीन हो जाने में है।÷ कार्यक्रम का प्रारंभ केशव गिरि के मार्गदर्शन व भगवद्गाचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार, स्वस्तिवाचन वाचन पूजा अर्चना के साथ हुआ। अतिथि स्वागत के प्रसाद प्रांताध्यक्ष अशोक गिरि गोस्वामी द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा तोषण गिरि महासमुन्द, संजय गोस्वामी जशपुर, पत्रकार कामेश्वर पुरी राजिम, सृष्टि गोस्वामी बिलासपुर, शिखा गोस्वामी चंदखुरी मुंगेली, नित्या गोस्वामी व पावस गिरि तोरला महासमुन्द, सहित समाज के 17 भगवद्गाचार्यों का स्मृति चिन्ह, श्रीफल व भगवा वस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सुरेन्द्र कृष्ण गिरि, महाराज भाटापारा, मानस मर्मज्नश भारती पामगढ़ जांजगीर, टंकेश्वर गिरि जी इंदौरी बेमेतरा, रामेश्वर गिरि जी मठपुरैना रायपुर, श्रीमती नीलू-सुजीत गोस्वामी रायपुर, बेनू गिरि जी नया रायपुर, संतोष पुरी जी साराडीह महासमुन्द, बाल विदुषी कीर्ति किशोरी जी नगर पंचायत पलारी बलौदाबाजार, बाल विदुषी रेणुका गोस्वामी जी लेवई भाटापारा, श्रीमती मोंगरा गोस्वामी सोनडबरी रायपुर, तरुण पुरी गोस्वामी जी अरंड महासमुन्द, बाल विदुषी सुश्री गीता गोस्वामी जी पथर्रा राजिम, रामकिशोर गिरि जी मचांदुर दुर्ग, बाल विदुषी किशोरी आंचल गोस्वामी शक्ति, राजेन्द्र गिरि गोस्वामी जी कोसरंगी, ज्योतिषाचार्य आशुतोष गोस्वामी रायपुर, भरत गिरि खम्हारी पारा गरियाबंद शामिल हैं। संपूर्ण कार्यक्रम विष्णु गिरि के संयोजन, घनश्याम गिरि व बद्री पुरी के सह संयोजन पोखराज बन के समन्वय तथा प्रांतीय अध्यक्ष डॉ अशोक गिरि व भूपेन्द्र पुरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन ट्यूशन गिरी एवं ज्योतिषाचार्य पंडित तरुण पुरी और आभार विष्णु गिरी ने किया। इस अवसर पर जिले के अध्यक्ष दुर्ग जिलाध्यक्ष धनराज पुरी, गरियाबंद जिला अध्यक्ष काशीपुरी कुंदन, कोरबा जिलाध्यक्ष घांसी गिरि, रायगढ़ जिला सचिव भुनेश्वर बन, महासमुन्द जिलाध्यक्ष तोषण गिरि, बालोद जिलाध्यक्ष दुष्यंत गिरि, शक्ति जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र गिरि, अंबिकापुर संयोजक अजय गिरि, बेमेतरा संयोजक, अश्वनी बन, धमतरी जिला संयोजक गुलाब भारती, बिलासपुर संयोजक, मुकेश गिरि, मुंगेली जिला संयोजक, पंकज गिरि, बलौदाबाजार जिला संयोजक श्री सुरेन्द्र गिरि, सारंगढ़ जिला संयोजक, दिलीप गोस्वामी, जांजगीर जिला संयोजक, सूरज गिरि के नेतृत्व में प्रदेश भर के सामाजिक जन्म बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। कार्यक्रम का सफल संचालन ट्यूशन गिरी एवं ज्योतिषाचार्य पंडित तरुण पुरी ने संयुक्त रूप से किया। रामकुमार पुरी, प्रहलाद गिरि, केशव गिरि, धर्मेन्द्र प्रकाश गिरि , गुमान पुरी, घनश्याम गिरि, सह सचिव मनीष बन, हरीश गिरि, प्रचार सचिव कामेश्वर पुरी, सुशील पुरी, संगठन सचिव उमेश गिरि,

जागेश्वर बन, मदन गिरि, गिरीश पुरी, सदस्य देवेन्द्र गिरि, चंदू गिरि, रामपुरी, पंकज गिरि, डोमन पुरी, अजय गिरि, कमलेश भारती, आकाश गिरि, अविनाश गिरि, मातृशक्ति प्रकोष्ठ के उषाकिरण गोस्वामी, मोहनी गोस्वामी हीना गोस्वामी, मनीष गोस्वामी, संगीता गोस्वामी, सुधा गोस्वामी, पप्पू जनार्दन, प्राणेश्वर दाऊ, अशोक गिरि, शैलेश गिरि, राकेश पुरी, देवेन्द्र गिरि, सुशील पुरी, जयन्त प्रकाश गिरि, विक्की गोस्वामी, किशन गिरि, सुरेश गिरि, के बी गोस्वामी, लखनपुरी, हेमंत पुरी, हरीश पुरी, राजेश पुरी, दीपक गिरि, नारायण पुरी, दिनेश गिरि, टकेश्वर पुरी, भूपेन्द्र गिरि, भीष्म गोस्वामी, डॉ लालपुरी, आशुतोष पुरी, सोनू पुरी, संजू पुरी, विशाल पुरी, संजू गिरि, आनंदपुरी, भगवंत गिरि, सोनगिरि, अविनाश गिरि, देवपुरी, प्रहलाद पुरी, सोनू गोस्वामी, कैलाश गोस्वामी, विकास गिरि, सुशील गोस्वामी, गोविंद गिरि, शेखर पुरी, नरेन्द्र गिरि, धनंजय गोस्वामी, गुमान गिरि, मोनू गोस्वामी, कोमल पुरी, दानी गोस्वामी, भोजेन्द्र गोस्वामी, बोधन गोस्वामी, सुरेन्द्र गिरि, दीपक पुरी, शांता भारती, बुद्धगिरि, धीरेन्द्र गिरि, राकेश गिरि, गोकुल गिरि, जितेन्द्र गिरि, लल्ला पुरी, बल्लू गिरि, किशोर पुरी, गजेन्द्र गोस्वामी, शंकर गिरि, संतोष पुरी, योगेन्द्र पुरी सरदा, नीरज गोस्वामी, मातृशक्ति शारदा गोस्वामी, ममता गोस्वामी, शीला गोस्वामी, मधु गोस्वामी, विमला गोस्वामी, शकुन गोस्वामी, गायत्री गोस्वामी, नमिता गोस्वामी, प्रियंका गोस्वामी, हेमचंदरानी गोस्वामी, लक्ष्मी गिरि, उर्वशी गोस्वामी मौजूद थे।

# पीएमश्री रक्सा स्कूल में समर कैंप का आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 14 मई।** पी एम श्री शासकीय प्राथमिक शाला रक्सा में समर कैंप का आयोजन 10 मई 2024 से सुबह 7ः00 से 9ः30 बजे तक किया जा रहा है.शाला के शिक्षक जित्तू खूंटे ने बताया कि समर कैंप में बच्चे अपने रुचि अनुसार विभिन्न प्रकार के चित्रकला, ड्राइंग, छत्तीसगढ़ी लोकगीत आदि रचनात्मक कार्य सीख रहे हैं। साथ साथ शिक्षकों के द्वारा बच्चो में हो रही त्रुटि में सुधार के लिए शिक्षक निरंतर प्रयत्नशील है. शिक्षकों के मार्गदर्शन में उत्तरोत्तर निखार ला रहे. इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र कुमार जोशी ने शाला पहुंचकर छात्र-छात्राओं के उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि समर कैंप ग्रीष्मकालीन शिविर विद्यालय द्वारा छात्र -छात्राओं के समग्र विकास के लिए किया गया एक रचनात्मक कार्यक्रम है. जिसमें छात्र खेल खेल में अपनी पसंदीदा गतिविधियों को आसानी से सीख पाते है.छात्र इस कैम्प के माध्यम से समस्या निवारण व कौशल विकास हासिल करते हैं.वहीं विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा हारमोनियम, बांसुरी एवं केसियो वादन कर बच्चों को मंत्र मुग्ध कर दिया.समर कैंप के चतुर्थ दिवस पर डी एम सी के. एस.नायक ने समर कैम्प शिविर का अवलोकन करते हुए उन्होंने बच्चों के साथ शिक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर को बच्चों की रचनात्मकता के लिए बेहतर आयोजन बताया .इस शिविर में पतंग बनाना,ड्राइंग चित्रकला,रंगोली योग शिक्षा,नैतिक शिक्षा व सामाजिक जागरूकता आदि विधाओं में.पारंगत किया जा रहा है. इसके अलावा खेल खेल मे संज्ञा,सर्वनाम, क्रिया विशेषण, अंग्रेजी के शब्दों में वाक्य बनाना एवं गुणा,भाग,जोड़ना जैसे परंपरागत शिक्षा प्रदान की जा रही है. इस अवसर पर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा, प्रधान पाठक अमीरचंद साहू, सहायक शिक्षक विनोद साहू,संगीत प्रशिक्षक राजेश साहू उपस्थित थे।

## अक्षरा जिले में प्रथम



**बीजापुर, 14 मई ।** छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में कक्षा बारहवी की छात्रा कुमारी अक्षरा चौहान ने 82.80त्न अंक के साथ जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया छात्रा बीजापुर में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में कामर्स की छात्रा है । पिता श्री राकेश चौहान पुलिस विभाग में प्रधान आरक्षक के पद पर कार्यरत है । छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं शिक्षको को दियापुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ0 जितेन्द्र कुमार यादव ने बच्ची की इस सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर भेट स्वरूप टेबलेट प्रदान किया । इस दौरान अतरिक्त पुलिस अधीक्षक बीजापुर श्री चंद्रकांत गवर्ना, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री तुलसी राम लेकम, उप पुलिस अधीक्षक सुश्री गरिमा दादर उपस्थित थे।

# माओवादियों का घिनौना चेहरा फिर उजागर हुआ

**बीजापुर, 14 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम बोड़गा में दो मासूमों की हत्या माओवादियों द्वारा लगाए गए आईडी ब्लास्ट से हुई। आदिवासी बाहुल्य जिला बीजापुर में नक्सलियों का घिनौना चेहरा फिर उजागर हुआ।अब यह बात स्पष्ट होती नजर आ रही है कि माओवादी आम आदिवासियों का ही दुश्मन है विदेशी ताकतों के इशारे पर आम आदिवासियों की हत्या की जा रही है। ग्राम ईतावर के दो अबोध बालक आईडी की चपेट में आकर मारे गए।इनके अकाल मृत्यु का पूरा दोष नक्सलियों के ऊपर जाता है।ज्ञात हो कि कुछ माह पूर्व नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईडी से एक कक्षा तीसरी की स्कूली छात्रा भी घायल हुई जिसे नक्सलियों ने उचित इलाज से भी वंचित रखा था। तथाकथित कुछ मानव अधिकार के लोगों द्वारा निरंतर निर्दोष और मासूमों की मौत पर चुप्पी साधे रहना भी समझ से परे है अथवा मौन



सहमति ही माना जाएगा।और आदिवासियों के हितों के प्रति संवेदनहीन है। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने फिर पुनः एक बार माओवादियों से अपील करते हुए आत्मसमर्पण कर विकास की मुख्यधारा में लौटने की अपील की। वहीं मासूमों के मौत पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए राज्य और केंद्र शासन की ओर से 5-5 लाख रुपए इस तरह प्रत्येक मृतक के परिजनों को 10-10 लाख रुपए अतिशीघ्र प्रदान करने की बात कही और अंत्येष्टि के लिए तत्काल 25-25 हजार रुपए अग्रिम प्रदान करने की घोषणा की।

## भाजपा सरकार में आखिर क्यों आदिवासियों की मौतें हो रही है: विक्रम मंडावी



**बीजापुर, 14 मई।** मंगलवार को बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से लगातार बस्तर में ख़ासकर बीजापुर ज़िले में किसी न किसी ग़रीब और निर्दोष आदिवासी की मौत हो रही है। चाहे मुतवेंडी गांव में 06 माह की मासूम बच्ची को गोली लगने से हुई मौत हो, चाहे गंगालूर क्षेत्र में प्रेशर बम की चपेट में आने से तेंदूपत्ता तोड़ने गई महिला की मौत हो या फिर एक दिन पूर्व इंद्रावती नदी के पार गांव बोगड़ा में बम फटने की वजह से 02 मासूम बच्चों की मौत हो जिले में लगातार क्रॉस फायरिंग, फर्जी मूठभेड़ और प्रेशर बम में मौत होना और घायल होना आम बात हो गई है। विधायक विक्रम मंडावी ने अपने विज्ञप्ति में आगे कहा कि भाजपा सरकार की नाकामी और लफ़रवाही का ख़ामियाज़ा जिले के निर्दोष और ग़रीब आदिवासियों को उठाना पड़ रहा है भाजपा सरकार की नाकामी के कारण बीजापुर ज़िले में लगातार नक्सली घटनाएँ बढ़ रही और आम आदिवासियों की मौतें हो रही है। भाजपा सरकार आम आदिवासियों को सुरक्षा देने में पूरी तरह फेल हो गई है। विधायक विक्रम मंडावी ने भाजपा सरकार से मांग करते हुए कहा कि भाजपा सरकार सभी घटनाओं की ज़िम्मेदारी ले और जिले में लगातार हो रही आदिवासियों की मौतों को तत्काल बंद कराये। भाजपा सरकार में आखि़र क्यों आम आदिवासियों की मौतें हो रही है ? इसकी उच्चस्तरीय न्यायिक जांच कराये जाने की भी मांग विधायक विक्रम मंडावी ने भाजपा सरकार से की है। वही विधायक विक्रम मंडावी ने मंगलवार को इंद्रावती नदी पार गांव बोगड़ा में बम फटने की घटना में दो आदिवासियों बच्चों की हुई मौत पर गहरा दुख प्रकट किया और परिवारजनों को ढाढ़स बांधा साथ ही बोगड़ा गांव के ग्रामीणों से चर्चा कर घटना की विस्तृत जानकारी ली है।

# प्रखर शर्मा को दसवीं सीबीएसई परीक्षा में मिले 90.2 प्रतिशत अंक

## स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओ ने कहा प्रखर की मेहनत का मिला परिणाम



**पत्थलगांव, 14 मई।** सेंट्रल बोर्ड सेकेण्डरी एजुकेशन का परीक्षा परिणाम घोषित होने पर प्रखर शर्मा ने 90.2 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल के अलावा शहर मे भी अपना पहला स्थान बनाया है। उनके उत्कृष्ट अंको को स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओ ने प्रखर की मेहनत का परिणाम बताया। प्रखर शर्मा पिता सुनील शर्मा प्रारंभिक शिक्षा के दौरान से ही हमेंशा अग्रणी स्थान लाकर शहर का नाम गौरांवित किये है। शिक्षा मे धनी प्रखर ने यहा के लिटिल रोज अंग्रेजी माध्यम स्कूल से विद्यालय जीवन की शुरूवात की। दसवीं सी.बी.एस.सी बोर्ड मे अच्छे अंक लाना हर विद्यार्थी का सपना होता है,जिसके लिए विद्यार्थी शुरू से ही अथक प्रयास कर उत्कृष्ट अंक लाने की पंक्ति मे खडे होते है,परंतु जरूरी नही की हर विद्यार्थी बेहतर अंक लाकर परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट बना सके। यह बातें प्रखर शर्मा ने कही थी। उनका कहना था कि शिक्षा की दौड मे वे हमेंशा खुद को आगे रखने की कोशिश करते है,परंतु जरूरी नही की वह हर दौड मे वे अव्वल आ सके,परंतु कोशिश करना उनका सिद्धांत है। उन्होने दसवीं की पढाई शुरू करते ही प्रथम स्थान बनाने की ठान ली थी,वे हमेंशा स्कूल मे प्रथम पंक्ति मे बैठकर शिक्षको के ज्ञान का अनुसरण किये। आज यही कारण था कि सैकडो बच्चो की दौड मे उन्होने स्कूल ही नही वरन् शहर मे भी अपना पहला स्थान बनाया। सोमवार को सेंट्रल सेकेण्डरी एजुकेशन के परिणाम घोषित हुये। प्रखर शर्मा के अलावा शौर्य अग्रवाल ने 89 प्रतिशत एवं पलक गर्ग ने 77.2 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल के साथ शहर का भी नाम रौशन किया। विद्यालय परिवार की ओर से सभी विद्यार्थीयों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें देते हुये आगे की कक्षाओ मे और अधिक परिश्रम करने की सलाह दी।

# नक्सली के नाम से निहत्थे आदिवासी ग्रामीणों को मारना बंद करें भाजपा सरकार:सीपीआई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 14 मई।** सीपीआई के जिला सचिव कमलेश झाड़ी ने एक प्रेस बयान जारी कर हाल ही में हुए पीडिया एनकाउंटर पर सवाल खड़ी कर दिया है। उनका कहना है की जिस तरीक़े से पुलिस प्रशासन और मौजूदा भाजपा सरकार 12 माओवादियों को मार गिराने और बारह बोर की 12बंदूके पाए जाने की बात कह रहे हैं वहीं ग्रामीणों और प्रत्यक्ष दर्शियों की माने तो सारे मृतक आदिवासी ग्रामीण हैं जो तेंदू पत्ता तोड़ रहे थे उन्हे मारा गया जिसमें नाबालिग भी शामिल है वहीं जिस तरीक़े से सोशल मीडिया में you tub चैनलों में खबरे प्रकशित हो रहि है वह भी अपने आप में एक सवाल है।

ऐसे फर्जी घटनाओं की भारतीय



कम्युनिस्ट पार्टी जिला कमेटी बीजापुर कड़ी निन्दा करती है और सरकार से जांच एवं दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग करती है। वहीं सीपीआई के पूर्व विधायक मनीष कुंजाम ने चर्चा उपरांत अपने बयान में कहा है, की भाजपा की सरकार आदिवासी विरोधी है वर्षो से यहां के मूलवासियों को खत्म करने में लगी है जिससे की यहां की जमीन और संसाधनों को बड़े पूंजीपति कार्पोरेट के हवाले कर सके पर यहां के आदिवासी इनके मंसूबे पर कामयाब होने नही देंगे और जो घटना पीडिया में घटी है वह बहुत ही दर्दनाक और निंदनीय दिल दहलाने वाली घटना है। वहीं जिस तरीक़े से पुलिस प्रशासन और सरकार दावे कर रही है को हमने 12 माओवादियों को मार गिराया और सोशल मीडिया में खबरें आ रहे हैं की वह नक्सली नही थे सभी ग्रामीण है जो तेंदू पत्ता तोड़ रहे थे। उन्हे दौड़ा कर मारा गया है जिसमे नाबालिग भी शामिल है। यह भी एक सवाल। और संदेह अस्पद है।इसी की हकीकत जानने हम कल 15 ता. को एक जांच टीम बनाकर पीडिया गांव पहुंचेंगे और पीड़ितों से मुलाकात करेंगे।

## प्रशिक्षण से आचार्य-दीदीयों के अंदर छुपी प्रतिभा को सामने लाया जाएगा

**महासमुंद।** स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित पंद्रह दिवसीय प्रांतीय आचार्य सामान्य प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन सत्र हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में योगेश्वर राजू सिन्हा (विधायक महासमुंद एवं विद्यालय के पूर्व छात्र), मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. देवनारायण साहू (संगठन मंत्री सरस्वती शिक्षा संस्थान छग रायपुर), विशेष अतिथि कमल अग्रवाल (प्रांतीय कोषाध्यक्ष), घनश्याम सोनी (आदर्श शिक्षा मंदिर समिति के अध्यक्ष), भूपेंद्र राठौर (सचिव), राजेश लूनिया (स्थायी सदस्य), महेश मक्कड़ (कोषाध्यक्ष), मानिक लाल साहू (विभाग समन्वयक राजिम), दीपक सोनी (विभाग समन्वयक दुर्ग), रामकुमार साहू (वर्ग के मुख्य शिक्षक), विद्यालय के प्राचार्य राजश्री ठाकुर, प्रधानाचार्य कृष्णा चंद्राकर उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, ओम एवं भारत माता के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पण, तिलक लगाकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। पश्चात कार्यक्रम में अतिथि परिचय मानिक राम साहू द्वारा करवाया गया।

# अभियान के दौरान मुतवेंडी-पीड़िया के जंगलों से 14 माओवादी गिरफ्तार

- कब्जे से विस्फोटक, प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन की प्रचार प्रसार की सामग्री बरामद
- डीआरजी बीजापुर एवं थाना गंगालूर की कार्रवाई



**बीजापुर, 14 मई।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के दौरान दिनांक 12/05/2024 को डीआरजी बीजापुर एवं थाना गंगालूर की टीम माओवादी विरोधी अभियान पर मुतवेंडी- पीड़िया की ओर निकली थी । अभियान से वापसी के दौरान पुलिस पार्टी द्वारा पीड़िया - मुतवेंडी के मध्य जंगल से विस्फोटक एवं भाकपा माओवादी संगठन के प्रचार प्रसार की सामग्री के साथ 14 माओवादियों को पकड़ा गया । पूछताछ पर अपना नाम :- 1. रेनु कोवासी, मिलिट्री कंपनी नम्बर 02, पीपीसीएम, ईनाम 08.00 लाख 2. मंगली अवलम, गंगालूर एरिया कमेटी, एसीएम, ईनाम 08.00 लाख 3. बिच्चेम उईका, गंगालूर एरिया कमेटी, एसीएम, ईनाम 05.00 लाख 4. शर्मिला कुरसम, गंगालूर एरिया कमेटी सदस्या, ईनाम 05.00 लाख 5. लक्ष्मी ताती, गंगालूर एरिया कमेटी सदस्या, ईनाम 05.00 लाख 6. बबीता हेमला, मिलिट्री कंपनी नम्बर 02, पीएम, ईनाम 02.00 लाख 7. सावित्री पूनेम, मिलिट्री कंपनी नम्बर 02, पीएम, ईनाम 02.00 लाख 8. मैनू ओयाम ऊर्फ लच्छु, डिविजन टेलर टीम, पीएम, ईनाम 02.00 लाख 09. पायकी माड्वी, मिलिट्री कंपनी नम्बर 02, सदस्य , 02.00 लाख 10. टोकलू माड़वी, गंगालूर एलओएस सदस्य, ईनाम 01.00 लाख 11. सन्नू लेकाम, छ्ब्यस्स् अध्यक्ष पीड़िया, ईनाम 01.00 लाख 12. बिच्चेम कुंजाम, मिलिशिया प्लाटून सदस्य (त्रक्क्ष्ट कोरचोली) 13. लखू पूनेम, जीआरडी कमांडर (इतावर) 14. पाण्डू मुचाकी, भूमकाल मिलिशिया डिप्टी कमांडर, पीड़िया पकड़े गये माओवादी मिलिट्री कंपनी नम्बर 02 एवं गंगालूर एरिया कमेटी के अंतर्गत सक्रिय होकर कार्यरत है। माओवादियों से बारीकी से पूछताछ कर मार्ग में ढ्ढश्वष्ठ प्लांट करने के लिये छुपाये गये 04 नग टिफीन बम, 02 नग कुकर बम, डेटोनेटर, कार्डेक्स वायर, जिलेटीन स्टीक एवं प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के प्रचार प्रसार की सामग्री, गैती, फावड़ा, सब्बल, पटाखा बरामद किया गया । माओवादियों के द्वारा पुलिस पार्टी को बड़ा नुकसान पहुचाने की नीयत से पीड़िया - मुतवेंडी मार्ग पर ढ्ढश्वष्ठ प्लांट करने की योजना थी । पकड़े गये माओवादियों के विरूद्ध थाना गंगालूर में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है ।

## माओवादियों की एक और कायराना करतूत

**बीजापुर, 14 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** माओवादियों के द्वारा लगाये गये आईडी की चपेट में आने से इन्द्रावती नदी पार के ओड़सापारा ग्राम बोड़गा में 02 मासूम नाबालिग बच्चों की हुई मौत थाना भैरमगढ़ क्षेत्र के ओड़सापारा, बोड़गा गांव का मामला माओवादियों के द्वारा जवानों को निशाना बनाने लगाया था आईडी तेंदूपत्ता तुड़ाई के दौरान आईडी ब्लास्ट होने से ग्राम बोड़गा निवासी लक्ष्मण ओयाम पिता मुन्ना ओयाम, उम्र लगभग 13 वर्ष एवं बोटी ओयाम पिता कमलू ओयाम, उम्र लगभग 11 वर्ष की हुई मौके पर ही मौत सूचना पर थाना भैरमगढ़ द्वारा गांव वालो से संपर्क कर उचित वैधानिक कार्यवाही की जाएगी ।

एक नजर

## सुशील मोदी के निधन पर मालूराम ने जताया शोक



तिल्दा-नेवरा, 14 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। लोकतंत्र सेनानी पुर्व उपमुख्यमंत्री पुर्व राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी दुखद निधन का समाचार से लोक तंत्र सेनानी वरिष्ठ बीजेपी नेता पंडित मालूराम शर्मा ने शोक व्यक्त कर स्रदांजली दी है ईश्वर से प्रार्थना है कि अपने चरणो मे स्थान दे। आत्मा को शांति प्रदान करे।

## प्रताड़ना से महिला की मौत, आरोपिता गिरफ्तार



बलौदाबाजार, 14 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में अपराधों की त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में एस डी ओ पी निधी नाग एवं थाना प्रभारी अजय झा के दिशा निर्देश में थाना सिटी कोतवाली के अपराध क्र 324/2024 धारा 306 भादवि के आरोपीया को गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया। आरोपिता का नाम अन्नत कुंवर पटेल पति रामश्याम पटेल उम्र 56 वर्ष साकिन तारासीव थाना सिटी कोतवाली बलौदा बाज़ार है। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के मर्ग क 41/2024 धारा 174 जा.फौ. का जांच किया गया। जांच दौरान मृतिका लीला बाई पटेल पति पीयुष पटेल उम्र 21 वर्ष साकिन तारासीव थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के पिता पुनित राम यादव चाचा सुनित राम यादव एव मृतिका के ससुर मनीराम पटेल पति पीयुष पटेल सास बुंदेश्वरी पटेल से पुछताछ कर कथन लिया गया। जो अपने अपने कथन में बताया की मृतिका लीला बाई पटेल के दादी सास अन्नत कुवर पटेल के द्वारा मृतिका को तुम अलग जाती के हो मेरे नाति को अपने प्रेम जाल में फसा लिये हो कहकर रोज झगडा लडाई वाद विवाद कर परेशान करती थी। दिनांक 02/04/2024 को रात्रि में भी अन्नत कुवर के द्वारा लडाई झगडा वाद विवाद की थी। जिससे परेशान व प्रताडित होकर मृतिका 2 व 3 अप्रैल की दरम्यानी रात्रि में अपने घर बाड़ी के कुआ में कुदने से पानी में डुबने से मृत्यु होना पाये जाने से आरोपीया के विरुद्ध अपराध धारा 306 भादवि का अपराध घटित करना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। प्रकरण के आरोपीया अन्नत कुवर पटेल पति रामश्याम पटेल उम्र 65 वर्ष साकिन तारासीव के विरूद्ध अपराध सबुत पाये जाने से आज दिनांक 13/05/2024 के 13.30 बजे आरोपीया को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में प्रआर 140 मन्नूलाल ध्रुव व पेट्रोलिंग पार्टी का विशेष योगदान रहा।

## जुड़वा भाइयों ने कक्षा 10वीं मे प्रथम स्थान प्राप्त किया



डोंगरगढ़, 14 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। धर्मनगरी के भगत सिंह वार्ड निवासी निज़ार जीवा के दोनों जुड़वा पुत्र अक़िफ़जीवा और अदीब जीवा ने कक्षा 10 वी में क्रमश 87.5 और 87.3 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है अक़िफ़ और अदीब ने अपने शाला केन्द्रीय विद्यालय के शिक्षको का और लकबीर सर को इसका श्रेय दिया और साथ ही साथ उन्होंने अपने स्वर्गीय दादा दादी का आशीर्वाद भी उन के साथ है ऐसा कहा प्रथम अंक प्राप्त करने पर वार्ड वासियों ने दोनों भाई को बधाई एवं उज्वल भविष्य की कामना कर शुभकामनाएं दी है ।

# सीबीएसई 10वीं व 12वीं में रायन के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



रायपुर, 14 मई। रायन इंटरनेशनल शाला के सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड के नतीजे घोषित हुए जिसमें शाला का परीक्षा फल शत-प्रतिशत रहा। छत्तीसगढ़ के अग्रणी शाला के होनहार विद्यार्थियों ने 100 परसेंट लाकर शाला का सिर्फ नाम ही नहीं रोशन किया बल्कि अपनी योग्यता का परिचय देते हुए बेमिसाल कायम की है।

रायन इंटरनेशनल साला एक मात्र शाला में से है जहां मोंटेसरी शाला से ही बच्चों की नीव सशक्त बनाकर उनके सर्वांगीण विकास की ओर ध्यान दिया जाता है। विद्यार्थियों के अध्ययन के साथ उनके खेलकूद, रचनात्मक कार्य एवं अन्य गतिविधियों में कौशल को निखारा जाता है जहां से बच्चों के सपनों को मिलती है एक नई उड़ान और विद्यार्थी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन शिक्षा के क्षेत्र में दिखाता है।

कक्षा दसवीं बोर्ड के नतीजे इस प्रकार है : आर्या श्रीवास्तवा और राज चंद्राकर ने 96.20 प्रतिशत लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसमें आर्य श्रीवास्तव 96.20, राज चंद्राकर 96.20, मन्नत सचदेवा 94.60, उत्कर्ष तिवारी 94.60, सिद्धांत संजय कुमार 93.20 हैं।

इसी प्रकार सीबीएसई द्वारा कक्षा 12वीं बोर्ड का परीक्षा फल घोषित किया गया जिसमें रायन शाला के विद्यार्थियों ने उच्चतम अंक प्राप्त कर शाला का नाम गर्व से ऊंचा किया है। छत्तीसगढ़ की बुलंदियों पर पहुंचने वाली रायन शाला के विद्यार्थियों ने अपने कठोर परिश्रम के बल पर यह साबित किया कि मेहनत के आगे किस्मत की इतनी औकात नहीं, कि वह किसी के सपने पूरे होने ना दें। डा. ए. एफ पिंटो (शाला संस्थापक) एवं डा. मैडम ग्रेस पिंटो (मैनेजिंग डायरेक्टर) ने सभी विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। शाला के विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों ने अपने उच्च अंको के द्वारा अपनी योग्यता का परिचय दिया और मिसाल कायम की।

शाला का परिणाम इस प्रकार रहा : विज्ञान समूह में अमृता दास 95.40, रूद्र चंद्राकर 94.80, नमन आहूजा 93.20, जुगराज सिंग भाटिया 93.20 हैं। इसी प्रकार कॉमर्स में अंशिता गोवानी 94.20, रिशू पांडेय 88.80 मयंक कछेला 86.40 है। डा. ए. एफ पिंटो (शाला संस्थापक) एवं डा. मैडम ग्रेस पिंटो (मैनेजिंग डायरेक्टर) ने सभी विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# ओडिशा में भी खिलेगा कमलः वर्मा

## राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ओडिशा के गांव-गांव में कर रहे प्रचार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा-नेवरा, 14 मई। राजस्व मंत्री बलौदा बाजार के विधायक छत्तीस गढ़ सरकार के केबिनेट मंत्री उड़ीसा में भारतीय जनता पार्टी के प्रचार में गांव गांव कार्यकर्ताओं के बीच जा रहे है और जगह जगह अपने भजन और गीत से सीधा जनता से जुड़ मोदी सरकार की गारंटी और जन कल्याण कारी योजनाओं का जिक्र कर उड़ीसा में कमल खिलाने और अबकी बार चार सो पार फिर से मोदी सरकार की बात कर रहे है

ग्राम जमसरा (सुंदरगढ़) ओड़िशा में बीरमित्रपुर में ग्रामीण क्षेत्रों में जन चौपाल सभा कर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी शंकर ओराम के पक्ष में प्रचार किया वही मंत्री टंक राम वर्मा एवम भाजपा जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल एवम समस्त कार्यकर्ताओं के साथ बाइक रैली में सम्मिलित हो कर चोपाल में जनता से बात कर बीजेपी के पक्ष में माहौल बना रहे है।




तिल्दा-नेवरा। बीरमित्रपूर विधानसभा के शक्तिकेंद्र पूर्णापाणि के कार्यकर्ताओं की बैठक में मंत्री टंकराम वर्मा ने उड़िसा प्रांत में बीजेपी की सरकार बनाने के लिये एवम् मोदी को तीसरे बार द्यश्चद्ब बनाने के लिये सभी कार्यकर्ताओ को बुथ स्तर पर केंद्र सरकार की योजना की जानकारी मतदाताओ को बताए और बीजेपी के पछ में आधिक से आधिक मतदान कराने की अपील की।

# 36 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 14 मई। पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार भाटापारा सदानंद कुमार द्वारा आपरेशन सृजन के तहत थाना क्षेत्र में अवैध नशे के कारोबार में लिप्त असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश सिंह ठाकुर, एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बलौदाबाजार निधी नाग के मार्गदर्शन में अवैध शराब बिक्री की सूचना पर कार्यवाही की जा रही है कि 12 मई को शाम 05:30 बजे मुखबिर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति ग्राम कुकुरदी प्लांट के बाहर कच्ची रोड सेम्हराडीह में भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब मोटरसायकल से लाकर बिक्री कर रहा है कि सूचना पर रेड कार्यवाही की गई जहां घटना स्थल कुकुरदी प्लांट के बाहर सेम्हराडीह जाने वाली कच्ची रोड में आरोपी रूपेंद्र जोशी पिता नरेन्द्र जोशी उम्र 26वर्ष साकिन रिसदा थाना सिटीकोतवाली बलौदाबाजार के कब्जे से अवैध रूप से हांथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब 240 नग प्लास्टिक के पॉलीथीन में बोरी में भरी हुई कुल 36 लीटर कीमती 7200रू एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटरसायकल क्रमांक छ्त्र 22 ड्ढ 2546 कीमती 20000 रू को जप्त कर आरोपी रूपेंद्र जोशी के विरूध्द अपराध क्रमांक 130/2024 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट पंजीबध्द कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड हेतु माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

प्रकरण के आरोपी के विरूध्द आबकारी एक्ट के तहत प्रभावी कार्यवाही करने में थाना सुहेला से निरीक्षक लखेश कंवट, प्रआर 954 संजय सोनी, आरक्षक 522 सुरेश वर्मा, 825 बालेश्वर राम भगत, आरक्षक 767 मुकेश वर्मा का विशेष योगदान रहा।

# कलेक्टर ने टॉपर छात्राओं को अपने आवास पर कराया भोज

## कैरियर को लेकर दिए जरूरी टिप्स

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 14 मई। कलेक्टर के. एल. चौहान ने 10वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले जिले की पांचों छात्राओं को भोज के लिए आमंत्रित किया। कलेक्टर के आमंत्रण पर रविवार को पांचों छात्राओं ने जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित कलेक्टर आवास भोज हेतु पहुंचीं। कलेक्टर चौहान ने इस दौरान छात्राओं को आगे की पढ़ाई एवं कैरियर के सम्बंध में महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए। गौरतलब है कि 10 वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा की प्रदेश स्तरीय प्रावीण्य सूची में जिले के 5 छात्राओं ने स्थान बनाया है जिसमें 10वीं में निधि साहु 5 वां, 12 वीं में कोपल अम्बष्ट दूसरा, प्रीति तीसरा, डॉली पटेल एवं अदिति साहु संयुक्त रूप से 6 वां स्थान शामिल हैं। कलेक्टर के. एल. चौहान ने विगत दिनों संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान इन सभी छात्राओ को अपने आवास में भोज के लिए आमंत्रित किया था।



# समर कैंप में बच्चों को दिया जा रहा गैजेट्स का ज्ञान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा-नेवरा, 14 मई। ब्रह्माकुमारीज़ तिल्दा द्वार चल रहा ग्रीष्म शिविर बच्चों को पता चला कि हमें टेक्नोलॉजी का रिमोट कंट्रोल नहीं बनना चाहिए। डिजिटल सावधानियों पर क्लास लेने के लिए विशेष पद्मावती मैडम जो सरकारी हायर सेकेंडरी स्कूल में लेक्चरर हैं आज बच्चों के बीच उपस्थित थी। उन्होंने रिमोट होने की बात कही बजाय हमको उसको इस्तेमाल करना चाहिए..मनुष्य ने कंप्यूटर और मोबाइल विकसित किया है इसलिए हम हमेशा उससे आगे हैं...हम उनके गुलाम नहीं है. बच्चों ने स्विकर किया कि इंटरनेट या मोबाइल का सिमित उपयोग ही हमारे लिए सुरक्षित है।

बच्चों को पता चला कि अगर कोई हमसे मोबाइल या टीवी का ज्यादा इस्तेमाल न करने के लिए कहे तो हमें उस पर गुस्सा नहीं करना चाहिए क्योंकि हमारे लिए मोबाइल से ज्यादा महत्वपूर्ण वह परिवार का व्यक्ति है।

चौथे दिन आयोजक टीम द्वारा एक और प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह टीम के एक सदस्य को कागज की पोशाक बनाने का था। कुल पाँच टीमें थीं और आवंटित समय 40 मिनट था . उन्होंने समाचार पत्र का का इस्तेमाल किया और कुछ 1 ने गुजराती बना लिया।




**Name Change**

This is to inform the general public that I, Gauri Chandra Kumar S/o Hemraj Gauri resident of Plat No. C/5 Shri Shyam Green Face 2 Junwani Bhilai Tehsil and District Durg (Chhattisgarh) do swear that I hold a passport valid till 18.11.1993. My name is registered as Gauri Chandra Kumar Gauri, but in government and semi-government records including Aadhar Card and PAN Card, my name is Gauri Chandra Kumar. Therefore, from today onwards I should be known as Gauri Chandra Kumar.

**Gauri Chandra Kumar**
**Junwani, Bhilai**
**District-Durg**



**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202405092200034**

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2023-2024
मेरेगांव प.ह.न. 00031 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-बलिराम,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बलिराम आ. सुखदेव राम नेताम जाति गोंड सा. मेरेगाँव तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के भाई अधारी राम नेताम आ. सुखदेव राम नेताम का मृत्यु दिनांक 03.09.2005 को स्थान मेरेगाँव में हुआ है के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 31.05.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/05/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़


हिंदू धर्म के पुर्नसंस्थापक आद्य शंकराचार्य भगवान की 2531वीं जयंती समारोह सम्पन्न

# शिवमंदिर में पूजा-अर्चना व रुद्राभिषेक कर मनाया गया प्राकट्य महोत्सव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 14 मई। आद्यगुरु शंकराचार्य महाभाग के 2531 वे प्राग्ट्य महोत्सव के अवसर पर मारवाड़ी कुंवा शिव मंदिर प्रांगण भाटापारा में रुद्राभिषेक पूजन आराधना का भव्य कार्यक्रम आनंद मय वातावरण में संपन्न हुआ।

इस पुनीत पर्व में श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए आचार्य पंडित झम्मन शास्त्री ने शंकराचार्य के जीवन वृतांत के संदर्भ में बताया आदि शंकर का आविर्भाव ऐसी विषम परिस्थिति में हुआ हिंदू धर्म को विच्छेद करने विदेशी षड्यंत्र द्वारा आक्रमण हो रहा था अनेकों पंथ कापालिक, बौद्ध, पाखंडवाद, नास्तिकवाद का तांडव नृत्य हो रहा था। मठ मंदिर तीर्थ धाम पूजा यज्ञ पाठ भजन कथा सत्संग लुप्तप्राय हो चुका था इस संकट काल में भगवान शिव केरल के काल्टी ग्राम में प्रकट होकर 8 वर्ष की आयु में सन्यास ग्रहण कर देश के कोने कोने में भ्रमण कर शास्त्रार्थ में सभी मत मतांतरों को पराजित कर राजा सुधनवा को अपने वश में करके धर्म नियंत्रित शासन तंत्र की स्थापना की। भगवान शंकराचार्य ने सनातन धर्म संस्कृति संरक्षण एवं राजतंत्र में दिशाहीनता ना हो इसलिए चार दिशाओं में चार मठों की स्थापना कर सनातन धर्म की ध्वजा को फहराया।

वह आज भी शाश्वत है पूरे हिंदुओं के आस्था के केंद्र हैं इस परंपरा में गोवर्धन मठ पुरी पीठ के 145 वें जगतगुरु शंकराचार्य महाभाग द्वारा राष्ट्र उत्कर्ष अभियान यात्रा के द्वारा भारत हिंदू राष्ट्र घोषित हो सुसंस्कृत, सुशिक्षित, सुरक्षित, संपन्न, सेवा पारायण, सर्वहित प्रद समाज की संरचना विकास तथा राजनीति की परिभाषा हो संगोष्ठी में संदेश प्रसारित करते हैं। आज की आवश्यकता है शंकराचार्य के जीवन दर्शन को पाठ्य पुस्तक में शिक्षा प्रणाली में निर्धारित हो जिससे अधिक से अधिक लोगों को युवा पीढ़ी को सनातन गुरु परंपरा शंकराचार्य परंपरा के प्रति आस्था बढ़े। इस अवसर पर वीरेंद्र शर्मा, प्रेम भूषाणियां, सत्यनारायण जोशी, दीपक मल, नरेश चौबे, राजेंद्र शर्मा, दीपक राय, बिहार जोशी, नरेश अग्रवाल, अनिल चांडक, घनश्याम पुरोहित, जितेंद्र कुमार, मोहन केशवानी, हरगोपाल शर्मा, प्रियेंद्र शर्मा, संजय अग्रवाल, संजय शर्मा, विजय शर्मा, गौरव बावला, नरेश शर्मा, महेश गुप्ता, रवि गुप्ता, शिवांश बावला, मिलिंद जोशी, अंश शर्मा, बाबू निषाद, शिवम गुप्ता वासुदेव गुप्ता सुनील शर्मा रेनू त्रिवेदी सरिता शर्मा भावना शुक्ला रेखा शर्मा आदि बड़ी संख्या में उपस्थित हुए महा आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।




**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
क्रमांक 216/न.पा./रा.वि./ 2024-25
तिल्दा-नेवरा दिनांक 14/05/24

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रवि अग्रवाल पिता श्री अनिल अग्रवाल गांधी चौक वार्ड क्र. 12 तिल्दा नेवरा द्वारा भूमि/भवन का श्रीमती कचरा बाई पति स्व.श्री जग्गु सिंधी का नाम दर्ज हैं वार्ड क्र. 12 तिल्दा नेवरा निवासी द्वारा मकान मय मलमा बिक्रीइकरारनामा पश्चात् निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त भवन डिमांड क्र. 338/12 भूमि प्लाट नं..... शीट नं..... खसरा न..... का भाग रकबा 5700 वर्गफुट को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 14/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर — मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद तिल्दा- नेवरा



**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
क्रमांक 214/न.पा./रा.वि./ 2024-25
तिल्दा-नेवरा दिनांक 14/05/24

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राज ज्वेलर्स प्रो. श्री लक्ष्मीनारायण केशरवानी पिता स्व.श्री झब्बूलाल केशरवानी वार्ड क्र. 04 तिल्दा नेवरा द्वारा भूमि/भवन का श्रीमती सुशीला बाई दुबे पिता बचानू प्रसाद पति श्री रमेश दुबे का वार्ड क्र. 04 तिल्दा नेवरा निवासी का भूमि खरीदी एवं राजिस्ट्रीकरण पश्चात निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त भवन डिमांड क्र....... भूमि प्लाट नं. 36/1 शीट नं. 05 खसरा नं. 812/1 रकबा 992 वर्गफुट को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 14/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर — मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद तिल्दा- नेवरा

## एक नजर

### मौसम साफ, तापमान बढ़ेगा

**रायपुर, 14 मई(मुख्य नगर संवाददाता)।** मौसम विभाग के अनुसार द्रोणिका का असर समाप्त होने के बाद मौसम साफ हो गया है इसलिए यहां पर तापमान में निरंतर वृद्धि होने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. चंद्रा के अनुसार पिछले दिनों एक द्रोणिका तथा उत्तर से आ रही हवा के कारण तेज अंधड़ के साथ वर्षा हुई थी जिसका प्रभाव ग्रीष्मकालीन फसलों एवं फलों पर पड़ा है। राज्य में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य इससे प्रभावित हो रहाहै।

### युवक से मारपीट

**रायपुर, 14 मई ।** श्रीराम मैदान संतोषी नगर में उधार पैसे की लेन-देन को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी टीकम दास मानिकपुरी 32 वर्ष संतोषीनगर टिकरापारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी नवीन सोनी ने उधार पैसे के लेन देन को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### 5 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर, 14 मई ।** तेलीबांधा पुलिस ने सतनामीपारा सरकारी कुंआ के पास जुआ खेलते 5 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 7940 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सतनामीपारा सरकारी कुंआ के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी कौशल चंद्राकर 45 वर्ष सहित अन्य 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 7940 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सरेआम शराब पीते 15 पकड़ाए

**रायपुर, 14 मई ।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार आजाद चौक पुलिस ने आरकेसी के सामने जीई रोड में अवैध शराब पीते आरोपी मुकेश देवांगन 34 वर्ष व रिखीराम साहू 54 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी दीपेश कुमार पाठक 26 वर्ष व अशोक पालीवाल 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह कबीरनगर पुलिस ने आरोपी जागेश्वर ध्रुव 37 वर्ष व राघवेंद्र निषाद 37 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी हरेंद्र थापा 29 वर्ष व अजीत वर्मा 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह डीडीनगर पुलिस ने आरोपी टानिकराम नेताम 60 वर्ष एवं राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी सोहन यादव 43 वर्ष, विजय जोशी 34 वर्ष, रोशन यादव 23 वर्ष, रितेश कुमार खुटे 22 वर्ष व देवचरण साहू 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी दीपक देवांगन 39 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### अवैध शराब बेचते चार युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 14 मई ।** राजधानी पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर अवैध शराब बेचते 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 83 पाव देशी शराब, बाइक और बिक्री रकम 750 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार कबीरनगर पुलिस ने गोणपारा अटारी के पास आरोपी तुलाराम ध्रुव 39 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 20 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं उरला पुलिस ने सिंघानिया चौक के पास आरोपी वासुदेव साहू 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 22 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 200 रुपए जब्त किया है। इसी तरह मंदिरहसौद पुलिस ने ग्राम छतौना चौक के पास बाइक सवार आरोपी इंद्रजीत धृतलहरे 22 वर्ष के पास से 17 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 300 रुपए जब्त किया है। वहीं विधानसभा पुलिस ने आरोपी सहदेव सोनी 24 वर्ष के पास से 24 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 250 रुपए जब्त किया है।

### गांजा तस्करी करते बाइक सवार दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 14 मई ।** मंदिरहसौद रेलवे फाटक के पास पुलिस ने बाइक से गांजा तस्करी करते दो युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 21 किलो 716 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस के टीम ने मुखबिर की सूचना पर मंदिरहसौद रेलवे फाटक के पास बाइक सवार आरोपी अविनाश यादव 22 वर्ष व एक अन्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से बोरी में रखे 21 किलो 716 ग्राम गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 3,36,190 रुपए के आसपास बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# राज्य में अब बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की तैयारी

## डीजीपी के लिए पवनदेव, अरुण देव के साथ ही जीपी सिंह दावेदार

- **प्रमुख सचिव, सचिव स्तर के अधिकारियों के प्रभार बदले जाएंगे**

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 14 मई।** आचार संहिता समाप्त होने के तत्काल पश्चात छत्तीसगढ़ में बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की जाएगी। नए पुलिस महानिदेशक, प्रमुख सचिव एवं सचिवों के प्रभार बदले जाएंगे। कई जिलों के कलेक्टर एवं एसपी पर भी गाज गिरेगी।

देश में लोकसभा चुनाव सात चरणों में हो रहे हैं। 4 जून को मतों की गणना होगी। इसके तत्काल पश्चात आचार संहिता हटा ली जाएगी। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के पश्चात लोकसभा चुनाव हुए हैं। राज्य में नए पुलिस महानिदेशक की तलाश की जा रही है। भारत के गृह विभाग के बनाए गए नॉर्म्स के अनुसार इसके लिए दावेदार अधिकारी को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पद पर कार्य करने का अनुभव एवं सेवा अवधि प्रमुख है। वर्तमान में पवनदेव गौतम सबसे वरिष्ठ पुलिस अधिकारी हैं। वे पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन के चेयरमेन भी हैं। दूसरे दावेदार अरुण देव हैं। राज्य के मुख्यमंत्री अब इन दोनों में से एक को पुलिस महानिदेशक बनाने की अनुशंसा कर सकते हैं। फिलहाल अशोक जुनेजा का कार्यकाल बढ़ाया गया है। अब नए दावेदार के रूप में जीपी सिंह भी सामने आए हैं। वे कैट से अपना प्रकरण जीत गए हैं। चूंकि वे अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं इसलिए उनकी फाइल अब दिल्ली भेज दी गई है। वहां यदि अनुमोदन आ जाता है तो वे भी डीजीपी पद के दावेदार बन सकते हैं। ज्ञात रहे जीपी सिंह ईओडब्ल्यू के प्रभार पर थे। उनके विरुद्ध राजद्रोह सहित अनेक मामले कायम किए गए थे। उनकी सेवाएं भी समाप्त कर दी गई थी। लेकिन प्रशासनिक न्याय अभिकरण ने उनकी सेवाएं बहाल करने के निर्देश दिए हैं। अब मामला केंद्र सरकार में चला गया है।

सचिवों व प्रभारी सचिवों के प्रभार भी बदलेंगे

सत्ता परिवर्तन होने के पश्चात प्रमुख सचिव व सचिव स्तर के अधिकारियों के प्रभार नहीं बदले गए थे। अब जिन प्रमुख सचिवों के पास बड़े विभाग हैं उन्हें बदला जाएगा। मनोज पिंगुआ के पास गृह तथा अन्य विभाग है। उनसे वन विभाग वापस लिया जाएगा। आरसी प्रसन्ना जो कि उच्च शिक्षा विभाग देख रहे हैं उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। गृह विभाग में उपसचिव स्तर के अधिकारी बदले जाएंगे। शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल चुनाव जीतने के पश्चात सांसद बन जाएंगे। शिक्षा विभाग में उनके पसंदीदा अधिकारी सिद्धार्थ परदेशी कोमल एवं संचालक श्रीमती मिश्रा को भी हटाए जाने की चर्चा है। यहां पर एससीआरटीसी के डायरेक्टर आरसी चिंकारा को भी नई जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। दिल्ली से लौटने के बाद ऋचा शर्मा को स्वास्थ्य विभाग का प्रभार दिया जा सकता है। वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग में अलग-अलग पदों पर 6 आईएएस अधिकारी कार्यरत हैं। उद्योग विभाग में अनिल टूटेजा को हटाए जाने के बाद अब नए डायरेक्टर प्रसाद को भी हटाए जाने की चर्चा है। जीएडी सचिव कमलप्रीत सिंह पिछली सरकार में काफी उपेक्षित रहे हैं। उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। राज्य में संचालक स्तर के भी अधिकारियों को बदला जाएगा।


### बायोमेट्रिक सिस्टम से घबराए अधिकारी

इस समय बायोमेट्रिक सिस्टम शुरु किए जाने की चर्चा है। लेकिन इसका विरोध कतिपय आईएएस अधिकारी कर रहे हैं। बताया जाता है कि अधिकारी अपने घर से ही फाइल निपटाते हैं। ऐसे अधिकारी जो इसे पसंद नहीं करते वे इसका विरोध कर रहे हैं। वर्तमान में अधिकारियों पर इसे लगाए जाने का दबाव बना हुआ है।

### एसपी और कलेक्टर भी बदले जाएंगे

विधानसभा और लोकसभा चुनाव में जिन कलेक्टरों और एसपी ने अच्छा काम किया है उनको छोड़कर विवादास्पद अधिकारियों को हटाया जाएगा। रायपुर के डीआईजी एवं एसपी के बीच विवाद चल रहा है। इनमें से किसी एक को हटा दिया जाएगा। इसके अलावा रायगढ़, कोरबा, दुर्ग के भी कलेक्टरों को बदले जाने की चर्चा है। नए जिलों के कलेक्टर जिनमें मनेन्द्रगढ़ राहुल वेंकट हैं वे अपनी नई पदस्थापना चाहते हैं। बिलासपुर में संभाग आयुक्त का पद रिक्त है। रायपुर संभाग आयुक्त अगले महीने रिटायर हो रहे हैं इसलिए रायपुर-बिलासपुर में संभाग आयुक्तों की पदस्थापना की जाएगी।

# गोदोहासन में सवा लाख नवकार जाप



**रायपुर 14 मई।** जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा महावीर स्वामी के कैवल्य कल्याण दिवस निमित्त सवा लाख नवकार जाप का अनुष्ठान रखा गया है । 18 मई को भगवान महावीर स्वामी का केवल ज्ञान प्राप्ति का दिन है । साढ़े बारह वर्ष की कठोर साधना के पश्चात गोदोहासन में काउसग्ग करते हुए महावीर स्वामी को शाल वृक्ष के नीचे ऋजुबालिका नदी के तट पर सम्पूर्ण ज्ञान की प्राप्ति हुई थी । जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बताया कि कैवल्य कल्याणक दिवस पर सम्पूर्ण ज्ञान के प्रकाश में सकल जैन समाज छत्तीसगढ़ की सुख समृद्धि व भाईचारे हेतु सवा लाख नवकार महामन्त्र की आराधना करेगा । महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने आगे बताया कि ज्ञान के प्रकाश प्रतिरूप शुद्ध घी के दीपक या चिराग प्रज्वलित कर जैन भाई बहनें जिनालय , धार्मिक भवनों अथवा घर पर 12 नवकार का जाप कर देश में भाईचारे , सौहाद्र व छत्तीसगढ़ की सुखसमृद्धि हेतु प्रार्थना करेंगे । जाप प्रातः 7 से रात्रि 7 बजे के मध्य किया जावेगा । चन्द्रेश शाह व महावीर कोचर ने कहा कि इस आयोजन की विशेषता है कि भगवान महावीर स्वामी को जिस गोदोहासन मुद्रा में केवल ज्ञान की प्राप्ति हुई थी सकल जैन समाज उसी गोदोहासन मुद्रा में घर घर 12 नवकार महामन्त्र का जाप करेंगे गोदोहासन में जाप की फ़ोटो , वीडियो कार्यक्रम संयोजक महावीर कोचर 8889063888 व मंजू टाटिया 9827464648 , मंजू कोठारी 94063 16281 , मयूरी गोलछा 88178 10952 के मोबाईल नम्बर पर व्हाट्सएप करें । महेन्द्र कोचर ने बताया कि इसका प्रचार छत्तीसगढ़ सहित पूरे भारत के जैन समाज में किया जावेगा ।

# छग में चुनाव सम्पन्न, शिकायतें जारी

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 14 मई।** छग में लोकसभा चुनाव हो गया है लेकिन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में शिकायतों का दौर खत्म नहीं हुआ है। वर्तमान में शासकीय कर्मियों के विरुद्ध शिकायत आने का सिलसिला चल रहा है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार लोकसभा चुनाव सात चरणों में हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में चुनाव सम्पन्न हो चुके हैं। अब मतगणना की तैयारी चल रही है। अनेक जिलों में इसका प्रशिक्षण शुरु होने वाला है। राज्य में तीसरे चरण में ही चुनाव सम्पन्न हो गया है। लेकिन शिकायतकर्ताओं द्वारा शिकायतों का दौर जारी है। इनमें सर्वाधिक शिकायतें शासकीय कर्मचारियों की आ रही है। सीईओ कार्यालय के अनुसार इनमें से कई शिकायतें फर्जी होती है। यदि इसकी जानकारी मिल जाएगी तो शिकायतकर्ताओं के विरुद्ध एफआईआर करने की तैयारी चल रही है। सीईओ कार्यालय में शिकायतों का निराकरण करने के लिए उच्च स्तरीय समिति बनाई है। जो कि शिकायतों का निराकरण कर रही है। गृह विभाग के अलावा अन्य विभागों में भी ऐसे अधिकारियों को हटा दिया है जो कि तीन वर्ष से अधिक समय से जमे हुए हैं। लेकिन कई कार्यालयों में कर्मचारियों का टोटा है। इन विभागों में आवश्यक कार्य किए जाते हैं। ऐसे में कई निर्दोष अधिकारी-कर्मचारी फर्जी शिकायत का शिकार हो रहे हैं।

सीईओ कार्यालय के अनुसार पूर्व में अनुमोदित विकास एवं निर्माण कार्य को रोका नहीं जा रहा है। गृह मंडल एवं आरडीए ने भी खाली फ्लैट्स, मकान को बेचने के लिए अनुमति मांगी है। इसे सशर्त अनुमति दे दी गई है। आबकारी विभाग के अहातों का भी ठेका संबंधी फाइलों का अनुमोदन कर दिया गया है। मुख्य चुनाव पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले सिर्फ आईएएस अधिकारियों की पदस्थापना का काम देख रहीं हैं। सीईओ कार्यालय ने चार जून को मतों की गणना के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। कार्यालय द्वारा प्रत्येक चक्र की गणना की जानकारी ली जाएगी।

### ड्रग्स के साथ युवती सहित पांच लोग हिरासत में, दिल्ली से लाकर कर रहे थे सप्लाई

**रायपुर 14 मई।** रायपुर की एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम ने शहर में ड्रग्स की सप्लाई करने वाले पांच तस्करों को पकड़ा है। इसमें एक युवती के साथ चार अन्य युवकों को हिरासत में लिया गया है। दिल्ली से ड्रग्स लेकर रायपुर पहुंचे थे और यहां सप्लाई कर रहे थे। इसमें एक आरक्षक का नाम भी सामने आया है। हालांकि उसकी संलिप्तता की पुलिस जांच कर रही है। इस मामले में पुलिस आज राजफाश करेगी। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ युवक और युवती ड्रग्स का सेवन कर रहे हैं। जिसके बाद पुलिस ने उनको दबोचा और पूछताछ में लिया। उसमें एक युवती भी शामिल थी। जिससे पूछताछ के आधार पर दिल्ली के चार युवकों को हिरासत में लिया गया है।

# चलती ट्रेन के वैगन से चुराया 2000 किलो कोयला, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर 14 मई।** चलती ट्रेन से कोयला उतारकर उसे बेचने के मामले में आरपीएफ ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है. बिलासपुर जोन के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बिलासपुर के आरपीएफ कमांडेंट दिनेश सिंह तोमर के नेतृत्व में अंबिकापुर आरपीएफ पोस्ट ने ये कार्रवाई की है. जिसमें 2000 किलो कोयला जब्त किया गया है, इस मामले में कोयला ट्रेन से उतारकर बेचने वाले आरोपियों के साथ खरीदने वाला रिसीवर भी गिरफ्तार कर लिया गया है.

चंद दिनों पहले ही कुशिया नाला बतरा के पास से चलती ट्रेन से कोयला उतारने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई हो चुकी है. उक्त कार्रवाई में तीन लड़के जूट की बोरी में कोयला भर रहे थे. आरपीएफ की पूछताछ में तीनों ने अपना नाम क्रमशः अजय सिंह, हेमराज राजवाड़े, दिनेश सिंह निवासी- ग्राम बतरा बताया. पूछताछ में तीनों ने बताया कि रात में वे 1:30 बजे भटगांव साईडिंग से कोयला लोड गाड़ी गाडर पुल बतरा से होकर धीरे-धीरे जा रही थी, तब हम तीनों गाड़ी पर चढ़ गए व कोयला नीचे गिराया कोयला गिराने के बाद 6 जूट की बोरी में कोयला को भरकर धरती पारा बतरा में स्थित ईंट भट्टे का मालिक शनिदेव राजवाड़े को ?200 बोरी के हिसाब से बेच दिया.

पुनः बाईक लेकर बचे हुए कोयले को लेने के लिए आए एवं तीन जूट की बोरी में भर रहे थे,कि पकड़े गए. उप निरीक्षक एसके केवट के द्वारा तीन बोरी कोयला वजन 150 किलोग्राम एवं बाईक को जप्त किया गया. तीनों आरोपियों की निशानदेही पर शनिदेव रजवाड़े के ईंट भट्टे पर गए एवं भट्टे पर मौजूद व्यक्ति से पूछताछ करने पर वह अपना नाम शनिदेव राजवाड़े बताया एवं तीनो आरोपियों की शिनाख्त् उपरांत शनिदेव राजवाड़े अपनी गलती स्वीकार कर बताया कि ईंट पकाने के लिए आज सुबह 6 बोरी कोयला 1200 रुपए में खरीदा था और कोयला लेकर आना खरीद लूंगा बोला था. तब मौके पर 6 बोरी कोयला वजन लगभग 300 किलोग्राम जब्त कर कार्रवाई की गई. तीनों आरोपियों एवं एक रिसीवर को रेल अधिनियम की धारा एक्ट में गिरफ्तार किया गया था.

# गोस्वामी समाज ने किया भगवान जगतगुरु शंकराचार्य जयंती उत्सव का आयोजन

**रायपुर 14 मई।** छत्तीसगढ़ सनातन दसनाम गोस्वामी समाज छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में शहीद स्मारक भवन में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि माननीय श्री विजय शर्मा जी,उप मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, माननीय श्री अरूण साव जी,उप मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, माननीय श्री मोतीलाल साहू जी, विधायक ग्रामीण रायपुर, महामंडलेश्वर, पिठाधिश्वर दुधाधारी मठ, महंत श्री डॉ रामसुंदर दास जी महाराज, माननीय डॉ श्री महेश गिरी जी महाराज, अखिल भारतीय गोस्वामी समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष दिल्ली, माननीय श्री महंत श्री सच्चिदानंद गिरी जी महाराज, राष्ट्रीय अध्यक्ष गोस्वामी महासभा दिल्ली, एवं कार्यक्रम के आयोजक छत्तीसगढ़ के समस्त महंत गण, संस्थापक सदस्य, संरक्षक गण, प्रांतीय कार्यकारिणी, छत्तीसगढ़ के समस्त जिला अध्यक्ष एवं रायपुर जिला अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारियों जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने निरंतर प्रयास किया । समस्त जिलों से तन मन धन से कार्यक्रम को सफल बनाने एवं एकता परिचय दिया ।



समाज के समस्त भाईयों, बहनों, माताओं,युवा साथियों एवं प्यारे बच्चों आप सभी के सहयोग एवं योगदान से कार्यक्रम सफल हुआ,आप सभी का कार्य सराहनीय रहा, अपेक्षा करते हैं,इसी प्रकार का योगदान दान मिलता रहे। आप लोगों का छत्तीसगढ़ सनातन दसनाम गोस्वामी समाज एवं जिला शाखा रायपुर आपके सहयोग का आकांक्षी रहेगा एवं अभार व्यक्त करते हैं। भूल वश आयोजन समिति के द्वारा कोई त्रुटी हुई हो, तो खेद व्यक्त करते हैं। आशा रखते हैं अगामी कार्यक्रम में इसी प्रकार सहयोग मिलता रहे।

### लोकसभा चुनाव 2024 के बीच छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मचारियों को मिली बड़ी सौगात

**रायपुर 14 मई।** लोकसभा चुनाव 2024 के बीच छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मचारियों को बड़ी सौगात मिली है। दरअसल कर्मचारियों के यात्रा भत्ता और दैनिक भत्तों की दारों में संशोधन किया गया है। इस संबंध में वित्त विभाग की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। यहा आदेश मंत्रालय महानदी भवन के वित्त विभाग से जारी किया गया है। वित्त विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार अब लोक वाहन या सड़क यात्रा में श्रेणी ए, बी और सी के सरकारी कर्मचारी को वातानुकूलित बस से यात्रा की पात्रता होगी। जबकि तो वहीं श्रेणी डी के सरकारी कर्मचारियों को गैर वातानुकूलित डीलक्स बस और वीडियो कोच से यात्रा की पात्रता होगी। इसके साथ ही हवाई यात्रा के लिए एच.ए.जी वेतनमान प्राप्त करने वाले अधिकारी देश के अंदर एक्सीक्यूटिव क्लास से यात्रा के पात्र होंगे। वेतन लेवल-14 (ग्रेड पे 7600) या इससे अधिक वेतन प्राप्त करने वाले अधिकारी देश के अंदर इकोनॉमी क्लास से यात्रा के पात्र होंगे। बता दें कि ए और बी श्रेणी के कर्मचारी अगर खुद की कार से सफर करते हैं, तो प्रति किलोमीटर की दर से 12 रुपए मिलेंगे। वहीं इसमें एसी टैक्सी भी शामिल है, जिसके लिए 14 रुपए प्रति किलोमीटर मिलेंगे। हालांकि टैक्सी की पात्रता तब होगी जब वास्तव में टैक्सी से यात्रा की गई हो और इसकी रसीद हो। वहीं श्रेणी सी के लिए खुद की कार से 12 रुपए प्रति किलोमीटर की पात्रता होगी।

### ट्रांसफॉर्मेटिव सेल्स मॉडल का अनावरण

**रायपुर 14 मई।** बायजूस के फाउंडर बायजू रवीन्द्रन ने 1500 से अधिक सेल्स सहयोगियों और मैनेजर्स के साथ एक मीटिंग में कंपनी की सेल्स रणनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव की जानकारी दी। यह बदलाव सस्टेनेबल और स्केलेबल मॉडल पर जोर देता है, जो कंपनी के सेल्स वर्कफोर्स को मजबूत बनाने के साथ-साथ क्वालिटी एजुकेशन को पहले से कहीं अधिक आसान बनाने पर केंद्रित है। बायजूस ने अपने सेल्स मॉडल को पुश-आधारित से पुल-आधारित मॉडल में बदल दिया है। यह मॉडल चूकने के डर के बजाय सीखने के प्यार पर आधारित है। अब मैनेजर्स सेल्स टीम के साथ एक कोच की तरह व्यवहार करेंगे, जो उन्हें अधिक सहायता करने और मजबूत बनाने पर ध्यान देंगे न कि कॉल कोटा को सख्ती से लागू कराने पर केंद्रित होंगे।

**आवश्यकता है**

शिव धाम (अघोरेश्वर महादेव मंदिर) तुलसी (पाटन) में एक ऐसे परिवार, जो साफ-सफाई, रख-रखाव, भोजन व्यवस्था कर सके, की आवश्यकता है। राशन मंदिर समिति की ओर दिया जाता है। मासिक पारिश्रमिक 10000 रुपए।

संपर्क करें -98261 74789

# जन्मोत्सव पर भगवान परशुराम की 1100 दीपों से महाआरती

**रायपुर 14 मई।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद द्वारा भगवान श्री परशुराम के जन्मोत्सव पर 11 सौ दीपों से महाआरती, भजन एवं भोजन प्रसादी कार्यक्रम अम्बा देवी मंदिर परिसर, सत्तीबाजार में सम्पन्न हुआ. प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा एवम् कार्यक्रम संयोजक नितिन कुमार झा ने बताया कि भगवान श्री परशुराम जी की महाआरती राजेश्री महंत डॉ. रामसुंदरदासजी एवं जगद्गुरु आदिशंकराचार्य जी के प्रांत प्रमुख ब्रह्मचारी डॉ. इन्दुभवानन्द जी महाराजश्री की अगुवाई में की गई. इस भव्य आयोजन में श्रीमती अनिता शर्मा - पूर्व विधायक, श्री ज्ञानेश शर्मा - एमआईसी सदस्य, श्रीमती दीप्ति - प्रमोद दुबे - वरिष्ठ समाजसेविका सहित विप्र समाज प्रमुख विशेष रुप से उपस्थित रहे. अतिथियों ने अपने उदबोधन में भगवान श्री विष्णु नारायण जी के षष्ठम अवतार भगवान श्री परशुराम जी के शौर्य, माता-पिता, गुरु के प्रति उनकी निष्ठा, प्रेम, स्नेह से सभी को अवगत कराया. कार्यक्रम में श्रीमती सुमन मिश्रा ग्रुप सहित अन्य मंडलियों ने सुमधुर संगीतमय भजनों की प्रस्तुति दी. संगठन ने इन्हें सम्मान पत्र से सम्मानित किया. विप्र समाजसेवा के क्षेत्र में



उल्लेखनीय कार्य करने के लिए दशरथ प्रसाद शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष, सरयूपारिण ब्राह्मण सभा, डॉ. सुरेश शुक्ला, अध्यक्ष, सरयूपारिण ब्राह्मण सभा, मित्रेश दुबे, सरयूपारिण ब्राह्मण सभा, विजय शंकर पाण्डेय, सरयूपारिण ब्राह्मण सभा, विनय तिवारी, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ी केन्द्रीय समिति, प्रहलाद मिश्रा, अध्यक्ष, गौड़ ब्राह्मण समाज, दिनेश शुक्ला, अध्यक्ष, विप्र वाहिनी ब्राह्मण संघ, सनत कुमार शर्मा, अध्यक्ष, मां भारती ब्राह्मण संघ, आलोक तिवारी, अध्यक्ष, विप्रजन कल्याण समिति, चन्द्र प्रकाश व्यास, अध्यक्ष, पुष्टिकर ब्राह्मण समाज, योगेश तिवारी, अध्यक्ष, अखण्ड ब्राह्मण सेवा समिति आदि को शॉल व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### सूने मकान से लाखों रुपए के जेवर पार

**रायपुर, 14 मई।** झंडा चौक संजयनगर स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी डोमेन्द्र कुमार सिन्हा 30 वर्ष झंडा चौक संजयनगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के सूने मकान का ताला तोड़कर कमरे के अंदर प्रवेश कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। चोरी गए जेवर की कीमत करीब ढाई लाख के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 454, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26